- खुले बाजार की क्रियाओं के अन्तर्गत देश का केन्द्रीय बैंक मान्यता प्राप्त सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय–विक्रय खुले बाजार में करता है।
- नरसिंहम समिति ने अपनी सिफारिशों में सांविधिक तरलता अनुपात का उस समय के 38.5 प्रतिशत से धीरे–धीरे घटाकर अगले पाँच वर्षों में 25 प्रतिशत तक लाने की संस्तुति की थी।
- नरसिंहम समिति की सिफारिशों में देश में बैंकों का ढाँचा चार स्तरीय करने, निजी क्षेत्र में नए बैंक खोलने की अनुमति देने, बैंकों को शाखा विस्तार में स्वतन्त्रता देने, भविश्य में और बैंकों का राष्ट्रीयकरण न करने, रियायती ब्याज दरों की व्यवस्था समाप्त करने आदि की सिफारिशें शामिल थीं।
- बैंकों में ग्राहक सेवा सुधारने हेतु सुझाव देने के लिए गोइपोरिया समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट 5 दिसम्बर, 1991 को सरकार को प्रस्तुत कर दी थी।
- शेयर घोटाले की जाँच हेतु रिजर्व बैंक द्वारा अप्रैल 1992 में जानकीरमन समिति का गठन किया था।
- निवेशकों के हितों की सुरक्षा व पूँजी बाजार के समुचित विनियमन के उद्देश्य से भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India–SEBI) की स्थापना अप्रैल, 1988 में की गई थी। 30 जनवरी, 1992 को राष्ट्रपति के एक अध्यादेश द्वारा इसे वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
- 1970–71 से भारत में मुद्रा आपूर्ति की माप के लिए M_1, M_2, M_3 तथा M_4 का प्रयोग किया जाता है।
- M_1 के अन्तर्गत लोगों के पास नकद मुद्रा, बैंकों के पास माँग जमाएं तथारिजर्व बैंक के पास अन्य जमाएं शामिल की जाती हैं।
- M_2 की गणना के लिए M_1 में डाकघरों के पास बचत बैंक में जमाएं (Saving Deposits with the Post Offices) जोड़ी जाती है।
- M_3 ज्ञात करने के लिए M_1 में बैंकों की सावधि जमाएं (Time Deposits with Banks) जोड़ दी जाती है।
- M_4 मुद्रा आपूर्ति का सबसे विस्तृत माप है। इसमें M_3 के साथ–साथ डाकघरों की समस्त जमाएं सम्मिलित होती हैं।
- सरकारी प्रतिभूतियों का द्वितीयक बाजार विकसित करने के उद्देश्य से मई 1994 में भारतीय प्रतिभूति व्यापार निगम (Securities Trading Corporation of India–STCI) का गठन किया गया।
- शेयर मूल्यों में होने वाले परिवर्तनों को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करने हेतु मुम्बई शेयर बाजार ने 27 मई, 1994 से दो नए शेयर मूलय सूचकांक बी.एस.ई.–200 तथा डॉलेक्स (Dollex) चालू किए थे। BSE–200 का ही डॉलर मूल्य में अन्य सूचकांक डॉलेक्स कहलाता है। इन सूचकांकों का आधार वर्ष 1989–90 है। BSE–200 में 200 चुनींदा कम्पनियों के शेयरों का समावेश किया गया है।
- ओवर दी काउण्टर एक्सचेन्ज ऑफ इण्डिया (OTCEI) ने अनेक सूचीबद्ध शेयरों एवं ऋणपत्रों के साथ मई 1993 से कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। यह मुम्बई में स्थित हैं
- दिल्ली स्टॉक एक्सचेंज (DSE) ने ऑनलाइन ट्रेडिंग (DOTs) के बाद एक अत्याधुनिक बैंक ऑफिस ट्रेडिंग सिस्टम प्रारम्भ किया है, जिसकी सहायता से अब शेयर दलालों को स्टॉक एक्सचेंज स्थित अपने कार्यालय से ही कारोबार करना आवश्यक नहीं है। शेयर दलाल अपने घरों से या अपने कार्यालयों से ही कम्प्यूटरीकृत V–SAT नेटवर्क की सहायता से शेयरों का क्रय–विक्रय कर सकते हैं।
- राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज ने अप्रैल 1996 में NSE–100 के स्थान पर नया शेयर मूल्य सूचकांक NSE–50 लाँच किया था। इसमें 50 कम्पनियों के शयर ही सम्मिलित किए गए हैं।
- क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी 'क्रिसिल' (CRISIL) द्वारा 500 चुनींदा कम्पनियों के शेयर मूल्यों पर आधारित एक शेयर मूल्य सूचकांक (CRISIL - 500) की शुरूआत 18 जनवरी, 1996 से की गई है। इसका आधार वर्ष 1994 है।
- 10 मार्च, 2012 से CRR को 4.75% कर दिया गया है।
- 17 अप्रैल, 2012 से रेपो दर को 8.0% कर दिया गया है। (रेपो दर वह दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक RBI से अल्पकालीन राशियाँ प्राप्त करते हैं, जबकि रिवर्स रेपो रेट वह दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी फालतू, तरलता अल्पकाल के लिए रिजर्व बैंक के पास जमा रखते हैं)
- 17 अप्रैल, 2012 से रिवर्स रेपो दर को 7.0% कर दिया गया है।
- मार्च 2008 के अन्त में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों की सकल गैर–निष्पादन परिसम्पत्तियाँ (NPA) 62510 करोड़ रुपए थीं, जबकि शुद्ध गैर–निष्पादन परिसम्पत्तियाँ 34420 करोड़ रुपए थीं।
- विदेशी मुद्रा के वायदा कारोबार के लिए यूनाइटेड स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लि. (USEIL) नाम से चौथा बाजार की अनुमति सेबी ने फरवरी, 2009 में प्रदान कर दी गई व इससे पहले कार्यरत् तीन स्टॉक एक्सचेंज हैं–राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (NSE), बम्बई स्टॉक एक्सचेंज (BSE) तथा मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज के स्टॉक एक्सचेंज (MCX-SX)

जनसंख्या

- 2011 की जनगणना के आँकड़ों के अनुसार 1 मार्च, 2011 को सूर्योदय के समय भारत की कुल जनसंख्या 121.02 करोड़ थी।
- उक्त जनसंख्या में पुरुष जनसंख्या 62.37 करोड़ तथा स्त्री जनसंख्या 58.65 करोड़ थी।
- 2001 की जनसंख्या की तुलना में 2011 में जनसंख्या में कुल 18.15 करोड़ व्यक्तियों की वृद्धि हुई। इस प्रकार 2001–2011 के दशक में जनसंख्या में 17.64 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- राज्यों में सर्वाधिक दशक वृद्धि दर मेघालय में (27.82 प्रतिशत) रही, जबकि न्यूनतम नगालैण्ड में (–0.47 प्रतिशत) रही।
- 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में स्त्री–पुरुष अनुपात 940 महिलाएं प्रति हजार पुरुष रहा। राज्यों में प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की सर्वाधिक संख्या केरल में (1084 महिलाएं प्रति हजार पुरुष) तथा सबसे कम हरियाणा में (877 महिलाएं प्रति हजार पुरुष) रही।
- 2011 की जनगणना के अनुसार देश में जनसंख्या का घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था।
- राज्यों में सर्वाधिक घनत्व बिहार में (1102 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.) तथा सबसे कम अरुणाचल प्रदेश में (17 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.) रहा।
- केन्द्रशासित क्षेत्रों में सर्वाधिक घनत्व दिल्ली में (11297 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.) तथा सबसे कम अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में (46 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी.) था।
- सर्वाधिक साक्षरता केरल में (93.91 प्रतिशत) तथा सबसे कम बिहार में (63.82 प्रतिशत) पाई गई।
- महिलाओं में सर्वाधिक साक्षरता केरल में (91.98 प्रतिशत) तथा सबसे कम राजस्थान में (52.66 प्रतिशत) पाई गई।
- देश में अब तक पूर्ण साक्षर घोषित किया जाने वाला एकमात्र राज्य केरल है।
- 2001 की जनगणना के अनुसार देश में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 16.66 करोड़ (कुल जनसंख्या का 16.2 प्रतिशत) तथा अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 8.43 करोड़ (कुल जनसंख्या का 8.2 प्रतिशत) थी।
- भारत में पहली बार जनगणना का कार्य 1872 में हुआ था, किन्तु वह जनगणना नियमित नहीं थी। 10 वर्षीय अन्तराल वाली पहली नियमित व अखिल भारतीय जनगणना 1881 में सम्पन्न हुई। तब से प्रति दस वर्ष बाद जनगणना की जाती है।
- 25 सितम्बर, 2002 को हरियाणा सरकार ने 'देवीरूपक योजना' प्रारम्भ की। इस योजना का उद्देश्य राज्य में जनसंख्या नियंत्रण के साथ–साथ लिंगानुपात (Sex Ratio) में आ रही गिरावट को रोकना है।

  प्रमुख बिन्दु :

  (i) 1991–2001 में हिन्दू जनसंख्या वृद्धि 20% जबकि सर्वाधिक वृद्धि मुस्लिम वर्ग में 29.3%

  (ii) सर्वाधिक साक्षरता जैन समुदाय 94.1% न्यूनतम साक्षरता मुस्लिम समुदाय 59.1%

  (iii) सर्वाधिक महिला साक्षरता जैन समुदाय 90.6% न्यूनतम महिला साक्षरता मुस्लिम समुदाय 50.1%

  (iv) सर्वाधिक लिंगानुपात ईसाई समुदाय 1009 महिला प्रति 1000 पुरुष

  न्यूनतम लिंगानुपात सिख समुदाय 893 महिला प्रति 1000 पुरुष
- संयुक्त राष्ट्र संघ के जनसंख्या प्रभाग की एक ताजा रिपोर्ट 'रिवीजन ऑफ द वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रोसपेक्टस' के अनुसार विश्व की कुल जनसंख्या वर्ष 2009 तक 6.83 अरब थी, 31 अक्टूबर, 2011 को यह 7 अरब के आँकड़े को पार कर गई थी। सन् 2050 तक विश्व जनसंख्या 9.18 अरब हो जाएगी। इसी अवधि में जहाँ विकसित देशों की जनसंख्या 1.28 अरब के स्तर पर ही बने रहने का आकलन है। वहीं विकासशील देशों में जनसंख्या का वर्तमान स्तर 5.6 अरब से बढ़कर 7.9 अरब तक पहुँचने का अनुमान है।

विविध

- केन्द्र सरकार की गुड़गाँव के निकट एक **सैटेलाइट फ्रेट सिटी** (Satellite Freight City) विकसित करने की योजना है। इससे फूलों, सब्जियों जैसी शीघ्र नष्ट होने वाली वस्तुओं (Perishable Goods) के त्वरित निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके लिए चोमा गाँ में लगभग 250 एकड़ भूमि का अधिग्रहण भी किया जा चुका है।
- सब्जियों के उत्पादन में भारत का विश्व में पहला स्थान है।
- आम और केले के उत्पादन में भारत का विश्व में पहला स्थान है।
- भारत में मनीऑर्डर प्रणाली की शुरूआत सर्वप्रथम 1880 ई. में हुई थी।
- भारत में पहला डाक टिकट 1854 ई. में कराची में जारी किया गया।
- भारत में डाकघर बचत बैंक 1882 ई. में प्रारम्भ की गई।
- भारत का प्रथम पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत (Fully Computerised) डाकघर नई दिल्ली में स्थापित किया गया। इसका उद्घाटन 10 अक्टूबर, 1994 को किया गया था।
- सरकार ने डॉ. आर. एन. मलहोत्रा की अध्यक्षता में बीमा क्षेत्र में सुधार हेतु सिफारिश देने के लिए एक समिति का गठन किया था समिति ने अपनी रिपोर्ट 7 जनवरी, 1994 को प्रस्तुत कर दी थी।
- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना 27 दिसम्बर, 1945 को की गई थी, किन्तु इसने वास्तविक रूप में कार्य 1 मार्च, 1947 से प्रारम्भ किया था।
- भारत IMF का एक संस्थापक सदस्य है। भारत का वित्त मन्त्री IMF के गवर्नर मण्डल का पदेन (Ex-Officio) गवर्नर होता है।

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475
{जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}
THE INSTITUTE

History of Census

सर्वप्रथम जनगणना–1749 में स्वीडन द्वारा कराया गया था। ब्रिटिश भारत में पहली जनगणना 1872 में लार्ड मेयो के कार्यकाल में हुई थी। 1881 ई. में लार्ड रिपन के समय से प्रत्येक दस वर्ष के अन्तराल पर जनसंख्या का क्रमवार आकलन प्रारम्भ हुआ, जो आज भी जारी है।

भारत का क्षेत्रफल विश्व के क्षेत्रफल का मात्र 2.4 प्रतिशत है, जबकि भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5 प्रतिशत है।

वर्ष	जनसंख्या (करोड़ में)	दशाब्दी अन्तर (करोड़ में)	प्रतिदशक वृद्धिदर (%)	औसत वार्षिक घातांक वृद्धिदर (%)
1901	23.83	–	–	–
1911	25.20	1.36	+5.75	0.56
1921	25.13	0.07	–0.31	–0.03
1931	27.89	2.76	+11.00	1.04
1941	31.86	3.96	+14.22	1.33
1951	36.10	4.24	+13.31	1.25
1961	43.92	7.81	+21.64	1.96
1971	54.81	10.89	+24.80	2.20
1981	68.33	13.51	+24.66	2.22
1991	84.64	16.30	+23.87	2.16
2001	102.87	18.23	+21.54	1.97
2011 (अनन्तिम)	121.01	18.14	+17.64	1.64

भारत मूलतः गावों का देश है। इस देश में कुल 6.41 लाख ग्राम हैं, जहाँ देश की 68.84 प्रतिशत (2011) जनसंख्या निवास करती है।

भारत की जनसंख्या में सर्वाधिक वृद्धि 1961–71 के दशक में 24.80% हुई थी। सर्वाधिक तथा न्यूनतम दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर क्रमशः दादर एवं नागर हवेली (55.5%) और नागालैण्ड (–) 0.47% का रहा। ध्यातव्य है कि 2001 के जनगणना में नागालैण्ड में दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक (64.53%) थी।

जनसंख्या वृद्धि दर वाले शीर्ष	
राज्य	वृद्धि दर (प्रतिशत में)
दादर और नगर हवेली	55.50
दमन दीव	53.54
पुदुचेरी	27.72

न्यूनतम दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाले राज्य	
राज्य	वृद्धि दर (प्रतिशत में)
नागालैण्ड	(–) 0.47
केरल	4.86
लक्षद्वीप	6.23

दशकीय जनसंख्या वृद्धि (2001–2011) के अनुसार राज्यों का क्रम	
राज्य	वृद्धि दर (प्रतिशत में)
मेघालय (राज्यों में प्रथम)	27.82
अरुणाचल प्रदेश	25.92
बिहार	25.07

जनगणना के महत्वपूर्ण आंकड़े		
	2001	2011
व्यक्ति (i) पुरुष (ii) महिलाएं	1,02,87,37,436 53,22,23,090 (51.73%) 49,65,14,346 (48.27%)	1,21,01,93,422 62,37,24,248 (51.53%) 49,65,14,346 (48.46%)
0–6 आयु जनसंख्या	–	13.16%
नगरीय प्रतिशत	27.81	31.16%
दशक में % वृद्धिदर	21.54	17.64
वार्षिक वृद्धि दर % में	1.97	1.64
लिंगानुपात	933 : 1000	940 : 1000
साक्षरता % (i) पुरुष साक्षरता % (ii) महिला साक्षरता %	64.8 75.26 53.67	74.04 82.14 65.46
जनघनत्व (व्यक्ति/वर्ग किमी.)	324	382

जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा राज्य **–सिक्किम**

जनसंख्या की दृष्टि से शीर्ष पाँच राज्य	
राज्य	जनसंख्या (करोड़ में)
उत्तर प्रदेश	19.958 (16.16%)
महाराष्ट्र	11.237 (9.42%)
बिहार	10.380 (8.07%)
पं. बंगाल	9.134 (7.79%)
आन्ध्र प्रदेश	8.466 (7.41%)

जनसंख्या की दृष्टि से शीर्ष तीन के. प्र. क्षेत्र	
राज्य	जनसंख्या (करोड़ में)
दिल्ली	16753235
पुदुचेरी	1244429
चण्डीगढ़	1054686

लिंगानुपात

(Sex Ratio – 2011)

जनसंख्या की लिंग संरचना को किसी अनुपात में व्यक्त करना, **लिंगानुपात** कहलाता है। भारत में यह अनुपात प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या के रूप में दर्शाते हैं।

भारत में लिंग संरचना			
वर्ष	**लिंगानुपात**	**वर्ष**	**लिंगानुपात**
1901	972	1961	941
1911	964	1971	930
1921	955	1981	934
1931	950	1991	927
1941	945	2001	933
1951	946	2011	940

शीर्ष तीन लिंगानुपात वाले राज्य	
राज्य	**लिंगानुपात**
केरल	1084
तमिलनाडु	995
आन्ध्रप्रदेश	992

न्यूनतम पाँच लिंगानुपात वाले राज्य	
राज्य	**लिंगानुपात**
हरियाणा	877
जम्मू कश्मीर	883
सिक्किम	889

शीर्ष तीन लिंगानुपात वाले केन्द्रशासित प्रदेश	
राज्य	**लिंगानुपात**
पुदुचेरी	1038
लक्षद्वीप	946
अंडमान	878

न्यूनतम तीन लिंगानुपात वाले केन्द्रशासित राज्य	
प्रदेश	**लिंगानुपात**
दमन एवं दीव	618
दादर एवं नगर हवेली	775
चण्डीगढ़	818
सर्वाधिक लिंगानुपात वाले 2 जिले	
माहे (पुदुचेरी)	1176
अल्मोड़ा (उत्तराखंड)	1142
न्यूनतम लिंगानुपात वाले 2 जिले	
दमन (दमन दीव)	533
लेह (लद्दाख) (जम्मू कश्मीर)	583

0–6 आयु वर्ग के शीर्ष लिंगानुपात वाले राज्य	
राज्य	**लिंगानुपात**
मिजोरम	971
0–6 आयु वर्ग में न्यूनतम लिंगानुपात वाले राज्य	
हरियाणा	830
0–6 आयु वर्ग में शीर्ष और न्यूनतम लिंगानुपात वाले केन्द्रशासित प्रदेश	
अण्डमान एवं निकोबार	966

लिंगानुपात : 1961 से 2011 तक कुल जनसंख्या और 0–6 आयु की जनसंख्या का तुलनात्मक आंकड़ा–

वर्ष	लिंगानुपात 0–6 आयु वर्ग में	कुल औसत लिंगानुपात
1961	976	941
1971	964	930
1981	962	934
1991	945	927
2001	927	933
2011	914	940

वर्ष 2011 में भारत में प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या जहाँ 940 थी वहीं चीन में यह अनुपात 926, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में 1025, इण्डोनेशिया में 988, ब्राजील में 1042, पाकिस्तान में 943, बांग्लादेश में 1167, रूस में 1055, जापान में 987 तथा नाइजीरिया में 978 है।

साक्षरता दर
(Literacy Rate)

साक्षरता को विकास एवं मानव जीवन की गुणवत्ता का सूचक माना जाता है।

साक्षरता की गणना के लिए 7 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग को सम्मिलित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति यदि वह पढ़लिख सकता है, तो वह साक्षर है।

भारत में साक्षरता – 2011		
साक्षरता	**जनसंख्या**	**प्रतिशत**
व्यक्ति	77,84,54,120	74.04
पुरुष	44,42,03,762	82.14
स्त्री	32,42,50,358	65.46

साक्षरता दर में प्रगति			
वर्ष	**व्यक्ति**	**पुरुष**	**स्त्री**
1951^{+}	18.33	27.16	8.86
1961^{+}	28.30	40.40	15.35
1971^{+}	34.45	45.96	21.97
1981^{0}	43.57	56.38	29.76
1991^{0}	52.21	64.13	39.29
2001^{0}	64.84	75.26	53.67
2011^{0}	74.04	82.14	65.46

संकेत : + साक्षरता का आधार 5 वर्ष से ऊपर के लोग
0 साक्षरता का आधार 7 वर्ष से ऊपर के लोग

शीर्ष तीन साक्षरता दर वाले राज्य	
राज्य	**प्रतिशत**
केरल	93.91
मिजोरम	91.58
त्रिपुरा	87.75
न्यूनतम तीन साक्षरता दर वाले राज्य	
बिहार	63.82
अरुणाचल प्रदेश	66.95
राजस्थान	67.06

AKASH INSTITUTE

शीर्ष तीन केन्द्रशासित साक्षरता वाले प्रदेश	
प्रदेश	**प्रतिशत**
लक्षद्वीप	92.91
दमन दीव	87.07
पुदुचेरी	86.55
न्यूनतम तीन साक्षरता दर वाले केन्द्रशासित प्रदेश	
दादरा एवं नगर हवेली	77.65
दमन एवं निकोबार द्वीप	86.27
दिल्ली	86.34

स्त्री साक्षरता वाले तीन शीर्ष राज्य	
राज्य	**प्रतिशत**
केरल	91.98
मिजोरम	289.40
त्रिपुरा	83.15
न्यूनतम स्त्री साक्षरता वाले तीन राज्य	
राजस्थान	52.66
बिहार	53.33
झारखण्ड	56.21

अवश्य याद करें

- किस दशक में निरक्षरों की संख्या में सर्वाधिक कमी हुई ?

  –1991–2001

- वर्तमान में (2011) भारत में कुल कितने लोग साक्षर हैं ?

  –77.84 करोड़

- साक्षर स्त्रियों की संख्या वर्तमान में (2011) कितनी है ?

  –32.42 करोड़

- 1951 तथा 2001 में स्त्री साक्षरता कितने प्रतिशत थी?

  –क्रमशः 8.86 एवं 53.67%

- सभी राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में तुलनात्मक दृष्टि से सबसे कम साक्षरता पायी जाती है ?

  –बिहार में (63.82.0%)

- 2011 स्त्री साक्षरता प्रतिशत कितना है ?

  –65.46

- किस राज्य एवं केन्द्रशासित प्रदेश में स्त्री साक्षरता सबसे कम पायी जाती है ?

  –राजस्थान (52.66%)

जनघनत्व
(Density)

प्रति वर्ग किमी. पर निवास करने वाली जनसंख्या को जनघनत्व कहते हैं।

जनसंख्या घनत्व का तात्पर्य जनसंख्या एवं धरातल के एक अनुपात से है।

जनगणना वर्ष	घनत्व (व्यक्ति/वर्ग किमी.)
1901	77
1911	82
1921	81
1931	90
1941	103
1951	117
1961	142
1971	177
1981	216
1991	267
2001	325
2011	382

शीर्ष तीन जनघनत्व वाले राज्य	
राज्य	**जनघनत्व/वर्ग किमी.**
बिहार	1102
पश्चिम बंगाल	1029
केरल	859
न्यूनतम तीन जनघनत्व वाले राज्य	
अरुणाचल प्रदेश	17
मिजोरम	52
सिक्किम	86

तीन शीर्ष जनघनत्व वाले केन्द्रशासित प्रदेश	
प्रदेश	**जनघनत्व/वर्ग किमी.**
दिल्ली	11297
चण्डीगढ़	9252
पुदुचेरी	2598
न्यूनतम तीन जनघनत्व वाले केन्द्रशासित क्षेत्र	
अंडमान एवं निकोबार	46
दादरा एवं नगर हवेली	698
दमन एवं दीव	2013

सर्वाधिक जनघनत्व वाले दो जिले		
जिले	**राज्य**	**जनघनत्व**
उ. पू. दिल्ली	दिल्ली	37,346
चेन्नई	तमिलनाडु	26,903

भारत में न्यूनतम एक व्यक्ति/वर्ग किमी. वाला जिला **दिबांग घाटी** (अरुणाचल प्रदेश), तथा 2 व्यक्ति/वर्ग किमी. वाला जिला **सम्बा** (जम्मू कश्मीर) है।

विकलांग जनसंख्या
(Disable Population)

2001 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या 1,02,87,37,436 का 2.1 प्रतिशत अर्थात् 2,19,06,769 व्यक्ति विकलांग हैं।

धर्माधारित जनगणना–2001
(Religion Based Census – 2001)

भारत वर्ष में 80.5% हिन्दू, मुस्लिम 13.4%, इसाई 2.33%, सिक्ख 1.84%, बौद्ध 0.8% तथा जैन 0.4% पाये जाते हैं।

धर्माधारित जनगणना – 2001

धर्म	कुल जनसंख्या (करोड़ में)	कुल जनसंख्या (प्रतिशत में)	साक्षरता % में	महिला साक्षरता % में	दशकीय वृद्धि % में		लिंगानुपात
					1981–91	1991–2001	
हिन्दू	82.75	80.5	65.1	53.2	25.1	20.0	931 : 1000
मुस्लिम	13.81	13.4	59.1	50.1	34.5	29.3	936 : 1000
ईसाई	2.40	2.33	80.3	76.2	21.5	22.1	1009 : 1000
सिख	1.92	1.84	69.4	63.1	24.3	16.9	893 : 1000
बौद्ध	0.79	0.8	72.7	61.7	35.3	32.2	953 : 1000
जैन	0.42	0.4	94.1	90.6	4.6	26.0	940 : 1000
अन्य	0.69	0.7	47.0	33.2	–	–	–

केन्द्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के सचिव प्रणव सेन ने पांचवी आर्थिक जनगणना (आर्थिक जनगणना 2005) के अंतिम आंकड़े 28 मई, 2008 को जारी किये।

आर्थिक जनगणना	वर्ष
पहली (सर्वप्रथम)	1977
दूसरी	1980
तीसरी	1990
चौथी	1998
पांचवीं	2005
छठवीं (जारी)	2011

जनगणना 2011 : ग्रामीण–शहरी जनसंख्या वितरण

देश की कुल 121 करोड़ जनसंख्या में 37.7 करोड़ शहरी क्षेत्रों में व शेष 83.3 करोड़ ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है।

जनसंख्या में शहरी जनसंख्यसा अब 31.16 प्रतिशत है, जबकि 68.84 प्रतिशत जनसंख्या ही अब गाँवों में निवास करती है।

2001–11 के दशक में देश में शहरी जनसंख्या में जहाँ 9.10 करोड़ की वृद्धि हुई है। वहीं ग्रामीण जनसंख्या में वृद्धि 9.05 करोड़ रही है। देश में ग्रामीण जनसंख्या में जहाँ 12.18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं शहरी जनसंख्या में वृद्धि 31.8 प्रतिशत रही है।

जनसंख्या (करोड़ में)	2001	2011	अन्तर
भारत	102.9	121.0	18.1
ग्रामीण	74.3 (72.19%)	83.3 (68.84%)	9.0
शहरी	28.6 (27.81%)	37.7 (31.16%)	9.1

सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या वाले 3 राज्य

राज्य	जनसंख्या (मिलियन में)
उत्तर प्रदेश	155.11 (18.62)
बिहार	92.08 (11.06)
पं. बंगाल	62.21 (97.5)

नोट : कोष्ठक में दिया आँकड़ा भारत के ग्रामीण जनसंख्या की तुलना में राज्य की प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या है।

सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशतता वाले 3 राज्य

राज्य	ग्रामीण जनसंख्या % में
हिमाचल प्रदेश	89.96
बिहार	88.70
असोम	85.92
ओड़िशा	83.32

सर्वाधिक शहरी जनसंख्या प्रतिशतता वाले 3 राज्य

राज्य	शहरी जनसंख्या % में
गोवा	62.17
मिजोरम	51.51
तमिलनाडु	48.45

सर्वाधिक शहरी जनसंख्या वाले 3 राज्य

राज्य	जनसंख्या (मिलियन में)
महाराष्ट्र	50.83 (13.48)
उत्तर प्रदेश	44.47 (11.79)
तमिलनाडु	34.95 (9.27)

शहरी जनसंख्या वाले न्यूनतम तीन राज्य

राज्य	जनसंख्या (मिलियन में)
सिक्किम	0.15
अरुणाचल प्रदेश	0.13 (0.1)
मिजोरम	0.56 (0.1)

नोट : कोष्ठक में देश की शहरी जनसंख्या का प्रतिशत है।

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475
{जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}

ग्रामीण जनसंख्या में सर्वाधिक वृद्धि दर वाला राज्य	
राज्य	वृद्धि दर % में
मेघालय	27.04
शहरी जनसंख्या में सर्वाधिक वृद्धि दर वाला राज्य	
सिक्किम	153.4

2011 में ग्रामीण एवं शहरी लिंगानुपात क्रमशः 947 एवं 926 है, जो 2001 के तुलना में क्रमशः एक एवं 26 अधिक है। यथा–

लिंगानुपात			
क्षेत्रक	**2001**	**2011**	**अन्तर**
भारत	933	940	(+) 7
ग्रामीण	946	947	(+) 1
शहरी	900	926	+ 26

0–6 आयु वर्ष का लिंगानुपात			
Overall	**2001**	**2011**	**अन्तर**
भारत	927	914	(–) 13
ग्रामीण	934	919	(–) 15
शहरी	906	902	(–) 4

नगरीय जनसंख्या के प्रतिशत में वृद्धि : 2011		
क्र.	**राज्य/केन्द्र क्रमशः**	**वृद्धि (प्रतिशत में)**
1.	दमन एवं दीव	38.91
2.	लक्षद्वीप	33.62
3.	दादरा और नगर हवेली	23.73
4.	केरल	21.76
5.	सिक्किम	13.9
6.	गोवा	12.41
7.	नगालैण्ड	11.74
8.	त्रिपुरा	9.12
9.	चंडीगढ़	7.48
10.	आन्ध्र प्रदेश	6.19
11.	हरियाणा	5.87
12.	गुजरात	5.22
13.	मणिपुर	5.1
14.	उत्तराखण्ड	4.88
15.	कर्नाटक	4.58
16.	तमिलनाडु	4.41
17.	रा.रा.क्षे. दिल्ली	4.32
18.	पं. बंगाल	3.92
19.	पंजाब	3.57
	भारत	**3.35**
20.	छत्तीसगढ़	3.15
21.	अण्डमान/निकोबार	3.04
22.	महाराष्ट्र	2.8
23.	जम्मू–कश्मीर	2.4
24.	अरुणाचल प्रदेश	1.92
25.	मिजोरम	1.88
26.	झारखण्ड	1.81
27.	पुडुचेरी	1.74
28.	ओडिशा	1.69
29.	राजस्थान	1.5
30.	उत्तर प्रदेश	1.5
31.	असम	1.18
32.	मध्य प्रदेश	1.17
33.	बिहार	0.84
34.	मेघालय	0.5
35.	हिमाचल प्रदेश	0.24

उत्तर प्रदेश जनगणना–2011
(Uttar Pradesh Census-2011)

प्रदेश की कुल जनसंख्या

2011 के जनगणना के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या 19,95,81477 है। विश्व के देशों के सन्दर्भ में चीन, भारत, अमेरिका और इण्डोनेशिया के बाद 5 वें स्थान पर है। भारत की कुल आबादी में से 16.49% उ.प्र. में रहती है, लेकिन प्रदेश का क्षेत्रफल देश कुल क्षेत्रफल का 7.33 प्रतिशत है। देश की कुल जनसंख्या में उ.प्र. की जनसंख्या का हिस्सा 6वाँ है।

आबादी के हिसाब से दो सबसे बड़े नगर	
लखनऊ	2815033
कानपुर	2769413
सर्वाधिक आबादी वाले 3 जिले	
इलाहाबाद	5959798
मुरादाबाद	4773138
गाजियाबाद	4661452
सबसे कम आबादी वाले 3 जिले	
महोबा	0876055
चित्रकूट	0990626
हमीरपुर	1104021

वृद्धि दर : 2001–2011 के दौरान प्रदेश के जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 20.09% रही।

शीर्ष 3 दशकीय वृद्धि वाले जिले	
गौतम बुद्ध नगर	51.52%
गाजियाबाद	40.66%
बहराइच	30.12%
न्यूनतम पाँच दशकीय वृद्धि वाले जिले	
कानपुर नगर	9.79%
हमीरपुर	11.09%
बागपत	11.87%

जनसंख्या घनत्व 2011 : 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य का औसत जनघनत्व 828 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी. है।

सन्	उ.प्र. जनघनत्व	भारत का जनघनत्व
1901	165	72
1911	164	77
1921	159	77
1931	169	85
1941	192	98
1951	215	134
1961	251	134
1971	300	173
1981	377	216
1991	548	267
2001	690	325
2011	**828**	**382**

शीर्ष 3 जनसंख्या घनत्व वाले जिले	
गाजियाबाद	3954
वाराणसी	2399
लखनऊ	1815
न्यूनतम 3 जनसंख्या घनत्व वाले जिले	
ललितपुर	242
सोनभद्र	270
हमीरपुर	275

साक्षरता दर 2011

2011 में उ.प्र. की कुल साक्षरता 69.72%, पुरुष साक्षरता 79.24% और स्त्री साक्षरता 59.26% रही है।

सन्	प्रदेश की कीु साक्षरता दर	प्रदेश की पुरुष साक्षरता दर	प्रदेश की स्त्री साक्षरता दर
1951	12.2	19.17	4.07
1961	20.87	32.08	8.36
1971	23.99	35.01	11.23
1981	32.65	46.65	16.74
1991	41.60	54.82	26.31
2001	56.36	68.8	42.2
2011	69.72	79.24	59.26

सर्वाधिक साक्षरता वाले 3 जिले	
गाजियाबाद	85.0%
गौतमबुद्ध नगर	82.20%
कानपुर नगर	81.31%

अवश्य याद करें

- जनसंख्या और क्षेत्रफल की दृष्टि से उ.प्र. का देश में स्थान क्रमशः है– **–प्रथम और पंचम**
- भारत के कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत जनसंख्या उ.प्र. में रहती है ? **–16.49%**
- प्रदेश की कुल जनसंख्या में कितने प्रतिशत पुरुष और स्त्रियाँ हैं– **–52.4% और 47.6%**
- 2001–2011 के दौरान प्रदेश की जनसंख्या में कितने प्रतिशत की दशकीय एवं वार्षिक वृद्धि दर रही ? **–20.09% एवं 1.85%**
- 0–6 वर्ष के आयुवर्ग में उ.प्र. में कुल संख्या कितनी है ? **–2,97,28,235**
- 2001–2011 के दौरान लिंगानुपात में कितने की वृद्धि हुई– **–10 की**
- प्रदेश में शिशु लिंगानुपात कितना है ? **–899**
- 2011 में सर्वाधिक महिला साक्षरता वृद्धि किस जिले में पाई गई ? **–गाजियाबाद (81.42%)**

लिंगानुपात 2011

2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या (लिंगानुपात) 908 रहा।

सन्	लिंगानुपात
1901	994
1911	915
1921	909
1931	804
1941	907
1951	910
1961	909
1971	879
1981	885
1991	879
2001	898
2011	908
शीर्ष 3 सिलंगानुपात वाले जिले	
जौनपुर	1018
आजमगढ़	1017
देवरिया	1013

अनुसूचित जातियाँ (SC) 2001

2001 की जनगणना के अनुसार राज्य में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 3,51,48,377 है, जो कि प्रदेश के कुल जनसंख्या का 21.1% है, जबकि सम्पूर्ण देश के कुल जनसंख्या में जनुसूचित जातियों के जनसंख्या का प्रश्तिात 16.2% है।

- देश में जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक अनुसूचित जाति वाला राज्य **–उत्तर प्रदेश**
- देश में अनुसूचित जाति की सर्वाधिक प्रतिशत वाला राज्य है– **–पंजाब**
- प्रदेश में सर्वाधिक SC जनसंख्या वाला जिला **–सीतापुर**
- प्रदेश में सबसे कम SC जनसंख्या वाला जिला **–बागपत**

अनुसूचित जनजातियाँ (ST)

2001 की जनगणना के अनुसार राज्य में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 1,07,963 है, जिनमें 55,834 पुरुष एवं 52,129 स्त्रियाँ हैं।

- राज्य के कुल जनसंख्या में ST जनसंख्या का प्रतिशत **–0.06%** है–
- भारत के कुल जनसंख्या में ST जनसंख्या का प्रतिशत **8.08%** है।
- सर्वाधिक अ.ज.जा. जनसंख्या वाला जिला **लखीमपुर खीरी** (37979) है।

उत्तर प्रदेश की विभिन्न जातियाँ

2001 की जनगणना के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या में **20.5% सवर्ण** (ब्राह्मण, राजपूत, वैश्य, कायस्थ, भूमिहार), **16.7% ऊपर के BC** (यादव, कुर्मी, लोध, जात, गुर्जर), **26% नीचे के BC** (कोयरी, कहार, गड़रिया, तेली, बरी, केवट, नाई आदि), **21.1% दलित जातियाँ** (चमार, पासी, धोबी, वाल्मीकि आदि) तथा **15% मुसलमान** और **शेष** में अन्य हैं।

THE INSTITUTE

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475
{जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}

- प्रदेश की कुल जनसंख्या में कुछ जातियों का प्रतिशत इस प्रकार है–

चमार	–	12.7%	वैश्य	–	2.6%
ब्राह्मण	–	9.2%	कहार	–	2.3%
यादव	–	8.7%	लोधी	–	2.2%
राजपूत	–	7.2%	गड़रिया	–	2%
कोइरी	–	4.1%	जाट	–	1.6%
कुर्मी	–	3.5%	केवट	–	1.1%
			कायस्थ	–	1.0%
			भूमिहार	–	0.5%

धर्म	कुल जनसंख्या	राज्य की कुल जनसंख्या में %	लिंगानुपात	लिंगानुपात (0–6 वर्ष)	शिशु जनसंख्यसा का अनुपात (0–6 वर्ष)	साक्षरता दर	महिला साक्षरता दर	कार्य भागीदारी दर
हिन्दू	13,39,79,263	80.6	894	911	18.6	58.0	43.1	33.2
मुस्लिम	3,07,40,158	18.5	918	935	20.9	47.8	37.4	29.1
ईसाई	2,12,578	0.1	961	936	14.6	72.8	67.4	33.9
सिख	6,78,059	0.4	877	831	14.1	71.9	63.8	32.7
बौद्ध	3,02,031	0.2	895	928	19.9	56.2	40.3	33.4
जैन	2,07,111	0.1	911	846	11.9	93.2	90.3	28.8

World Population Scenario

मानव विज्ञान शास्त्रियों का विश्वास है कि पृथ्वी पर मानव का उद्‌भव टर्शियरीकल्प के पलायोसीन युग में हुआ। मानव सभ्यता के इतिहास के अधिकांश काल में मानव शिकारी एवं संग्रहणकर्त्ता की भूमिका में ही रहा।

वर्ष I.A.D. में विश्व की जनसंख्या लगभग 30 करोड़ थी जो सामान्य गति से वृद्धि करती हुई 1750 में 76 करोड़ हो गई।

विश्व जनसंख्या में बिलियन वृद्धि के वर्ष

वर्ष	वैश्विक जनसंख्या (बिलियन में)	वर्षान्तर
1804	1.0	–
1927	2.0	1.22
1959	3.0	32
1974	4.0	15
1987	5.0	13
1998 (UNFPA)	6.0	11
2011 (31 Oct.)	7.0	13
2025–30	8.0	–
2045–50	9.0	–

विश्व की कुल जनसंख्या का 75.5% भाग लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, एशिया, पोलिनेशिया, मेलानेशिया तथा माइक्रोनेशिया के अल्पविकसित क्षेत्रों में निवास करता है। ये सभी क्षेत्र जनांकिकी संक्रमण की प्रथम या द्वितीय अवस्था से गुजर रहे हैं।

महाद्वीपीय जनसंख्या वितरण

महाद्वीप	जनघनत्व	जनसंख्या (2011)	सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश	सर्वाधिक जनसंख्या वाला शहर
एशिया	86.7	41.40 B*	चीन (1.341 B*)	टोक्यो (37.73 M*)
अफ्रीका	32.7	1.00 B*	नाइजीरिया (0.5 B*)	काहिरा (19.4 M*)
यूरोप	70	0.74 B*	रूस (0.142 B*)	मास्को (14.83 M*)
उत्तरी अमेरिका	22.9	0.53 B*	USA (0.31 B*)	मैक्सिको सिटी (21.2 M*)
दक्षिण अमेरिका	21.4	0.39 B*	बेजील (0.19 B*)	साओ पाउलो (19.67 M*)
ओशेनिया	4.25	0.04 B*	ऑस्ट्रेलिया (0.02 B*)	सिडनी (4.5 M*)
अंटार्कटिका	0.0	4,490	N/A	मैक्सर्डो स्टेशन (955)

नोट : B* = बिलियन ; M* = मिलियन

क्र.	जनसंख्या की दृष्टि से विश्व के 10 सबसे बड़े देश (2009)			
	देश का नाम	जनसंख्या	तिथि	वैश्विक जनसंख्या का %
1.	चीन	1,34,74,60,000	नवम्बर–2011	19.3
2.	भारत	1,21,01,93,422	मार्च–2011	17.5
3.	सं. रा. अमेरिका	31,26,15,000	नवम्बर–2011	4.48
4.	इण्डोनेशिया	23,84,00,000	मई–2010	3.36
5.	ब्राजील	19,55,37,000	नवम्बर–2011	2.8
6.	पाकिस्तान	17,78,25,000	नवम्बर–2011	2.55
7.	बांग्लादेश	15,85,70,535	जुलाई–2011	2.27
8.	नाइजीरिया	15,52,15,000	जुलाई–2011	2.23
9.	रूस	14,19,74,297	जनवरी–2010	2.035
10.	जापान	12,73,80,000	जून–2010	1.83

विश्व : शीर्ष 3 जनघनत्व वाले देश–2010	
देश	जनघनत्व
मकाऊ	18658
मोनेको	16358
बांग्लादेश	1229
विश्व : न्यून 3 जनघनत्व वाले देश – 2010	
मंगोलिया	2.0
नामीबिया / बोत्सवाना सूरीनाम / ऑस्ट्रेलिया / आइसलैण्ड	3.0
सूरीनाम	4.3

न्यूनतम 7 जनसंख्या वृद्धि दरवाले देश (2010–15 प्रक्षेपित)	
देश	वृद्धि–दर % में
माल्दोबिया गणराज्य / बुल्गारिया	(–) 0.7
जार्जिया	(–) 0.6
लाटविया / लुथवानिया	(–) 0.4
उक्रेन	(–) 0.5
बेलारुस	(–) 0.3
क्रोशिया / जर्मनी / हंगरी / रोमनिया	(–) 0.2
रूसी संघ / सर्बिया / जापान / एस्टोनया	(–) 0.1

एक से अधिक जिलों में विस्तारित नगरीय संकुलन (UA)		
नगरीय संकुलन का नाम	राज्य	जिले
दिल्ली UA	दिल्ली	उत्तर–पश्चिम, उत्तरी, उत्तर–पूर्वी, नई दिल्ली, मध्य, पश्चिमी, दक्षिण–पश्चिमी एवं दक्षिणी दिल्ली
वृहत मुम्बई UA	महाराष्ट्र	थाणे, मुम्बई (उपनगर), मुम्बई नगर

Mega City

संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) के अनुसार–ऐसे नगरीय संकुलन जिनकी जनसंख्या 10 मिलियन (अर्थात एक करोड़ से अधिक) से अधिक है। 'मेगा सिटी' की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। भारतीय जनगणना–2011 में इस अवधारणा को स्वीकार किया गया है। देश के 53 मिलियन प्लस नगरीय संकुलनों में से तीन नगरीय संकुलन 'मेगा सिटी' की परिभाषा के अन्तर्गत आते हैं। यथा–

1. वृहद मुम्बई (18.41 मिलियन)
2. दिल्ली (16.31 मिलियन)

शिशु जनसंख्या एवं लिंगानुपात

सर्वाधिक शिशु लिंगानुपात तिरुअनंतपुरम UA (केरल) में 971 और न्यूनतम शिशु लिंगानुपात आगरा UA में का 780 है।

अवश्य याद करें

- दक्षिणी अमेरिका का सर्वाधिक नगरीकृत देश क्रमशः वेनेजुएला (93.1%) एवं उरुग्वे (92.4%) है (2010)।
- संसार मेंसर्वाधिक नगरीकृत महाद्वीप क्रमशः उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन देश एवं यूरोप है।
- जनसंख्या वृद्धि का सर्वाधिक प्रतिशत अफ्रीका महाद्वीप कहा है। तदोपरान्त क्रमशः एशिया, लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन देशों का है।
- विश्व के सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या वाले पाँच देश क्रमशः भारत, चीन, इण्डोनेशिया, बांग्लादेश एवं पाकिस्तान है।
- श्रीलंका, नेपाल, पाकिस्तान एवं भारत में से भारत का जनघनत्व सबसे अधिक है।
- अफ्रीका के शीर्ष तीन नगरीकृत देश हैं– गैबोन, पश्चिमी सहारा तथा जिबूती। एशि के तीन शेर्ष नगरीकृत देश हैं– सिंगापुर, कुबैत, कतर।

विश्व के न्यूनतम नगरीकृत देश	
देश	नगरीकरण (%) में
बुरुंडी	11
पापुआ–न्यूगिनी	13
मालवी / त्रिनिदाद एवं टोबैगो	14

THE INSTITUTE

नगरों के विकास की अवस्थाएँ

लुइस मम्फोर्ड ने 1938 ई. में नगरों के विकास की 6 अवस्थाओं का उल्लेख किया है–

(i) इयोपोलिस : यह नगरीय विकास की प्रथम अवस्था है। इस अवस्था में कृषि एवं पशुपालन संबंधी कार्यों के विकास के कारण गांवों का विकास हुआ। बड़े–बड़े एवं केन्द्रीय गांवों में शिक्षा, संस्कृति एवं कला आदि का विकास हुआ।

(ii) पोलिस : इस शब्द का अर्थ नगर स है। इस अवस्था में बड़े गांव कस्बे का रूप धारण करते हैं जिनमें व्यापारिक गतिविधियों का विकास हो जाता है। नगरीय आकारिकी का विकास प्रारम्भ हो जाता है।

(iii) मेट्रोपोलिस : इस अवस्था में नगर का आकार वृहत् हो जाता हैं वृहत् स्तरपर कारखानों, शिक्षा संस्थानों, व्यापारिक संस्थानों आदि की स्थापना हो जाती हैं इस अवस्था में नगर अपने आस–पास के नगरों से बड़ा हो जाता है एवं नगर का संबंध दूरवर्ती क्षेत्रों से भी हो जाता हैं

(iv) मेगालोपोलिस : यह नगर की चरम अवस्था को बतातीा है। नगर में गन्दी बस्तियों का प्रादुर्भाव हो जाता है एवं जीवन नारकीय रूप में परिवर्तित होता हुआ दिखाई देता है। पूंजीवादी व्यवस्था का प्रसार, नैतिकता का पतन, नौकरशाही का विकास, मानव का शोषणयुक्त जीवन इस प्रकार के नगरों की विशेषता है। अमेरिका के पूर्वी तटीय मैदान में बोस्टन से स्पेरो प्वाइंट तक के नगरीय क्षेत्र इसका उदाहरण हैं बर्मिंघम, टोकियों, याकोहामा क्षेत्र, अर्मेस्टर्डम।

महानगर (Metropollition or Metropolis) : इसकी जनसंख्या 10 लाख से अधिक होती है। 2011 के जनगणना में इसे **'मिलियन प्लस'** नगरीय संकुलन/नगर की संज्ञा दी गई है।

मानव विकास रिपोर्ट–2011

आर्थिक विकास एक व्यष्टिनिष्ठ अवधारणा है, जिसका परिमाणात्मक माप समभव नहीं है। पुनश्च इसे मापने के अनेक प्रयास किये गये हैं। मानव विकास के विविध आयामों का आकलन, इस दिशा में एक सार्थक प्रयास है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (U.N.D.P.) द्वारा यह प्रयास 1990 से सतत् रूप से जारी है; जिसे **'मानव विकास रिपोर्ट'** की संज्ञा दी गई है।

वर्ष 2011 की मानव विकास रिपोर्ट (Human Development Report-2011) 2 नवम्बर, 2011 को जारी की गई। 'Sustainability and Equity : A future for All' अर्थात् 'सततता एवं साम्यता : सभी के लिए एक बेहतर भविष्य' पर केन्द्रित इस रिपोर्ट में विश्व के कुल 187 देशों के लिए मानव विकास सूचकांक (Human Development Index–HDI) दर्शाए गए हैं, जिसमें भारत का 134वाँ स्थान है। इससे पूर्व वर्ष 2010 की मानव विकास रिपोर्ट में मानव विकास सूचकांक के मामले में 169 देशों में 119वाँ स्थान भारत को दिया गया था।

मध्यम विकास वाले देश		
97	श्रीलंका	0.691
101	चीन	0.687
134	भारत	0.547
कम विकास वाले देश		
145	पाकिस्तान	0.504
172	अफगानिस्तान	0.398
187	कांगो गणराज्य	0.286

पंचवर्षीय योजनाओं में वार्षिक वृद्धि दरें :
(स्रोत : आर्थिक समीक्षा 2010–11)

	लक्ष्य	प्राप्ति
पहली योजना (1951–56)	2.1%	3.7%
दूसरी योजना (1956–61)	4.5%	4.2%
तीसरी योजना (1961–66)	5.6%	2.8%
तीन वार्षिक योजनाएं (1966–69)	–	3.9%
चौथी योजना (1969–74)	5.7%	3.4%
पाँचवीं योजना (1974–79)	4.4%	5.0%
वार्षिक योजना (1979–80)	–	–5.0%
छठी योजना (1980–85)	5.2%	5.4%
सातवीं योजना (1985–90)	5.0%	5.5%
वार्षिक योजना (1990–92)	–	3.2%
आठवीं योजना (1992–97)	5.6%	6.6%
नौवीं योजना (1997–2002)	6.5%	5.5%
दसवीं योजना (GDP) (2002–07)	7.9%	7.9%
ग्यारहवीं योजना (2007–12) (लक्ष्य)	9.0%	–
संशोधित लक्ष्य	–	8.1%
2007–08	–	9.8%
2008–09	–	6.6%
2009–10 (त्वरित)	–	8.6%
2010–11 (BE)	–	9.0%



नई औद्योगिक नीति – 24 जुलाई, 1991 में।
3 बार योजना अवकाश रहा अर्थात 6 वर्ष।
गारण्टी कानून 2005 में कांग्रेस ने लागू किया।
16 फरवरी, 2006 में (A.P.) के वन्दना पल्ली मनरेगा की शुरुआत किया।
पहले नरेगा और अब मनरेगा।
15 मार्च, 1950 में योजना आयोग का जन्म हुआ।
6 अगस्त, 1952 – राष्ट्रीय विकास परिषद

पंचवर्षीय योजना

प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951–1956)

- इस योजना के लक्ष्य थे : शरणार्थियों का पुनर्वास, खाद्यान्नों के मामले में कम से सम्भव अवधि में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना और मुद्रास्फीति पर नियन्त्रण करना। इसके साथ–साथ इस योजना में सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया आरम्भ की गयी, जिससे राष्ट्रीय आय के लगातार बढ़ने का आश्वासन दिया जा सके। इस योजना में कृषि को प्राथमिकता दी गयी।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956–1961)

- प्रो. पी. सी. महालनोबिस के मॉडल पर आधारित इस योजना का लक्ष्य तीव्र औद्योगिकीकरण था। इसके लिए भारी तथा मूल उद्योगों पर विशेष बल दिया गया। इन मूल महत्व के उद्योगों अर्थात् लौह एवं इस्पात, अलौह धातुओं, भारी रसायन, भारी इंजीनियरिंग और मशीन–निर्माण उद्योगों को बढ़ावा देने का दृढ़ निश्चय किया गया।

तीसरी पंचवर्षीय योजना (1961–1966)

- तीसरी योजना ने अपना लक्ष्य आत्मनिर्भर एवं स्वयं–स्फूर्ति अर्थव्यवस्था की स्थापना करना रखा। इस योजना ने कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की, परन्तु इसके साथ–साथ इसने बुनियादी उद्योगों के विकास पर भी पर्याप्त बल दिया जो कि तीव्र आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक था।

तीन वार्षिक योजनाएँ (1966–67 से 1967–69)

- वर्ष 1965 में भारत–पाकिस्तान युद्ध से पैदा हुई स्थिति, दो साल तक लगातार भीषण सूखा पड़ने, मुद्रा का अवमूल्यन होने, कीमतों में हुई वृद्धि तथा योजना उद्देश्यों के लिए संसाधनों में कमी होने के कारण चौथी योजना को अन्तिम रूप देने में देरी हुई। इसलिए इसके स्थान पर चौथी योजना के प्रारूप को ध्यान में रखते हुए 1966 से 1969 तक तीन वार्षिक योजनाएँ बनायी गयीं। इस अवधि को **'योजना अवकाश'** (Plan Holiday) कहा गया है।

चौथी पंचवर्षीय योजना (1969–1974)

- चौथी योजना के मूल उद्देश्य थे– स्थिरता के साथ आर्थिक विकास तथा आत्मनिर्भरता की अधिकाधिक प्राप्ति। चौथी योजना में राष्ट्रीय आय की 5.5% वार्षिक औसत वृद्धि दर प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया, बाद में इसमें सामाजिक न्याय के साथ विकास और 'गरीबी हटाओ' जोड़ा गया।

THE INSTITUTE

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475

पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (1974–1978)

- इसमें दो मुख्य उद्देश्यों अर्थात् गरीबी की समाप्ति ओर आत्मनिर्भरता की प्राप्ति के लिए वृद्धि की उच्च दर को बढ़ावा देने के अलावा आय का बेहतर वितरण और देशीय बचत दर में महत्वपूर्ण वृद्धि करने की नीति अपनायी गयी। मार्च, 1978 में जनता पार्टी की सरकार ने चार वर्षों के पश्चात् ही पाँचवीं योजना को समाप्त कर दिया।

छठी पंचवर्षीय योजना (1980–1985)

- **छठी योजना दो बार तैयार की गयी।** जनता पार्टी द्वारा (1978–83 की अवधि हेतु) **'अनवरत योजना'** बनायी गयी। छठी योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि तथा सम्बद्ध क्षेत्र में रोजगार का विस्तार करना, जन–उपभोग की वस्तुएँ तैयार करने वाले कुटीर एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देना और न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम द्वारा निम्नतम आय वर्गों की आय बढ़ाना था। परन्तु जब कांग्रेस सरकार ने नयी छठी योजना (1980–85) तैयार की, तब विकास के नेहरू मॉडल को अपनाया गया, जिसका लक्ष्य एक विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था में गरीबी की समस्या पर सीधा प्रहार करना था।

सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–1990)

- सातवीं योजना में खाद्यान्नों की वृद्धि, रोजगार के क्षेत्रों का विस्तार एवं उत्पादकता को बढ़ाने वाली नीतियों एवं कार्यक्रमों पर बल देने का निश्चय किया गया।

आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992–1997)

- केन्द्र में राजनीतिक अस्थिरता के कारण **आठवीं योजना दो वर्ष देर से प्रारम्भ हुई।** आठवीं योजना का विवरण उस समय स्वीकार किया गया, जब देश एक भारी आर्थिक संकट से गुजर रहा था। इसके मुख्य कारण थे–भुगतान संतुलन का संकट, बढ़ता हुआ ऋण भार, लगातार बढ़ता बजट–घाटा, बढ़ती हुई मुद्रास्फीति और उद्योग में प्रतिसार। नरसिंह राव सरकार ने आर्थिक सुधारों के साथ राजकोषीय सुधारों की भी प्रक्रिया जारी की, ताकि अर्थव्यवस्था को एक नयी गति प्रदान की जा सके। आठवीं योजना का मूलभूत उद्देश्य विभिन्न पहलुओं में मानव विकास करना था।

नौवीं पंचवर्षीय योजना (1997–2002)

- इसमें विकास का 15 वर्षीय परिप्रेक्ष्य शामिल किया गया। नौवीं योजना का प्रमुख लक्ष्य वृद्धि के साथ 'सामाजिक न्याय और समानता' था।

दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002–2007)

- इस योजना में पहली बार राज्यों के साथ विचार–विमर्श कर राज्यवार विकास दर निर्धारित की गयी। इसके साथ ही पहली बार आर्थिक लक्ष्यों के साथ–साथ सामाजिक लक्ष्यों पर भी निगरानी की व्यवस्था की गयी।
- दसवीं योजना के लक्ष्य :
  - योजना काल के दौरान जी. डी. पी. में वृद्धि दर 8 प्रतिशत पहुँचाना।
  - निर्धनता अनुपात को वर्ष 2007 तक कम करके 21 प्रतिशत और वर्ष 2012 तक कम करके 15 प्रतिशत तक लाना।
  - वर्ष 2007 तक प्राथमिक शिक्षा की पहुँच को सर्वव्यापी बनाना।
  - वर्ष 2001 और 2011 के बीच जनसंख्या की दसवर्षीय वृद्धि दर को 16.2 प्रतिशत तक कम करना।
  - साक्षरता में वृद्धि कर इसे वर्ष 2007 तक 75 प्रतिशत और वर्ष 2012 तक 80 प्रतिशत करना।
  - वर्ष 2007 तक वनों से घिरे क्षेत्र को 25 प्रतिशत ओर वर्ष 2012 तक 33 प्रतिशत तक बढ़ाना।
  - वर्ष 2012 तक पीने योग्य पानी की पहुँच सभी ग्रामों में कायम करना।
  - सभी मुख्य नदियों को वर्ष 2007 तक और अन्य अनुसूचित जल क्षेत्रों को वर्ष 2012 तक साफ करना।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना (2007–2012)

- औसत जीडीपी वृद्धि दर को 8.1% से 9% करना।
- कृषि जीडीपी वृद्धि दर को 4 प्रतिशत करना।
- स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की दर को 2011–12 तक घटाकर 20 प्रतिशत के स्तर पर लाना।
- साक्षरता दर को 75 प्रतिशत करना
- प्रजनन दर को 2.1 के स्तर पर लाना।
- 2011–12 तक 0–6 आयुवर्ग के लिंगानुपात को बढ़ाकर 935 करना।
- वन क्षेत्र को 5 प्रतिशत अंकों तक बढ़ाना।

गरीबी

सापेक्ष गरीबी :

- लारेंज वक्र
- गिनी गुणांक



छायांकित क्षेत्र

समता रेखा के नीचे का भाग

नोट :

- विश्व बैंक के अनुसार 13258 से कम प्रति व्यक्ति आय है।
- अपने आय से जो व्यक्ति अपने आवश्यकता की वस्तुएँ न खरीद पाता हो निरपेक्ष गरीबी कहलाता है।
- **प्रो. लकड़वाला** : ने 1998 में कहा कि गरीबी मापन की सुचि अलग–अलग क्षेत्र में अलग–अलग होता है। इसलिए प्रत्येक क्षेत्र की अलग–अलग सुची बनाई जानी चाहिए।

CPIAL = 2400

CPIIW = 2100

सर्वाधिक गरीबी की संख्या = उत्तर प्रदेश (5.90 करोड़)

परन्तु % = 32%

उड़ीसा में गरीबी % = 46%

जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं के वंचन से गरीबी का आशय लगाया जता है। गरीबी के मापन के दो तरीके हैं।

(1) सापेक्ष गरीबी (2) निरपेक्ष गरीबी

सापेक्ष गरीबी : सम्पूर्ण विश्व में पायी जाती हैं इसका मापन सम्पत्ति धारण की क्षमता से लिया जाता है। इसमें तुलनात्मक रूप से राह देखा जाता है कि किस व्यक्ति के पास अन्य की तुलना में कितनी सम्पत्ति हैं इसे मापने के लिए लारेंज वक्र तथा मिनी गुणांक का प्रयोग किया जाता है।

निरपेक्ष गरीबी : गरीबी का वास्तविक आशय निरपेक्ष गरीबी से लगाया जाता है। एक व्यक्ति निरपेक्ष गरीब तब कहलायेगा जब वह अपनी वर्तमान आय के माध्यम से मूल भूत आवश्यकताओं को पूरी न कर पाता हो। इसे मापने के लिए भारत के नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री प्रो. अमर्त्य सेन (1998) ने Head Count Ratio जैसी विधि का प्रयोग करते हैं। इनका मानना है कि जो व्यक्ति गरीबी रेखा से जितना ही नीचे होगा उतना ही ज्यादा गरीब होगा। अर्थात् गरीबी रेखा के नीचे गरीबी का घनत्व बढ़ता जाता है।

भारत में गरीबी का आकलन योजना आयोग द्वारा किया जाता है और इससे सम्बन्धित आंकड़ों का प्रकाशन NSSO राष्ट्रीय प्रतिदर्श संगठन सर्वे संगठन द्वारा किया जाता हैं योजना आयोग ने 1969–65 में प्रति व्यक्ति 20 रुपया मासिक को गरीबी हेतु आधार बनाया जिसकी काफी आलोचना की गई और इसे संसोधित करके ग्रामीण और संशोधित क्षेत्र के लिए 20 व 25 रु. निर्धारित किया गया। 1977 में न्यूनतम आवश्यकता तथा प्रभावपूर्ण मांग की कार्यदल (task force) कैलोरी को गरीबी का मापक बनाया गया। 2100 कैलोरी शहरी क्षेत्रों के लिए तथा 2400 कैलोरी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निश्चित किया गया।

इसमें पुनः संसोधन करके 1989 में प्रो. लकड़ावाला के द्वारा बनाया गया सुचकांक गरीबी के मापन के लिए प्रयोग किया जाता है। कैलोरी की क्षतिपूर्ति अब अलग–अलग राज्यों में कृषि श्रमिकों के लिए CPIAL (Consumer Price Index Agriculture Labour) तथा औद्योगिक रमिकों के लिए CPIIW का प्रयोग किया जाता है। इस पद्धति को आठवीं पंचवर्षीय योजना में लागू किया गया। वर्तमान में भी यही चल रही है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों हेतु 356 रु. मासिक तथा शहरी क्षेत्रों 538 रु. मासिक कैलोरी निश्चित किया गया है।

विश्व बैंक तथा अन्य संगठन गरीबी मापन हेतु अलग–अलग धनराशि को पैमाना बनाए है। विश्व बैंक के अनुसार जो व्यक्ति 1.25$ या इससे कम प्रतिदिन कमा रहा हो वह गरीब कहलाएगा।

एशियन Development Bank 1.35$ तथा भारत सरकार 1.02$ को गरीबी रेखा का मापक मानते हैं।

भारत में गरीबी के मापन के लिए दो पद्धतियाँ पाई जाती हैं–

(1) URP : (Unifor Recall Period) : यह 30 दिवसीय अवधि पर आधारित होता है।

NSSO के 61वें चक्र के अनुसार URP के आधार पर सम्पूर्ण भारत में 2004–05 की अवधि में 27.25% की गरीबी पाई गयी है। ग्रामीण क्षेत्रों में 28.30% तथा शहरी क्षेत्रों में 25.7% की गरीबी पाई जाती है।

MRP (Minimum Recall Period) : यह 365 दिनों (1 साल) पर आधारित होती है। इसमें 5 गैर खाद्य वस्तुओं को शामिल किया जाता है। गैर खाद्य वस्तुओं में 1) वस्त्र, 2) जूता चप्पल, 3) मकान, 4) शिक्षा, 5) संस्थागत चिकित्सा। MRP के आधार पर 2004–05 की अवधि में सम्पूर्ण भारत में 21.8% की गरीबी पाई गयी।

सर्वाधिक गरीबी के प्रतिशत वाले राज्य–

(1) उड़ीसा – 46.4% सर्वाधिक

(2) बिहार – 41.41%

(3) छत्तीसगढ़ – 40.9%

(4) झारखण्ड – 40.3%

उत्तर प्रदेश में गरीबी का %, 32.8% है।

नोट : सर्वाधिक गरीबों की संख्या (5.40 करोड़) उत्तर प्रदेश में है।

महत्वपूर्ण : मार्च 2009 में प्रकाशित प्रो. सुरेश तेन्दुलकर की रिपोर्ट ने गरीबी के सम्बन्ध में जो आंकड़े दिए हैं वो NSSO के आंकड़ों से काफी अलग है। इन्होंने गरीबी के मापन के MRP पद्धति को अपनाया है जिसके अनुसार सम्पूर्ण भारत में 37.2% की गरीबी पाई जाती है।

भारत में सम्पूर्ण स्तर पर गरीबी के सम्बन्ध में कुछ अनुमान

योजना आयोग का अनुमान (2005)

2004–05 मूल्य पर	–	27.5%
ग्रामीण क्षेत्र 28.3%		
शहरी 25.7%		

अर्जुन सेन गुप्ता पैनल

2004–05 मूल्य पर	–	77%
प्रतिदिन 20 रुपया		

एन.सी. सक्सेना कमेटी (2009)

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा नियुक्त	–	50%

विश्व बैंक (2008 रिपोर्ट)

1.25 डालर प्रतिदिन 2005 में 41.6%

सुरेश डी तेन्दुलकर (2009)

2004–05 मूल्य पर	–	37.2%
ग्रामीण	–	41.8
शहरी	–	25.7

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद {जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475

उल्लेखनीय है कि तेन्दुलकर कमेटी ने 2004–05 मूल्य पर ग्रामीण व्यय को 446.68 रु. तथा शहरी व्यय को 78.80 प्रतिमाह मानते हुए ग्रमीण क्षेत्र के लिए 41.8% तथा शहरी क्षेत्र के लिए 25.7% का अनुमान दिया। विशेषज्ञ यह मानते हैं कि तेन्दुलकर का व्ययसम्बन्धी अनुमान लकड़ावाला अनुमान से अधिक पर सेनगुप्ता के अनुमान से कम है।

एच. डी. आर. (2010) (HDR)

बहुआयामीय गरीबी सूचकांक (MPI) पर आधारित – 55.4%

हाशिम कमेटी : शहरी क्षेत्रों में गरीबी के अनुमान के लिए योजना आयोग द्वारा नियुक्त कमेटी।

21 अप्रैल, 2011, योजना आयोग ने तेन्दुलकर कमेटी–फार्मूले के ही आधार पर यह स्थापित किया है कि 2009–10 में गरीबी 37.2% से घटकर 32% हो गयी है।

बहु आयामी गरीबी सूचकांक
(Multidimensional Poverty Index)

वर्ष 2010 से साक्षरता और आय पर इनके संकेतकों को नया रूप दिया गया है जिसके तहत 'सकल नामांकन दर' एवं 'वयस्क साक्षरता दर' को क्रमशः स्कूलावधि के अनुमानित वर्ष (Expected years of schooling) एवं 'स्कूलावधि के औसत वर्ष' (Mean years of schooling) से प्रतिस्थापित किया गया है और 'सकल घरेलू उत्पाद' (GDP) का स्थान 'सकल राष्ट्रीय आय' (GNI) ने लिया है जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय आय प्रवाहों को भी शामिल किया जाता है।

यूएनडीपी ने वर्ष 2010 से मानव विकास सूचकांक तैयार करने के लिए जिस बहुआयामी निर्धनता सूचकांक का इस्तेमाल किया है, उनके अंतर्गत एक ही परिवार के सदस्यों में पाए जाने वाले शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर से सम्बन्धित अभावों पर ध्यान दिया गया है। अर्थात भारत में गरीबी रेखा से ऊपर के लोगों में शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन–दशाओं से सम्बन्धित अभाव पाये जाते हैं।

बेरोजगारी



बेरोजगारी से तात्पर्य ''जब कोई व्यक्ति प्रचलित मजदूरी की दर पर कार्य करना तो चाहता है, पर उसे कार्य न मिल पाता हो। इसमें 15 एवं 65 वर्ष के व्यक्तियों को शामिल किया जाता है सम्पूर्ण विश्व में बेरोजगारी की प्रकृति भिन्न–भिन्न है।

विकसित देशों में तथा विकासशील देशों में बेरोजगारी दो प्रकार की पायी जाती है।

(1) ऐच्छिक बेरोजगारी : ऐसे लोग जो अपने मन मुताबिक कार्य के अभाव में किसी अन्य कार्य को नहीं करना चाहते उन्हें **ऐच्छिक बेरोजगार** कहा जाता है।

(2) अनैच्छिक बेरोजगारी : ऐसे लोग जो कार्य करना तो चाहते है पर उन्हें कार्य न मिल पाता हो ऐसे लोग ही वास्तविक रूप से बेरोजगार माने जाते हैं।

विकसित देशों में बेरोजगारी का प्रमुख कारण जहाँ माँग की कमी है वहीं अल्पविकसित देशों में बेरोजगारी का प्रमुख कारण संरचनात्मक (रेल, रोड, शिक्षा, संस्थागत चिकित्सा, शुद्ध पेयजल) विकास की कमी है।

विकसित देश : इसमें दो प्रकार की बेरोजगारी पाई जाती है। विकसित देशों में तकनीकी तथा घर्षणात्मक बेरोजगारी पाई जाती है।

(1) तकनीकी बेरोजगारी : एक तकनीक के स्थान पर जब दूसरी तकनीक आ जाती है तब पुरानी तकनीकी पर काम करने वाला व्यक्ति जब तक प्रशिक्षण प्रापत नहीं कर लेता तब तक वह बेरोजगार होगा।

(2) घर्षणात्मक बेरोजगारी : जब व्यापार जगत में उतार चढ़ाव के कारण मांग कम हो जाती है तो यह अपना प्रभाव सीधे रूप से उत्पादन एवं रोजगार पर डालती है। जैसे– मंदी के दिनों में मांग की कमी के कारण रोजगार में कमी उत्पनन हो जाती है। इस प्रकार की बेराजगारी भी मांग के साथ समाप्त हो जाती है।

अल्प विकसित देशों में प्रमुख बेरोजगारी छिपी हुई या प्रछन्न प्रकार की है। यह भारत की प्रमुख बेरोजगारी है। प्रच्छन्न बेरोजगारों की सीमांत उत्पादकता शून्य होती है।

विकास कार्यक्रम/रोजगार कार्यक्रम

कार्यक्रम	वर्ष	उद्देश्य
प्रथम योजना	1952	देश/राष्ट्र का समग्र विकास
लघु उद्योग विकास संगठन (SIDO)	1954	नये उद्योगों के विकास हेतु
सधन कृषि जिला कार्यक्रम (IADP)	1960–61	कृषकों के बीज, उर्वरक, औजार और ऋण उपलब्ध कराना।
सघन कृषि क्षेत्रीय कार्यक्रम (IAAP)	1964–65	विशिष्टि फसलों का विकास
साख अधिकरण योजना (CAS)	1965	RBI की चयनात्मक साख नीति की एक योजना
अधिक उपज देने वाली किस्मों का कार्यक्रम (High, Yielding Variety Programme)	1966–67	कृषि उत्पादकता बढ़ाने हेतु नये किस्म के बीजों का प्रयोग
भारत पर्यटन विकास निगम	1966	होटलों एवं आराम गृहों का निर्माण
हरित क्रांति	1966–67	कृषि उत्पादन में वृद्धि करना
बहु फसली कार्यक्रम (MCP)	1966–67	कृषि उत्पादन में वृद्धि करना
ग्रामीण विद्युतीकरण निगम	1969	कृषि एवं उद्योगों हेतु ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था
विभेदीकरण ब्याजदर योजना	1972	समाज के कमजोर वर्गों को रियायती दर 4% पर ऋण उपलबध कराना

त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम	1972–73	ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण सन्तुलन और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण
ग्रामीण रोजगार के लिए नकद योजना	1972–74	ग्रामीण विकास हेतु
सीमान्त कृषक एवं कृषि श्रमिक ऐजेन्सी	1973–74	तकनीकी एवं आर्थिक सहायता
लघु कृषिक विकास ऐजेन्सी	1974–75	तकनीकी एवं आर्थिक सहायता
कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम	1974–75	बड़ी एवं छोटी योजनाओं हेतु सिंचाई की व्यवस्था
बीस सूत्रीय कार्यक्रम	1975	गरीबी उन्मूलन एवं रहन सहन उच्चीकरण
राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान	1977	ग्रामीण विकास हेतु प्रशिक्षण, शोध तथा सलाहकारी संस्था
मरुभूमि विकास कार्यक्रम	1977–78	मरुभूमि विस्तार प्रक्रिया नियंत्रण एवं पर्यावरण सन्तुलन
काम के बदले अनाज कार्यक्रम	1977–78	विकास प्रक्रियाओं के काम हेतु खाद्यान्न देना
• अन्तोदय कार्यक्रम	1977–78	राजस्थान में गांव के सबसे गरीब परिवारों को स्वावलम्बी बनाना
• ग्रामीण युवाओं का स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम (TRYSEM)	15 Aug. 1979	ग्रामीण युवा वर्ग की बेरोजगारी को दूर करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम
• समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP)	2 Oct., 1980	ग्रामीण निर्धन परिवारों को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराना
• राष्ट्रीय ग्राम्य रोजगार कार्यक्रम (NREP)	1980	ग्रामीण निर्धनों को लाभप्रद रोजगार उपलब्ध कराना
• ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम (DWCRA)	1982	BPL ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना
• ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारण्टी कार्यक्रम (RLEGP)	15 Aug., 1983	भूमिहीन कृषकों व श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु
शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार प्रदान करने की योजना	1983–84	स्वरोजगार हेतु वित्तीय सहायता एवं तकनीकी सहयोग
राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कोष	1984	दानकर्ता के कर में 100% की छूट तथा ग्रामीण विकास की परियोजना हेतु दान प्राप्त करना
व्यापक फसल बीमा योजना	1 April, 1985	विभिन्न कृषि फसलों की बीमा हेतु
इन्दिरा आवास योजना	1985–86	ग्रामीण क्षेत्रों में गृह ऋण 5 लाख रु.
लोक कार्यक्रम एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास परिषद (Council for Advancement of People's Action and Rural Action Technology (CAPART))	1 Sept., 1986	ग्रामीण समृद्धि हेतु सहायता 28 दिसम्बर, 2004 से इसका नाम बदलकर 'गंगोत्री' कर दिया गया है– गवर्नमेंट इन ऐक्शन विथ एनजीओ ट्रान्सफार्मेशन ऑफ रुरल इण्डिया
ग्रामीण जलापूर्ति कार्यक्रम	1986	ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था
शहरी निर्धनों हेतु स्वरोजगार कार्यक्रम (SEPUP)	1986	स्वरोजगार हेतु वित्तीय एवं तकनीकी मदद
सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण	1988	ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नई साख नीति
प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम	1988	ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिखा विस्तार
भरतीय पर्यटन वित्त निगम	1989	पर्यटन से सम्बद्ध योजनाओं हेतु वित्त व्यवस्था
गृह ऋणखाता योजना	1989	गृह सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सहायता
• नेहरू रोजगार योजना (NRY)	Oct. 1989	नगरीय बेरोजगारों को रोजगार देने हेतु
• जवाहर रोजगार योजना (JRY)	April, 1989	ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगारों को रोजगार देने हेतु
• कुटीर ज्योति योजना	1988–99	ग्रामीण क्षेत्रों में BPL परिवारों को विद्युत कनेक्शन
कृषि एवं ग्रामीण ऋण राहत योजना (ARDRS)	1990	ग्रामीण कुशल श्रमिकों, कारीगरों, बुनकरों को 10000 रु. तक ब्याज मुक्त ऋण देना
शहरी सूक्ष्म उद्यम योजना	1990	शहरी लघु उद्यमियों को वित्तीय सहायता
शहरी सवेतन रोजगार योजना	1990	एक लाख से कम जनसंख्या वाली शहरी बस्तियों में गरीबों के लिए मूल सुविधा की व्यवस्था करके मजदूरी रोजगार प्रदान करना
शहरी आवास एवं आश्रय सुधार योजना	1990	1 लाख से 20 लाख की जनसंख्या वाली शहरी बस्तियों में आश्रय उन्नयन के माध्यम से रोजगार प्रदान करना
रोजगार आश्वासन योजना	2 Oct., 1993	रोजगार उपलब्ध कराने हेतु
प्राइम मिनिस्टर रोजगार योजना (PMRY)	2 Oct., 1993	शिक्षित युवकों को रोजगार प्रदान करना
राष्ट्रीय मातृत्व लाभ योजना	1995	19 वर्ष से अधिक को BPL गर्भवती महिलाओं को 300 रु. की वित्तीय सहायता

SELECTION

प्रधानमंत्री की शिक्षित बेरोजगार युवकों हेतु रोजगार योजना	18 Nov., 1995	50000 से 1 लाख जनसंख्या वाले क्षेत्रों में शिक्षित युवकों को वित्तीय सहायता
राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम	1995	विभिन्न योजनाओं द्वारा BPL लोगों को सहायता
ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक जीवन बीमा	1995–96	ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तियों को कम लागत पर जीवन बीमा सुविधा
वृद्धावस्था पेंशन योजना	1995	65 वर्ष या अधिक आयु के असहाय वृद्धों को 200 रुपया मासिक पेंशन
उत्तर–पूर्व विकास बैंक	1995	उत्तर–पूर्व क्षेत्रों में उद्योगों को सहायता
संगम योजना	1996	विकलांगों के कल्याण हेतु
• कस्तूरबा गाँधी शिक्षा योजना	15 Aug., 1997	नीची महिला साक्षरता वाले जिलों में बालिका विद्यालय की स्थापना
• गंगा कल्याण योजना (GKY)	1997–98	भूतल जल एवं भूमिगत जल की निकासी एवं रख रखाव हेतु कृषिकों को वित्तीय सहायता प्रदान करना
• स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना SJSRY	1 Dec., 1997 (75 : 25)	शहरी क्षेत्रों में लाभप्रद रोजगार उपलब्ध कराना योजना में तीन योजनाएं विलय कर दी गयी– (1) नेहरू रोजगार योजना (2) PM को समन्वित शहरी गरीबी निवारण कार्यक्रम (3) शहरी बेसिक सेवा गरीबों हेतु
भाग श्री बाल कल्याण नीति	19 Oct., 1998	बालिकाओं की दशा सुधारने हेतु
राजराजेश्वरी महिला कल्याण योजना	10 Oct. 1998	महिलाओं को बीमा सुरक्षा प्रदान करना
जवाहर ग्राम समृद्धि योजना	1 April, 1999	सुधारना और लाभप्रद रोजगार उपलब्ध कराना
• अन्नपूर्णा योजना	19 March, 1999	वृद्ध नागरिकों को निःशुल्क अनाज
समग्र आवास योजना	1999	वृहद् गृह योजना
• स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (SJGSY)	1 April, 1999 (75 : 25)	सामूहिक प्रयास पर बल सहायता प्राप्त गरीब व्यक्ति को 3 वर्ष में BPL के ऊपर लाना। इसमें छः कार्यक्रमों का विलय कर दिया गया (i) IRDP, (ii) RRYSEM, (iii) DWCR, (iv) SITRA, (v) MWS, (vi) GKYक
जनश्री बीमा	10 Aug. 2000	BPL लोगों को बीमा सुरक्षा कवच देना
प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना	2000	गाँवों का समग्र विकास
अन्तोदय योजना	2000	बी.पी.एल. परिवार के सर्वाधिक गरीबों को अनाज 2 Rs./ किलो गेहूँ, 3 Rs./ किलो चावल उपलब्ध कराना
आश्रय बीमा योजना	June, 2001	रोजगार छूटे कर्मचारियों को सुरक्षाकवच प्रदान करना
कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना	1 July, 2001	कृषि श्रमिकों को LIC के सहयोग से सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना
सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (SGRY)	25 Sept. 2001 (75 : 25)	ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का सृजन
• वाल्मीकि अम्बेडकर आवास योजना	Dec. 2001 50 : 50	शहरी स्लम आबादी को स्वच्छ आवास उपलब्ध कराने हेतु
शिक्षा सहयोग योजना	2001–02	BPL परिवारों के बच्चों को 8वीं बाद की शिक्षा जारी करने हेतु आर्थिक सहायता
• सर्वशिक्षा अभियान नवीं 85 : 15 दसवीं बाद में	2000–01 75 : 25 50 : 50	6–14 वर्ष के सभी बच्चों को 2010 तक आठवीं तक की निःशुल्क एवं गुणवत्ता युक्त प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराना
• खाद्यान्न बैंक योजना	2001	घोषितग्राम पंचायत स्तर पर खाद्यान्न बैंक की स्थापना
महिला स्वयं सिद्धि योजना	12 July, 2001	महिलाओं का सामाजिक आर्थिक सशक्तीकरण2योजना में इन्दिरा महिला योजना और महिला समृद्धि योजना का विलय
संकट हरण बीमा योजना	30 Sept., 2001	कृषकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना
पापुलेशन फर्स्ट योजना	2002	निजी क्षेत्र के उद्यमियों द्वारा 2005 तक स्थिर जनसंख्या प्राप्त करने हेतु सहायता
स्वजल धारा योजना	25 Dec., 2002	ग्राम पंचायतों के माध्यम से कुएं, बाबडत्री व हैण्डपम्प लगाने की सुविधा उपलब्ध कराना

• निर्मल भारत योजना	15 Aug., 2002	मलिन बस्तियों में सामुदायिक शैचालयों की सुविधा का विस्तार
अंशदायी बीमा योजना	15 Aug. 2002	10 लाख बुनकरों व शिल्पकारों को बीमा सुरक्षा
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना	25 Dec., 2000	100% केन्द्रीय स्कीम, 500 से अधिक जनसंख्या वाले गाँवों को जोड़ना
जनरक्षा बीमा योजना	2002–03	1 रु. प्रतिदिन भुगतान से चयनित व्यक्ति निर्धारित अस्पताल में 30 हजार रु. तक का उपचार
• जयप्रकाश नारायण रोजगार गारन्टी योजना	2002–03	देश के पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों व जरूरत मन्दों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु
• हरियाली योजना	27 Jan., 2003	ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण को प्रोत्साहन
• ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं की उपलब्धता कार्यक्रम (PURA)	15 Aug., 2003	ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत सुविधा उपलब्ध कराना
प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना	2003	देश के पिछड़े राज्यों में 6 नये AIIMS अस्पतालों को स्थापित करने हेतु
काम के बदले अनाज	2004	
असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा पायलट योजना	23 Jan., 2004	असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पारिवारिक पेंशन बीमा व चिकित्सा आदि सुविधा देना
नेशनल फूड फार वर्क्स प्रोग्रैम	13/10/2004	
जवाहर लाल नेहरू नेशनल अरबन रिनुअल मिशन	3 Dec., 2005	शहरी अवस्थापना विकास
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य अभियान	12 April, 2005	प्राथमिक स्वास्थ्य सुरक्षाको सुदृढत्र करना
भारत निर्माण योजना	16 Dec., 2005	ग्रामीण अवस्थापना सर्वांगीण तथा व्यापक विकास योजना
आम आदमी बीमा योजना	2 Oct., 2007	भूमि रहित ग्रामीण परिवार के मुखया या आय अर्जक व्यक्ति की बीमा योजना
• राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना	1 Oct., 2007	बीपीएल परिवार के असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य बीमा देना
• जनशाला सबला	19 Nov., 2010	किशोरी सशक्तीकरण की केन्द्रीय योजना, देश के 200 जिलों में लागू किशोरियों के स्वास्थ्य तथा पोषण से सम्बन्धित योजना
• स्वावलम्बन	27 Sept. 2010	असंगठित क्षेत्र के लिए नयी पेंशन योजना
• राजीव गाँधी स्कीम फार ऐडोलेसेन्ट गर्ल्स	1 April 2010 से लागू	ICDS द्वारा क्रियान्वित
• महिला कृषि सशक्तीकरण योजना	1 April 2010 से लागू	नेशनल लिवलीहुड मिशन का एक उपभाग
• नेशनल रूरल लिवलीहुड मिशन	2009–10	SGSY का नया नाम
• राजीव आवास योजना (RAY)	2009–10	स्लममुक्ति से सम्बन्धित
• प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना	2009–10	अनुसूचित जाति बहुल ग्राम विकास योजना
• महिला किसान सशक्तीकरण योजना	2010–11	ग्रामीण किसान महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु
• महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्ल्वायमेंट गारन्टी प्रोग्राम (मनरेगा)	2006 से शुरू नरेगा को 2 अक्टू. 2009 को नये नाम मनरेगा से शुरू	ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार का अधिकार देना

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद {जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475

भारतीय कृषि

- वर्तमान में कृषि क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 26% का योगदान करता है। 1950–51 में यह जी. डी. पी. का 55.4% था।
- भारत में श्रम शक्ति का लगभग 65% भाग कृषि क्षेत्र से जीविका पाता है। 2009–10 : 52%
- यह बहुत निराशाजनक है कि 1951–2001 के दौरान, कृषि श्रमिकों का अनुपात 20% से बढ़कर 27% हो गया; जबकि कृषकों की मात्रा 50% से घटकर 32% हो गई।
- कृषि से प्रमुख उद्योगों को कच्चा माल मिलता है। सूती और पटसन वस्त्र उद्योग, चीनी, चाय, वनस्पति तथा बागान उद्योग, ये सब कृषि पर निर्भर हैं। हस्तकरघा बुनाई, तेल निकालना, चावल कूटना आदि बहुत से लघु और कुटीर उद्योगों को भी कृषि से कच्चा माल मिलता है।
- विनिर्माण–क्षेत्र में उत्पनन आय का 50% इस क्षेत्र से आता है।
- भारत से निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में मुख्यतः कृषि वस्तुएँ हसी हैं।
- मोटे तौर पर कुल निर्यात में कृषि वस्तुओं का अनुपात लगभग 15-20% है तथा कृषि से बनी वस्तुओं का अनुपात 20% है।
- कृषि भारत की परिवहन–व्यवस्था का मुख्य अवलम्ब है क्योंकि रेलवे और सड़क मार्ग का अधिकांश व्यापार कृषि वस्तुओं को लाना व ले जाना है।
- अन्तर्देशीय व्यापार की वस्तुएँ भी मुख्यतः कृषि वस्तुएँ ही हैं।
- अच्छी फसल होने पर किसानों की क्रय शक्ति बढ़ जाती है जिससे उद्योग–निर्मित वस्तुओं की माँग और कीमतें बढ़ जाती हैं। परिणामतः उद्योगों की प्रगति होने लगती है।
- अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत सकल उर्वरक उपभाग में विश्व में चौथा स्थान रखता है।
- दुग्ध उत्पादन में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है।
- भारत में कृषि उत्पादन में पशुपालन उत्पाद का हिस्सा 26% है।

उत्पादन सम्बन्धित क्रान्तियाँ

- **हरित क्रान्ति** : हरित क्रान्ति का सम्बन्ध कृषि क्षेत्र में उत्पादन तकनीक के सुधार एवं कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने से है। इस क्रान्ति का श्रेय मैक्सिको के डॉ. नॉर्मन बोरलॉग और भारत के डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन को जाता है।
- **पीली क्रान्ति** : खाद्य तेलों और तिलहन फसलों के उत्पादन के क्षेत्र में अनुसन्धान और विकास।
- **श्वेत क्रान्ति** : दूध के क्षेत्र में क्रान्ति उत्पन्न करके उत्पादकता बढ़ाने के कार्यक्रमों को ही श्वेत क्रान्ति का नाम दिया गया। श्वेत क्रान्ति की गति को और तेज करने के उद्देश्य से **"आपरेशन फ्लड"** नामक योजना आरम्भ की गयी। इस क्रान्ति का श्रेय भारत के डॉ. वर्गीस कुरियन को जाता है।
- **नीली क्रान्ति** : मछली उत्पादन के क्षेत्र में हुई प्रगति को नीली क्रान्ति के रूप में जाना जाता है।
- **गुलाबी क्रान्ति** : मांस व्यापार के क्षेत्र में हुई प्रगति को गुलाबी क्रान्ति के रूप में जाना जाता है।
- **सलेटी क्रान्ति** : अण्डे उत्पादन के क्षेत्र में हुई प्रगति को सलेटी क्रान्ति के रूप में जाना जाता है।
- **भूरी क्रान्ति** : गैर–परम्परागत ईंधन के उत्पादन के क्षेत्र में हुई क्रान्ति भूरी क्रान्ति के रूप में जानी जाती है।

भारतीय वित्तीय प्रणाली

भारतीय वित्तीय प्रणाली को मुख्यतः दो भागों में बाँटा गया है। (1) मुद्रा बाजार, (2) पूँजी बाजार

मुद्रा बाजार के अन्तर्गत अल्पकालीन प्रतिभूतियों में व्यवहार किया जाता है अर्थात् इसकी अवधि 1 वर्ष से कम होती है, जबकि पूँजी बाजार के अन्तर्गत दीर्घकालीन प्रतिभूतियों का व्यापार किया जाता है अर्थात् 3 वर्ष से अधिक 15 वर्ष से कम।

भारतीय मुद्रा बाजार को संगठित तथा असंगठित दो क्षेत्रों में बाँटा गया है। असंगठित के अनतर्गत सेठ, महाजन, साहूकार शामिल है जबकि संगठित क्षेत्र के अन्तर्गत RBI शीर्ष पर कार्य करती है तथा इसके साथ–साथ व्यापारिक बैंक व गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाएँ (LIC, GIC) भी कार्य करते हैं।



भारत में प्रतिभूति–मुद्रण एवं सिक्कों का उत्पादन (Printing of Securities and Minting in India)

भारत में प्रतिभूति मुद्रण एवं सिक्कों का उत्पादन निम्नलिखित स्थानों पर किया जाता है–

छापेखाने (Printing Press) :

1. **इण्डिया सिक्योरिटी प्रेस, नासिक (महाराष्ट्र)** : नासिक रोड स्थित भारत प्रतिभूति मुद्रणालय (India Security Press) में डाक सम्बन्धी लेखन सामग्री, डाक एवं डाक भिनन टिकटों, अदालती एवं गैर–अदालती स्टाम्पों, बैंकों (RBI तथा SBI) के चेकों, बॉण्डों, राष्ट्रीय बचत पत्रों, पोस्टल ऑर्डर, पासपोर्ट, इन्दिरा विकास पत्रों, किसान विकास पत्रों आदि के अलावा राज्य सरकारों, सरकारी क्षेत्र के उपक्रकों, वित्तीय निगमों आदि के प्रतिभूति पत्रों की छपाई की जाती है।
2. **सिक्योरिटी प्रिन्टिंग प्रेस, हैदराबाद** : सिक्योरिटी प्रिन्टिंग प्रेस, हैदराबाद की स्थापना दक्षिण राज्यों की डाक लेखन सामग्री की माँगों को पूरा करने व पूरे देश की केन्द्रीय उत्पाद शुल्क स्टाम्प की माँग को पूरा करने के लिए 1982 में की गई थी, ताकि भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, नासिक रोड के उत्पादन की अनुपूर्ति की जा सके।

3. **करेन्सी प्रेस नोट, नासिक (महाराष्ट्र)** : नासिक रोड स्थित करेंसी नोट प्रेस 10, 50, 100, 500 तथा 1000 रुपए के बैंक नोट छापती है और उनकी पूर्ति करती है।

4. **बैंक नोट प्रेस, देवास (मध्य प्रदेश)** : देवास स्थित बैंक नोट प्रेस 20 रुपए, 50 रुपए, 100 रुपए और 500 पए के उच्च मूल्य वर्ग के नोट छापती है। बैंक नोट प्रेस का स्याही का कारखाना प्रतिभूति पत्रों की स्याही का निर्माण भी करता है।

5. **शाहबनी (प. बंगाल) तथा मैसूर (कर्नाटक) के भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण लिमिटेड** : दो नए एवं अतयाधुनिक करेन्सी नोट प्रेस मैसूर (कर्नाटक) तथा साल्बोनी (प. बंगाल) में स्थापित किए गए हैं। यहाँ RBI के नियंत्रण में करेन्सी नोट छापे जाते हैं। इन नए मुद्रणालयों में 1998–99 तक 10,000 मिलियन करेन्सी नोटों का अतिरिक्त वार्षिक मुद्रण का अनुमान था। देवास तथा नासिक रोड स्थित करेन्सी नोट प्रेसों में प्रतिवर्ष 6000 मिलियन करेन्सी नोटों का मुद्रण होता है।

6. **सिक्योरिटी पेपर मिल, होशंगाबाद (मध्य प्रदेश)** : बैंक और करेन्सी नोट कागज तथा नॉन जयूडिशियल स्टाम्प पेपर की छपाई में प्रयोग होने वाले कागज का उत्पादन करने के लिए सिक्यूरिटी पेपर मिल, होशंगाबाद में 1967–68 में चालू की गई थी।

टकसाल
(Mints)

सिक्कों का उत्पादन करने तथा सोने और चाँदी की परख करने एवं तमगों का उत्पादन करने के लिए भारत सरकार की चार टकसालें मुम्बई, कोलकाता, हैदराबाद तथा नोएडा में स्थित है। मुम्बई, हैदराबाद और कोलकाता की टकसालें काफी समय पहले क्रमशः 1830, 1903 और 1950 में स्थापित की गई थीं, जबकि नोएडा की टकसाल 1989 में स्थापित की गई थी। मुम्बई तथा कोलकाता की टकसालों में सिक्कों के अलावा विभिन्न प्रकार के पदकों (मेडल) का भी उत्पादन किया जाता है। नाएडा की टकसाल में नवीनतम मशीनरी तथा उपकरण हैं, परन्तु अन्य तीनों टकसालों की मशीनें काफी पुरानी हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनके रखरखाव पर काफी लागत आती है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर

भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1935 में हुई थी। चालू वर्ष 2010 में अपनी स्थापना के 75 वर्ष भारत के इस केन्द्रीय बैंक ने पूरे किए हैं। इन 75 वर्षों में कुल 22 व्यक्तियों ने इस बैंक के सर्वोच्चच गवर्नर पद को सुशोभित किया है। इन सभी 22 व्यक्तियों के नाम व आरबीआई गवर्नर के रूप में उनका कार्यकाल निम्नलिखित है–

क्र.	गवर्नर	कार्यकाल
1.	सर ओसबोर्न स्मिथ (Sir Osborne Smith)	1–4–35 से 30–6–37
2.	सर जेम्स टेलर (Sir James Taylor)	1–7–37 से 17–2–43
3.	सर सी. डी. देशमुख	11–8–43 से 30–6–49
4.	सर बेनेगल रामाराउ	1–7–49 से 14–1–57
5.	के. जी. अंबेगावकर	14–1–57 से 28–2–57
6.	एच.वी.आर. आयंगर	1–3–57 से 28–2–62
7.	पी.सी. भट्टाचार्य	1–3–62 से 30–6–67
8.	एल.के. झा	1–7–67 से 3–5–70
9.	बी.एन. अदारकर	4–5–70 से 15–6–70
10.	एस. जगन्नाथन	16–6–70 से 19–5–75
11.	एन.सी. सेनगुप्ता	19–5–75 से 19–8–75
12.	के.आर. पुरी	20–8–75 से 2–5–77
13.	एम. नरसिंहम	2–5–77 से 30–11–77
14.	आई. जी. पटेल	1–12–77 से 15–9–82
15.	डॉ. मनमोहन सिंह	16–9–82 से 14–1–85
16.	ए. घोष	15–1–85 से 4–2–85
17.	आर. एन. मल्होत्रा	4–2–85 से 22–12–90
18.	एस. वेंकटारमणन	22–12–90 से 21–12–90
19.	डॉ. सी. रंगराजन	22–12–92 से 21–11–97
20.	डॉ. बिमल जालान	22–12–97 से 6–9–03
21.	डॉ. वाई. वी. रेड्डी	6–9–03 से 5–9–08
22.	डी. सुब्बाराव	5–9–08 से अब तक

भारत को FDI में शीर्षस्थ देशों का हिस्सा (अगस्त 1991 से मार्च 2007 तक)

देश	FDI अन्तर्प्रवाह राशि	प्रतिशत
1. मॉरिशस	18146.81	41.24
2. सं. रा. अमरीका	5893.99	12.78
3. यू. के.	3857.25	6.68
4. नीदरलैण्ड	2637.86	5.97
5. जापान	2208.51	4.85
6. जर्मनी	1701.63	3.68
7. सिंगापुर	1628.18	3.67
8. फ्रांस	895.44	1.96
9. दक्षिणी कोरिया	822.68	1.66
10. स्विट्जरलैण्ड	692.17	1.50
कुल (अन्य को सम्मिलित करते हुए)	**54628.85**	

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475
{जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}

भारतीय बैंकिंग व्यवस्था : एक परिचय

भारत में एक और संगठित तथा आधुनिक बैंकिंग संगठन तथा दूसरी ओर असंगठित बैंकिंग क्षेत्र का सह–अस्तित्व पाया जाता है। भारत में बैंकिंग संगठन की संरचना को निम्नलिखित तालिका के द्वारा समझा जा सकता है–



भारतीय रिजर्व बैंक
(Reserve Bank Of India)

हिल्टन यंग आयोग ने भारत में 1926 ई. में प्रचलित मौद्रिक एवं साख प्रणाली में सुधार की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए एक केन्द्रीय बैंक की स्थापना करने का सुझाव दिया। आयोग की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने केन्द्रीय बैंक की स्थापना हेतु एक बिल 1927 ई. में विधान सभा में प्रस्तुत किया, जो दुर्भाग्यवश पारित नहीं हो सका। पुनः 1930 ई. में केन्द्रीय बैंकिंग जाँच समिति ने केन्द्रीय बैंक की स्थापना की सिफारिश की, जिसके आधार पर 8 सितम्बर, 1933 को विधान सभा में सरकार ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया विधेयक प्रस्तुत किया, जिसे विधान सभा ने पारित कर दिया। इस विधेयक पर 6 मार्च, 1934 को गवर्नर जनरल द्वारा हस्ताक्षर किये गये। तत्पश्चात् 1 अप्रैल, 1935 को 5 करोड़ रुपए की अंश पूँजी के साथ (100 रुपये के पूर्णतया प्राप्त अंशों के साथ) इसकी स्थापना की गई।

प्रारम्भ में यह बैंक अंशधारियों के बैंक के रूप में कार्य करता था, जिसकी लगभग सारी पूंजी निजी अंशधारियों की थी। 2,22,000 रुपये के अंश ही सरकार के पास थे। इस रूप में बैंक ने स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक काम किया, परन्तु 1 जनवरी, 1949 को इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। तब से यह केन्द्र सरकार के स्वामित्व में है।

रिजर्व बैंक का प्रबन्धन

रिजर्व बैंक का प्रबन्ध और संचालन एक बीस सदस्यीय केन्द्रीय निदेशक बोर्ड करता है, जिसमें एक गवर्नर, चार उप–गवर्नर, भारत सरकार केवित्त मंत्रालय का एक अधिकारी व सरकार द्वारा मनोनीत दस निदेशक जो देश के आर्थिक जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा चार स्थानीय बोर्डों का प्रतिनिधत्व करने वाले चार निदेशक (केन्द्र सरकार द्वारा ही मनोनित) होते हैं।

मुम्बई स्थित प्रधान कार्यालय के अलावा रिजर्व बैंक के चार स्थानीय बोर्ड मुम्बई, कोलकाता, नई दिल्ली और चेन्नई में हैं, जो स्थानीय मुद्दों का अध्ययन करके केन्द्रीय बोर्ड को परामर्श देते हैं। प्रत्येक स्थानीय बोर्ड में केन्द्र सरकार द्वारा मनोनीत पाँच सदस्य होते हैं।

बैंक के प्रचलन तथा बैंकिंग विभाग मुम्बई, कोलकाता, जयपुर, चेन्नई, नई दिल्ली, बायखला (मुम्बई), बंगलौर, नागपुर तथा कानपुर में स्थित हैं। इसका एक कार्यालय लन्दन में भी है।

रिजर्व बैंक के प्रमुख कार्य

भारत का केन्द्रीय बैंक होने के कारण रिजर्व बैंक के कार्य अत्यन्त विस्तृत हैं, जिन्हें दो वर्गों में बाँटा जा सकता है–

(A) सामान्य केन्द्रीय बैंकिंग कार्य : इसवर्ग के अन्तर्गत निम्न कार्यों का सम्पादन रिजर्व बैंक के द्वारा किया जाता है–

1. करेन्सी नोटों का निर्गमन
2. सरकारी बैंकर का काम करना
3. बैंकों के बैंक का कार्य करना
4. विदेशी विनिमय का नियंत्रण
5. साख नियंत्रण (Credit Control)
6. कृषि वित्त की व्यवस्था करना

(B) विकास सम्बन्धी एवं प्रवतन कार्य : रिजर्व बैंक भारत के विकास और प्रवर्तन सम्बन्धी अनेक कार्यों को सम्पादित करने में लगा हुआ है, उदाहरणार्थ ग्रामीण तथा पिछड़े क्षेत्रों में वाणिज्यिक बैंकों की नवीन शाखाएँ खुलवाना, लोगों में बचत की आदत डलवाना, उन्हें ग्रामीण साहूकारों व सूदखोरों के चंगुल से आजाद कराना, कृषि हेतु संस्थागत ऋण उपलब्ध कराना आदि। बैंकों के जमाकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 1962 ई. में 'जीवन बीमा निगम' की तथा बचतों को प्रोत्साहित करने हेतु 1964 ई. में 'यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया' की स्थापना की गई। कृषि के विकास हेतु सहकारी समितियों के विकास को प्रोत्साहित करने में रिजर्व बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी प्रकार औद्योगिक विकास हेतु भारतीय औद्योगिक वित्त निगम और राज्य वित्त निगमों, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक आदि की स्थापना की गई। इन सभी विकास कार्यों में रिजर्व बैंक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

R.B.I. के प्रमुख कार्य :

(1) पत्र मुद्रा का निर्गमन : 2 रु. से लेकर 1 हजार तक के मुख्य सभी नोट जारी करने का कार्य RBI करता है। प्रारम्भ में नोट जारी करने की प्रणाली अनुपातिक कोष प्रणाली थी अर्थात् 60% मूल्य सरकारी प्रतिभूती या रुपये में तथा 40% सोने व विदेशी प्रतिभूती में। अक्तूबर 1956 से न्यूनतम् कोष प्रणाली अपनाई गई। इसके अन्तर्गत 515 करोड़ की प्रतिभूति न्यूनतम् रूप से रखना होगा जिसमें 400 करोड़ की विदेशी प्रतिभूतियाँ तथा 115 करोड़ का स्वर्ण रखना अनिवार्य है। वर्तमान में यही प्रणाली प्रचलित है।

(2) बैंकों का बैंक : यह सभी प्रकार के बैंकों पर नियन्त्रण करता है और इन्हें अन्तिम रूप से ऋण भी प्रदान करता है।

(3) सरकार का बैंक : यह केन्द्र तथा राज्य सरकारों के बैंकर के रूप में कार्य करता है तथा केन्द्र को अल्पकालीन ऋण भी उपलब्ध कराता है।

विदेशी विनिमय कोष का प्रबन्ध भी करता है। यह केन्द्रीय बैंक के सभी विदेशी लेन–देन को भी नियमित करता है अर्थात विदेशी ऋण के सम्बन्ध में सरकार के प्रतिनिधि का रूप में कार्य करता है।

(4) साख नियंत्रक (Credit Control) :



रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया अर्थव्यवस्था में व्याप्त मंदी या मुद्रा स्फीति को दूर करने के लिए साख नियंत्रण की क्रिया अपनाती है इसे ही साख नियंत्रण के मौद्रिक उपाय भी कहते हैं–

परिमाणात्मक उपाय :

(1) बैंक दर : बैंक दर वह दर है जिस दर पर केन्द्रीय बैंक व्यवसायिक बैंकों को उधार या ऋण देता है। इसी को बिलों की पूनरकटौती भी कहते हैं। इसकी वर्तमान दर 6% हैं मुद्रा स्फीति के दिनों में इसे बढत्रा दिया जाता है तो मंदी के दौर में इसे घटा दिया जाता है।

(2) खुले बाजार की क्रियाएँ : RBI इसके अन्तर्गत प्रतिभूतियों में व्यापार करती हैं अर्थात् जब मुद्रा स्फीति की स्थिति होगी तब वह प्रतिभूतियों को बेचेगी। इसके विपरीत मंदी के दिनों में प्रतिभूतियों को खरीद लेती है।

(3) परिवर्तनीय कोष अनुपात : साख नियंत्रण के सर्वाधिक उपर्युक्त उपाय इसी में शामिल है।

(i) CRR : RBI के नियमानुसार प्रत्येक वाणिज्यिक बैंक अपनी प्रारम्भिक जमा का 3 से 15% तक RBI के पास रखता है। RBI अर्थव्यवस्था की स्थिति के अनुसार इसे घटा–बढ़ा सकती है। वर्तमान में इसकी दर 6% है।

(ii) SLR : (Statury Liquidity Ratio) : RBI के नियमानुसार प्रत्येक वाणिज्यिक बैंक अपनी प्रारम्भिक जमा का 25–35% तक अपने पास रख सकता है। जिसे RBI आवश्यकतानुसार बदलती रहती है। वर्तमान में इसकी दर 25% है।

नोट : 2008 में इसकी न्यूनतम सीमा भी समापत कर दी गई और इसे घटा कर 24% कर दिया गया है।

अल्प कालिक ऋण के उपाय :

(1) Repo (Re Purchase Option) : जब भारत सरकार अर्थव्यवस्था में व्याप्त मंदी को दूर करने के लिए अल्पकालीन ऋण लोगों को देती है तो इसे **Repo** कहा जाता है। इससे तरलता में वृद्धि होती है।

(2) Reverse Repo : जब अर्थव्यवस्था से मुद्रा स्फीति को कम करनी होती है तब वह इसका उपयोग करती है। दोनों की दरें क्रमशः 6 और 5% है।

भारतीय रुपया : भारतीय रुपया दशमलव प्रणाली पर आधारित है। 1957 से पूर्ण रुपया एकन्नी, दूअन्नी, चवन्नी के अनुपात में बँटा होता था। 1957–64 के बीच नए पैसे में बदल गया। 1964 के पश्चात नया पैसा–पैसे में बदल गया। 1 रुपए की नोट पित्त मंत्रालय द्वारा जारी की जाती है। इस पर वित्त सचीव के हस्ताक्षर होता है। वर्तमान में इसे बन्द कर दिया गया है।

भारतीय वाणिज्यिक बैंक
(Indian Commercial Banks)

ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारत में बैंकिंग प्रणाली की नींव डाली। भारत में प्रथम मिश्रित पूंजी बैंक 'बैंक ऑफ हिन्दुस्तान' था, जिसका प्रबन्धन ब्रिटिश हाथों में था। प्रथम पूर्णतया भारतीय मिश्रित बैंक 'अवध वाणिज्यिक बैंक' था, जिसकी स्थापना 1881 ई. में हुई थी। 1894 ई. में 'पंजाब नेशनल बैंक' और 1901 ई. में 'पीपुल्स बैंक' की स्थापना हुई। 1913 ई. तक 5 लाख रुपये या इससे अधिक पूँजी वाले बैंकों की संख्या सिर्फ 18 थी। 1921 ई. में वर्तमान तीनों प्रेसीडेंसी बैंकों का विलय करके 'इम्पीरियल बैंक' की स्थापना की गई। स्वतंत्रता पूर्व बैंकिंग व्यवस्था में काफी अस्थायित्व था और अनेक बैंक असफल हो गये थे, जैसे– बैंक ऑफ अपर इंडिया, एलायंस बैंक ऑफ शिमला, ट्रवनकोर नेशनल और क्वीनल बैंक आदि।

भारत में वाणिज्यिक बैंकों को दो वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है– 1. अनुसूचित बैंक और 2. गैर–अनुसूचित बैंक। अनुसूचित बैंक वे हैं, जिनका नाम रिजर्व बैंक की द्वितीय अनुसूची में उन्हीं बैंकों के नाम पंजीकृत होते हैं,जिनकी चुकता पूंजी और कुल जमा मिलाकर पाँच लाख रुपये से अधिक है। इन बैंकों को अपनी कुल माँग देयताओं तथा सावधि देयताओं का 3% भाग रिजर्व बैंक के पास नकद कोष के रूप में जमा करना पड़ता है। रिजर्व बैंक को इस नकद कोष को 15% तक करने का अधिकार प्राप्त है। साथ ही, ये बैंक अपना लेखा–जोखा हर सप्ताह रिजर्व बैंक के समक्ष प्रस्तुत करते हैं।

पाँच लाख से कम चुकता पूंजी और जमा रखने वाले बैंक गैर–अनुसूचित बैंक कहलाते हैं, जिन पर रिजर्व बैंक का कोई महत्वपूर्ण नियंत्रण नहीं होता। इन बैंकों को अपना लेखा–जोखा प्रत्येक महा रिजर्व बैंक के सामने प्रस्तुत करना होता है। इन्हें भी अपने कुल जमा का एक निश्चित भाग रिजर्व बैंक के पास रखना होता है।

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद {जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475

भारतीय स्टेट बैंक

पूर्व नाम : बैंक ऑफ कलकत्ता (1806 ई.), बैंक ऑफ बंगाल (1809 ई.) और इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया (1921 ई.)।

स्थापना वर्ष : 1806 ई.।

संस्थापक : बंगाल सरकार।

राष्ट्रीयकरण : 1955 ई.।

प्रधान कार्यालय : मुंबई (महाराष्ट्र)।

हिस्सेदारी : 59.73% (आर. बी. आई.)।

परिसंपत्ति : 4812 करोड़ रुपये।

1 जनवरी, 1949 को रिजर्व बैंक के राष्ट्रीयकरण के साथ ही 'बैंकिंग नियमन अधिनियम' पारित किया गया, जिसके द्वाराभारतीय रिजर्व बैंक को वाणिज्यिक बैंकों पर नियंत्रण रखने का विस्तृत अधिकार प्राप्त हो गया। यद्यपि ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति (1950 ई.) इम्पीरियल बैंक के राष्ट्रीयकरण के पक्ष में नहीं थी, पर अखिल भारतीय साख सर्वेक्षण समिति (1952 ई.) ने इम्पीरियल बैंक के साथ कुछ राज्य–सम्बद्ध बैंकों को मिलाकर 'स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया' की स्थापना की संस्तुति की। फलस्वरूप 1 जुलाई, 1955 से इम्पीरियल बैंक की सभी सम्पत्तियों तथा देनदारियों को अधिग्रहण करके भारतीय स्टेट बैंक ने कार्य करना शुरू किया।

सार्वजनिक क्षेत्र में दो प्रकार की बैंक कार्यरत् हैं– 1. भारतीय स्टेट बैंक समूह तथा 2. अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकें। व्यापारिक बैंक वर्ग के अनतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक शीर्ष स्थान की बैंक है। जून, 2006 के अन्त में स्टेट बैंक समूह की 13501 शाखाएँ कार्य कर रहीं थी। वर्तमान समय में 'भारतीय स्टेट बैंक' समूह की 15000 से भी अधिक शाखा हो चुके हैं। अभी एस.बी.आई. देश का सबसे बड़ा बैंक तथा शाखाओं की संख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा बैंक है।

SBI के राष्ट्रीयकरण के बाद 1959 ई. में इसके साथ अन्य 8 बैंकों (वर्तमान में केवल 5) को SBI के सहायक बैंक (Associate Bank) के रूप में बदल दिया गया था और इसे 'स्टेट बैंक समूह' (State Bank Group) का नाम दिया गया। 24 जुलाई, 2008 को स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र एवं 26 अगस्त, 2010 को स्टेट बैंक ऑफ इंदौर को भारतीय स्टेट बैंक में विलय कर दिया गया। इस प्रकार वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक के सहायक (स्टेट बैंक एसोसिएट्स) पाँच बैंक निम्नलिखित हैं–

स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर

पूर्व नाम : द गोविंद बैंक प्राइवेट लिमिटेड।
राष्ट्रीयकरण : 1959 ई.।
प्रधान कार्यालय : जयपुर (राजस्थान)।
हिस्सेदारी : 75% (एस.बी.आई.)।
नोट : 1955 ई. में बीकानेर और जयपुर के अलग–अलग स्टेट बैंक थे, जिन्हें बाद में मिलाकर एक कर दिया गया।

स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद

पूर्व नाम : हैदराबाद स्टेट बैंक।
स्थापना वर्ष : 1941 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 1959 ई.।
प्रधान कार्यालय : हैदराबाद (आंध्र प्रदेश)।
हिस्सेदारी : 100% (एस.बी.आई.)।

स्टेट बैंक ऑफ मैसूर

पूर्व नाम : बैंक ऑफ मैसूर लिमिटेड।
स्थापना वर्ष : 1913 ई.।
संस्थापक : एम. विश्वेश्वरैया।
राष्ट्रीयकरण : 1959 ई.।
प्रधान कार्यालय : बंगलौर (कर्नाटक)।
हिस्सेदारी : 92.33% (एस.बी.आई.)।

स्टेट बैंक ऑफ पटियाला

पूर्व नाम : पटियाला स्टेट बैंक।
स्थापना वर्ष : 1917 ई.।
संस्थापक : महाराजा भूपिंदर सिंह।
राष्ट्रीयकरण : 1959 ई.।
प्रधान कार्यालय : पटियाला (पंजाब)।
हिस्सेदारी : 100% (एस.बी.आई.)।

स्टेट बैंक ऑफ ट्रेवेनकोर

पूर्व नाम : ट्रेवेनकोर बैंक लिमिटेड।
स्थापना वर्ष : 1945 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 1959 ई.।
प्रधान कार्यालय : त्रिवेंद्रम (केरल)।
हिस्सेदारी : 75% (एस.बी.आई.)।

अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक

इलाहाबाद बैंक

स्थापना वर्ष : 1865 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : कोलकाता (पश्चिम बंगाल)।
हिस्सेदारी : 55.23% (केन्द्र सरकार)।

आंध्रा बैंक

स्थापना वर्ष : 1923 ई.।
संस्थापक : डॉ. बी. पट्टाभि सीतारमैया।
राष्ट्रीयकरण : 15 अप्रैल, 1980।
प्रधान कार्यालय : हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।
हिस्सेदारी : 62.50% (केंद्र सरकार)
परिसंपत्ति : 48 करोड़ रुपये।

बैंक ऑफ बड़ौदा

स्थापना वर्ष : 15 जुलाई, 1908 ई.।
संस्थापक : महाराजा सयाजीराव–III
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : मुम्बई (महाराष्ट्र)।
हिस्सेदारी : 66.83% (केंद्र सरकार)।
परिसंपत्ति : 619 करोड़ रुपये।

बैंक ऑफ इंडिया

स्थापना वर्ष : 1906 ई.।
संस्थापक : मुंबई के व्यापारियों का समूह।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : मुंबई (महाराष्ट्र)।
हिस्सेदारी : 69.47% (केंद्र सरकार)।
परिसंपत्ति : 1554 करोड़ रुपये।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र

स्थापना वर्ष : 1935 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : पुणे (महाराष्ट्र)।
हिस्सेदारी : 76.77% (केंद्र सरकार)।
परिसंपत्ति : 280 करोड़ रुपये।

केनरा बैंक

पूर्व नाम : केनरा बैंक हिंदू परमानेंट फंड।
स्थापना वर्ष : 1906 ई.।
संस्थापक : ए. सुब्बाराव पाई।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : बंगलौर (कर्नाटक)।
हिस्सेदारी : 73.17% (केंद्र सरकार)।
परिसंपत्ति : 1125 करोड़ रुपये।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

स्थापना वर्ष : 1911 ई.।
संस्थापक : सोराब्जी पोच्खानवाला।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : मुंबई (महाराष्ट्र)।
परिसंपत्ति : 814 करोड़ रुपये।

कॉर्पोरेशन बैंक

स्थापना वर्ष : 1906 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 15 अप्रैल, 1980।
प्रधान कार्यालय : मंगलौर (कर्नाटक)।
हिस्सेदारी : 57.17% (केंद्र सरकार)।
परिसंपत्ति : 206.8 करोड़ रुपये।

देना बैंक

पूर्व नाम : देवकरण नान्जी बैंकिंग कम्पनी लिमिटेड।
स्थापना वर्ष : 1938 ई.।
संस्थापक : प्राण लाल देवकरण नान्जी।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : मुंबई (महाराष्ट्र)।
हिस्सेदारी : 51.19% (केंद्र सरकार)।
परिसंपत्ति : 591 करोड़ रुपये।

इंडियन बैंक

स्थापना वर्ष : 1907 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : चेन्नई (तमिलनाडु)।
परिसंपत्ति : 418 करोड़ रुपये।

इंडियन ओवरसीज बैंक

स्थापना वर्ष : 1937 ई.।
संस्थापक : एम. चिदंबरम् चेतियार।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : चेन्नई (तमिलनाडु)।
हिस्सेदारी : 75% (भारत सरकार)।
परिसंपत्ति : 319 करोड़ रुपये।

ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स

स्थापना वर्ष : 1943 ई. (लाहौर)।
संस्थापक : रामबहादुर लाला सोहन लाल।
राष्ट्रीयकरण : 15 अप्रैल, 1980।
प्रधान कार्यालय : कनॉट प्लेस, नई दिल्ली।
हिस्सेदारी : 66.5% (भारत सरकार)।
परिसंपत्ति : 327 करोड़ रुपये।

पंजाब एंड सिंध बैंक

स्थापना वर्ष : 1908 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 15 अप्रैल, 1980।
प्रधान कार्यालय : राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली।

पंजाब नेशनल बैंक

स्थापना वर्ष : 1895 ई. (लाहौर)।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली।
हिस्सेदारी : 57.79% (भारत सरकार)।
परिसंपत्ति : 119 करोड़ रुपये।

सिंडिकेट बैंक

स्थापना वर्ष : 1925 ई.।
संस्थापक : यू.एस. पाई, वमन कुवा एवं टी.एम.ए. पाई।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : मणिपाल (कर्नाटक)।
हिस्सेदारी : 73.52% (भारत सरकार)।
परिसंपत्ति : 425 करोड़ रुपये।

यूको बैंक

पूर्व नाम : यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक लिमिटेड।
स्थापना वर्ष : 1943 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : कोलकाता (पश्चिम बंगाल)।
हिस्सेदारी : 74.98% (भारत सरकार)।
परिसंपत्ति : 810 करोड़ रुपये।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

स्थापना वर्ष : 1919 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : मुंबई (महाराष्ट्र)।
हिस्सेदारी : 60.85% (केंद्र सरकार)।
परिसंपत्ति : 1375 करोड़ रुपये।

यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया

पूर्व नाम : यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया लिमिटेड।
स्थापना वर्ष : 1950 ई.।
राष्ट्रीयकरण : 19 जुलाई, 1969।
प्रधान कार्यालय : कोलकाता (प. बंगाल)।
परिसंपत्ति : 277 करोड़ रुपये।

विजया बैंक

स्थापना वर्ष : 1931 ई.।
संस्थापक : ए. बी. शेट्टी।
राष्ट्रीयकरण : 15 अप्रैल, 1980 ई.।
प्रधान कार्यालय : बंगलौर (कर्नाटक)।
हिस्सेदारी : 53.87% (केन्द्र सरकार)।
परिसंपत्ति : 77.5 करोड़ रुपये।

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475
{जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}

वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण

पहले निजी बैंकें अपने धन की सुरक्षा और लाभ की दृष्टि से केवल बड़े उद्योगपतियों और व्यापारियों को ही ऋण दिया करती थीं। भारत की आर्थिक उन्नति की दृष्टि से एवं देश की गरीबी दूर करने के विचार से यह आवश्यक समझा गया कि कमजोर वर्गों को वित्तीय सहायता दी जाए। अतः बैंकों की ऋण नीति में परिवर्तन आवश्यक था। यह सोचा गया कि कमजोर वर्गों को बिना प्रतिभूति के ऋण देने की व्यवस्था की जाए। निजी क्षेत्र में ऐसा करना सम्भव नहीं था। अतः ऐसी स्थिति में बैंकों का राष्ट्रीयकरण आवश्यक हो गया था।

इसी से सम्बद्ध अन्य उद्देश्य भी थे, जैसे– बैंकों की शाखाएँ प्रायः शहरी क्षेत्रों में ही थीं। गाँवों और कस्बों में बैंकों की शाखाएँ स्थापित करना आवश्यक था, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से धनराशि एकत्र करने के लिए तथा बैंकों का क्षेत्र बढ़ाने के लिए उनको ग्रामीण जनता के निकट ले जाना आवश्यक था। यह निजी क्षेत्र में सम्भव नहीं था।

बैंकें कम–से–कम जोखिम का काम करती थीं। इस कारण कृषि एवं लघु उद्योगों की सहायता करने के लिए उनका राष्ट्रीयकरण आवश्यक हो गया था। बैंकों पर पूँजीपतियों का प्रभाव था, वे बैंकों के द्वारा अनुचित रूप से लाभान्वित हो रहे थे और सामान्य जनोपयोगी हितों की अपेक्षा हो रही थी।

अतः बैंकों को राष्ट्रीय नियोजन की मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से सरकार ने 19 जुलाई, 1969 को 14 बड़े व्यापारिक बैंकों, जिनकी जमाएँ 50 करोड़ रुपये से अधिक थी, का राष्ट्रीयकरण कर दिया। ये बैंक निम्नलिखित थे–

	बैंक का नाम	प्रधान कार्यालय
1.	सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया	मुम्बई
2.	पंजाब नेशनल बैंक	नई दिल्ली
3.	बैंक ऑफ इण्डिया	मुम्बई
4.	यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक	कोलकाता
5.	सिण्डीकेट बैंक	मणिपाल
6.	केनरा बैंक	बंगलौर
7.	बैंक ऑफ बड़ौदा	मुम्बई
8.	देना बैंक	मुम्बई
9.	इलाहाबाद बैंक	कोलकाता
10.	इण्डियन बैंक	चेन्नई
11.	इण्डियन ओवरसीज बैंक	चेन्नई
12.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	पुणे
13.	यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया	कोलकाता
14.	यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया	मुम्बई

नये बीस–सूत्रीय कार्यक्रम को गति देने के लिए तथा प्राथमिक क्षेत्र (Priority Sector) को ऋण देने के लिए अतिरिक्त धन की आवश्यकता थी। अतः पुनः 15 अप्रैल, 1980 को सरकार ने 6 बड़े व्यापारिक बैंकों, जिनकी जमाएँ 200 करोड़ रुपये से अधिक थी, का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इन छः बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देने से सरकार को 945 करोड़ रुपये की धनराशि तत्काल उपलब्ध हो गई। इसके साथ ही यह बात भीसामने थी कि सरकार बैंक की ऋण–नीति पर अधिक प्रभावशाली नियन्त्रण कर सकेगी। ये नये राष्ट्रीयकृत बैंक थे–

	बैंक का नाम	प्रधान कार्यालय
1.	आन्ध्र बैंक	हैदराबाद
2.	पंजाब एण्ड सिंध बैंक	नई दिल्ली
3.	ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स	नई दिल्ली
4.	विजया बैंक	बंगलौर
5.	कॉर्पोरेशन बैंक	मंगलौर
6.	न्यू बैंक ऑफ इण्डिया	.....

नोट : वर्तमान में राष्ट्रीयकृत व्यापारिक बैंकों की कुल संख्या 20 से घटकर 19 रह गई है, क्योंकि 4 सितम्बर, 1993 को सरकार ने 'न्यू बैंक ऑफ इण्डिया' का पंजाब नेशनल बैंक में विलय कर दिया है।

11 अक्टूबर, 2004 में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) का राष्ट्रीयकरण कर देने के उपरान्त राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या पुनः वर्तमान में 20 हो गई है।

निजी बैंकों का सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में विलय

क्र.	निजी क्षेत्र के बैंक	जिसमें विलय किया गया
1.	बैंक ऑफ कोचीन	स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
2.	लक्ष्मी कॉमर्शियल बैंक	केनरा बैंक
3.	बैंक ऑफ बिहार	स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
4.	हिन्दुस्तान कॉमर्शियल बैंक	पंजाब नेशनल बैंक
5.	मिराज स्टेट बैंक	यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया
6.	ट्रेडर्स बैंक	बैंक ऑफ बड़ौदा
7.	बैंक ऑफ क्रेडिट कॉमर्स	स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
8.	बैंक ऑफ तमिलनाडु	इण्डियन ओवरसीज बैंक
9.	तंजावुर बैंक	इण्डियन बैंक
10.	पारूल सेंट्रल बैंक	बैंक ऑफ इण्डिया
11.	यूनाइटेड इण्डस्ट्रियल बैंक	इलाहाबाद बैंक
12.	पूर्वांचल बैंक	सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया
13.	बैंक ऑफ करड़	बैंक ऑफ इण्डिया
14.	बरेली कॉरपोरेशन बैंक	बैंक ऑफ बड़ौदा
15.	सिक्किम बैंक	यूनियन बैंक ऑफ कॉमर्स
16.	बनारस स्टेट बैंक	बैंक ऑफ बड़ौदा
17.	पंजाब कोऑपरेटिव बैंक	ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
18.	दोआब बैंक	बैंक ऑफ बड़ौदा
19.	नेदुनगड़ी बैंक	पंजाब नेशनल बैंक
20.	ग्लोबल ट्रस्ट बैंक	ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(Regional Rural Banks)

बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् भी वाणिज्यिक बैंकों की पहुँच ग्रामीण स्तर तक नहीं हो पायी। ग्रामीण क्षेत्र बैंकिंग सुविधाओं से वंचित ही रहे। विशेषकर कृषि क्षेत्र को बैंको का बहुत कम लाभ प्राप्त हुआ। कृषि एवं ग्रामीण कारीगरों को आर्थिक सहायता पहुँचाने तथा उनकीबचतों को उपयुक्त आधार देने के उद्देश्य से आर. जी. सुरैया की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया गया जिसने जनवरी, 1972 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें आयोग ने ग्रामीण बैंक की संकल्पना प्रस्तुत की। फलस्वरूप भारत में ग्रामीण साख की कमी को दूर करने के उद्देश्य से सरकार ने 26 सितम्बर, 1975 को एक अध्यादेश द्वारा देशभर में 'क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' (RRB) की घोषणा की। देश में 2 अक्टूबर, 1975 को पाँच क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक स्थापित किये गये–

1. मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) – सिण्डीकेट बैंक
2. गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) – स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
3. भिवानी (हरियाणा) – पंजाब नेशनल बैंक
4. जयपुर (राजस्थान) – यूनाइटेड कॉमर्शियल बैंक
5. माल्दा (पश्चिम बंगाल) – यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया

प्रत्येक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की अधिकृत पूँजी (Authorised Capital) 1 करोड़ रुपये और जारी और चुकता पूँजी (Issued and Paid up Capital) 25 लाख रुपये थी। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की हिस्सा पूँजी में केन्द्रीय सरकार द्वारा 50%, राज्य सरकार द्वारा 15% तथा लीड बैंक द्वारा 35% का योगदान दिया जाता है।

इन बैंकों द्वारा उपलब्ध करायी गयी साख सुविधा का 75% ग्रामीण क्षेत्रों के कमजोर वर्गों को उपलब्ध करायी जाती है। 1 जून, 1996 तक देश में इन बैंकों की 19516 शाखाएँ थी तथा देश के 389 जिलों में इनका फैलाव है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सिक्किम और गोवा को छोड़कर देश के सभी राज्यों में कार्यरत् हैं। अभी देश में कुल 82 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं। इन बैंकों ने 7500 करोड़ रुपये वार्षिक साख सुविधा उपलब्ध कराये हैं।

सहकारी ऋण समितियाँ : सहकारी वित्त प्रबंध ग्राम ऋण का सबसे सस्ता और उत्तम स्रोत है। इसमें किसानों के शोषण का भय नहीं रहता। इसके द्वारा अल्पकालीन और मध्यकालीन ऋण उपलब्ध कराये जाते हैं। इन समितियों द्वारा 1981 ई. में कृषि क्षेत्र में कुल आवश्यकता का 33% ऋण जुटाया गया, जबकि 1951–52 में यह अनुपात केवल 3% था। ये समितियाँ 86 प्रतिशत गाँवों में फैली हुई हैं।

देशी बैंकर : ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में दो प्रकार के देशी बैंकर होते हैं। प्रथम प्रकार के बैंकर, बैंकिंग कार्य करने के साथ–साथ कृषि, व्यापार तथा अन्य कार्य भी करते हैं। दूसरी श्रेणी में वे बैंकर हैं, जिनका बैंकिंग व्यवसाय ही मुख्य पेशा है। इनके ऋण देने की प्रणाली अत्यंत सरल है, ये उत्पादक और अनुत्पादक दोनों प्रकार के ऋण देते हैं। इनका अपने ग्राहकों से प्रत्यक्ष व्यक्तिगत संबंध होता है। इसमें सामान्यतः ब्याज की दर अपेक्षतः अधिक होता है। 1951–52 में जहाँ इनके द्वारा कुल ग्रामीण ऋण का 70 प्रतिशत उपलब्ध कराया जाता था, वहीं वर्ष 1991 तक इनका भाग गिरकर 17.6% हो गया।

व्यवसायिक बैंक : भारत का पहला बैंक जो भारतीयों द्वारा संचालित था। 1881 में अवध कामर्शियल बैंक के नाम से खोला गया। यह भारतीयों के प्रति सीमित दायित्व काा बैंक था। जबकि पूर्णता भारतीयों द्वारा संचालित बैंक पंजाब नेशनल बैंक (1894) था।

भारत के व्यवसायिक बैंक : व्यावसायिक बैंक वे बैंक हैं जो जनता से बचत को जमा के रूप में स्वीकार करते हैं और उन्हें अल्पकालीन ऋण उपलब्ध करता है। उनका मुख्य उद्देश्य अपने लाभ को अधिकतम करना है। ये व्यवसायिक बैंक 3 रूपों में खाता खोल करके जनता की बचत को स्वीकारते हैं।

(1) चालू खाता : इसके अन्तर्गत ये जमा पर कोई ब्याज नहीं देते हैं बचत खाता धारक प्रतिदिन अपनी आवश्यकतानुसार कई बार लेन–देन कर सकता है। बैंक इस पर सुविधा चार्ज लगा सकता है।

(2) बचत खाता : खाता धारक सप्ताह में 2 से 3 बार तक ही पैसे निकाल सकता है तथा जमा कई बार कर सकता है। इस शर्त के पालनकर्ता को बैंक 3.5% तब वार्षिक ब्याज देती है।

(3) मियादी खाता (Time Deposit) : इसको Fix Deposit भी कहते हैं। इसके अन्तर्गत खात धारक अपनी धनराशि को स्वेच्छानुसार निश्चित अवधि के लिए कर देता है। जिस पर समयानुसार निश्चित ब्याज दर मिलती है।

व्यापारिक बैंक : व्यावसायिक बैंकों में सबसे बड़ा बैंक SBI हैं इसकी स्थापना अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण समिति (1952) जिसे मोखाला समिति भी कहते हैं। इसने इम्पीरियल बैंक को राष्ट्रीयकृत करने का सुझाव दिया था। इसी के आधार पर 1 जुलाई, 1955 में इम्पीरियल बैंक का राष्ट्र्यकरण करके इसका नाम भारतीय स्टेट बैंक कर दिया गया।

नाबार्ड NABARD (National Bank of Agriculture and Rural Development) : स्थापना : 12 जुलाई, 1982 में की गई यह बैंक ग्रामीण विकास के लिए ऋण देता है और RBI के नियंत्रण में कार्य करता है।

शाखा बैंकिंग : एकाकी स्वामित्व एवं संस्था के अन्तर्गत दो या दो से अधिक बैंकिंग शाखाएं इसके अन्दर कार्य करती हैं। शाखा बैंक ऑस्ट्रेलिया, कनाडा तथा इण्डिया में प्रचलित हैं।

इकाई बैंक : एक कार्यालय में स्थित बैंकिंग प्रणाली है यह U.S.A. में प्रचलित है।

सर्व व्यापी बैंकिंग : जब वाणिज्यिक बैंक सामान्य बैंकिंग क्रियाओं के साथ–साथ औद्योगिक ईकाईयों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराए तब इस प्रकार के बैंक को सर्वव्यापी बैंक कहते हैं।

कोर बैंकिंग (CORE BANKING) : जब कुछ बैंकों की सेवाएँ आपस में नेट के माध्यम से जुडत्र कर एक हो जाती हैं इसी को इंटरनेट बैंक या E-Banking भी कहते हैं। इसके अनतर्गत किसी अन्य बैंक का ग्राहक अन्य में फण्ड को जमा कर या निकला सकता है।

Free Banking : एक ऐसी व्यवस्था जिसमें नोट निर्गमन का कार्य केन्द्रीय बैंक के पास नहीं होता है बल्कि सभी बैंकों को इसका अधिकार प्राप्त होता है।

नोट : स्टेट बैंक समूह की संख्या 7 से घटकर 6 हो गई क्योंकि State Bank of Indore का विलय भारतीय SB में कर दिया गया इसके पहले सौराष्ट्र बैंक का विलय SBI में कर दिया गया।

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद {जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475

Credit Card & Debit Card : Credit Card उधार देने का एक नया तरीका है। इसकी शुरुआत 1920 में U.S.A. में की गई थी। इसमें ब्याज दर सामान्य ब्याज दर से काफी ऊँचा होता है क्योंकि Credit Card बिना किसी प्रतिभूति के ऋण उपलब्ध कराती है।

Debit Card का सबसे अच्छा उदाहरण ATM (Automated Tailer Machine) है।

बैंकिंग क्षेत्र से सम्बन्धित प्रमुख समीतियाँ :

1. नरसिंम्हन समीति : 17 अगस्त, 1991 में स्थापित की गई इसका उद्देश्य बैंकिंग ढाँचा में परिवर्तन करना।
2. द्वितीय नरसिम्हन समिति : जुलाई, 1998 में गठित की गई थी जो बैंकों के कार्य दिवसों में वृद्धि हेतु सुझाव दे।
3. गोड़परिया समिति : इसके अध्यक्ष M. N. गोइपरिया थे इसकी स्थापना 1990 में की गई इसका उद्देश्य ग्राहक सेवा सुधार था।

अन्य बैंक एवं वित्तीय संस्थाएँ :

बैंक का नाम	स्थापना वर्ष	उद्देश्य/प्रमुख कार्य
भारतीय औद्योगिक ऋण व विनियोग निगम (ICICI)	जनवरी, 1955	औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन देना एवं सहायता करना।
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI)	जुलाई, 1964	दीर्घकालीन औद्योगिक वित्त प्रदान करना।
राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)	जुलाई, 1982	ग्रामीण साख प्रदान करने वाला शीर्ष बैंक।
भारतीय निर्यात–आयात बैंक (EXIM BANK)	जनवरी, 1982	विदेश व्यापार से सम्बद्ध कम्पनियों को वित्तीय सहायता व सुविधाएँ प्रदान करना।
भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक (IRBI)	मार्च, 1985	बीमार औद्योगिक इकाईयों के पुनरुद्धार के लिए वित्त मुहैया करना।
राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB)	मार्च, 1988	आवास बनाने एवं सम्पत्ति के विकास के लिए वित्त प्रदान करना, गंदी बस्तियों का पुनर्विकास आदि।
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)	अप्रैल, 1990	लघु क्षेत्र के उद्योगों का विकास व सम्वर्द्धन।

व्यापारिक बैंकों की शाखाएं (30 जून, 2009 की स्थिति) :

बैंकों के नाम	कुल बैंक शाखाएं	कुल में ग्रामीण शाखाओं का प्रतिशत
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया तथा सहयोगी बैंक	16294	34.49
राष्ट्रीयकृत बैंक	39703	33.81
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	15199	76.61
कुल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	71196	43.1
अन्य भारतीय अनुसूचित बैंक	8979	12.54
विदेशी बैंक	295	1.36
समस्त अनुसूचित बैंक	80470	39.54
गैर–अनुसूचित बैंक	44	25.00
समस्त व्यापारिक बैंक	80514	39.53

राष्ट्रीयकृत बैंक एवं उनके विज्ञापन स्लॉगन

बैंक	विज्ञापन स्लॉगन
➢ इलाहाबाद बैंक	– "A Tradition of Trust"
➢ आन्ध्रा बैंक	– "For all your needs"
➢ बैंक ऑफ बड़ौदा	– "India's International bank"
➢ बैंक ऑफ इण्डिया	– "Relationship beyond banking"
➢ बैंक ऑफ महाराष्ट्र	– "One family one bank"
➢ केनरा बैंक	– "Together we can"
➢ सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया	– "Build a better life around us"
➢ कॉरपोरेशन बैंक ऑफ इण्डिया	– "A premier Government of India Enterprise"
➢ देना बैंक	– "Trusted family Bank"
➢ IDBI बैंक	– "Banking for all"
➢ इण्डियन बैंक	– "Taking banking Technology to the comman man"
➢ इण्डियन ओवरसीज बैंक	– "Good People to grow with"
➢ ऑरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स	– "Where every Individual is committed"
➢ पंजाब नेशनल बैंक	– "The name your Bank upon"
➢ पंजाब एण्ड सिंध बैंक	– Where service is a way of" – जहाँ सेवा ही जीवन ध्येय है।
➢ स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया	– "Pure Banking Nothing else"
➢ सिंडिकेट बैंक	– "Your faithful & friendly financial partner"
➢ यूको बैंक	– "Honours your Trust"
➢ यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया	– "The Bank that begins with u"
➢ यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया	– "Good people to Bank with"
➢ विजया बैंक	– "A friend you can bank on"

प्रमुख बैंकिंग समितियाँ

समिति		क्षेत्र
➢ नरसिम्हन समिति	–	बैंकिंग सुधार
➢ चेलैया समिति	–	कर सुधार
➢ रंगराजन समिति	–	भुगतान संतुलन
➢ जानकीरमन् समिति	–	प्रतिभूति घोटाला
➢ महालनोबिस समिति	–	राष्ट्रीय आय
➢ मलहोत्रा समिति	–	बीमा सुधार
➢ भंडारी समिति	–	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सुधार
➢ आबिद हुसैन समिति	–	लघु उद्योग

बैंकिंग एवं पूँजी बाजार :

- भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम लि. (Industrial Credit and Investment Corporation of India Ltd.) का नाम बदलकर सितम्बर, 1998 में ICICI Ltd. कर दिया गया था।
- भारतीय मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का शीर्ष स्थान है।
- **मुद्रा बाजार** अल्पकालिक साख उपलब्ध कराने वाले संगठन को कहा जाता है, जबकि **पूँजी बाजार** का कार्य दीर्घकालिक साख उपलबध कराना है।
- देश में **औद्योगिक वित्त की शिखर संस्था भारतीय औद्योगिक विकास बैंक** (Industrial Development Bank of India–IDBI) है। इसकी स्थापना जुलाई 1964 में की गई थी। लघु औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना के पश्चात् यह अब केवल बड़ी व मझोली औद्योगिक इकाइयों के लिए ही वित्त एवं पुनर्वित्त (Re-finance) की व्यवस्था करता है।
- लघु औद्योगिक इकाइयों के लिए वित्त व्यवस्था करने के उद्देश्य से 2 अप्रैल, 1990 को **भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक** (Small industrial Development Bank of India–SIDBI) की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय लखनऊ में है।
- **भारती औद्योगिक पुर्निर्माण बैंक** (Industrial Reconstruction Bank of India–IRBI) की स्थापना 20 मार्च, 1985 को की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य रुग्ण तथा बन्द पड़ी औद्योगिक इकाइयों के पुनर्निर्माण हेतु वित्त उपलब्ध कराना है। इस बैंक का मुखलय कोलकाता में है।
- यूनिट ट्रस्ट ऑफ इण्डिया (UTI), जीवन बीमा निगम (LIC) तथा सामान्य बीमा निगम (GIC) भी उद्योगों को दीर्घकालिक वित्त उपलब्ध कराते हैं।
- **भारतीय यूनिट ट्रस्ट** (UTI) की स्थापना 1964 में लोगों की लघु बचतें एकत्रित करके उनके उचित एवं लाभदायक विनियोजन के उद्देश्य से की गई थी।
- भारत में सामान्य बीमा (General Insurance) व्यवसाय का राष्ट्रीयकरण 1971 में किया गया तथा **भारतीय सामान्य बीमा निगम** (General Insurance Corporation of India) की स्थापना नवम्बर 1972 में की गई थी।
- भारतीय सामान्य बीमा निगम के अन्तर्गत 4 सहायक कम्पनियाँ कार्यरत हैं। इनके नाम इस प्रकार हैं– (1) नेशनल इंश्योरेन्स कम्पनी लि., (2) न्यू इण्डिया एंश्योरेन्स कम्पनी लि., (3) ओरिएन्टल इंश्योरेन्स कम्पनी लि. तथा (4) यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेन्स कम्पनी लि.।
- **IRDA** Insurance Regulatory and Development Authority : बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण का गठन 19 अप्रैल, 2000 में किया गया यह बीमा कम्पनियाँ एवं बीमा धारकों के हित से सम्बन्धित कार्यवाही करती हैं। इसकी स्थापना के बाद बीमा कार्य निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया गया।
- **भारतीय जीवन बीमा निगम** (Life Insurance Corporation of India) की स्थापना 1 सितम्बर, 1956 को की गई थी।
- देश में कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए वित्त व्यवस्था करने हेतु शिखर संस्था **नाबार्ड** (NABARD–National Bank for Agricultural and Rural Development) है। नाबार्ड की स्थापना 12 जुलाई, 1982 को की गई थी।
- सुविधाजनक शर्तों पर आवास वित्ता उपलबध कराने के उद्देश्य से **राष्ट्रीय आवास बैंक** (National Housing Bank–NHB) की स्थापना एक शिखर संस्था के रूप में जुलाई 1988 में की गई थी।
- आयात–निर्यात के लिए वित्त व्यवस्था हेतु देश में शिखर संस्था **निर्यात–आयात बैंक** (EXIM Bank) है। इसकी स्थापना 1 जनवरी, 1982 को की गई थी।
- पर्यटन से सम्बन्धित परियाजनाओं के लिए वित्ता व्यवस्था करने हेतु **भारतीय पर्यटन वित्त निगम** (Tourism Finance Corporation of India–IFCI) की स्थापना 1989 में की गई थी।
- भारत में सहकारी बैंकों का संगठन त्रिस्तरीय है। राज्य स्तर पर राज्य सहकारी बैंक, जिला स्तर पर सहकारी बैंक अथवा केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा स्थानीय स्तर पर प्राथमिक सहकारी समितियाँ कार्य करती हैं।
- सहकारी बैंकों में राज्य सहकारी बैंकों को ही रिजर्व बैंक से पुनर्वित्त प्राप्त करने की सुविधा प्राप्त है।
- सहकारिताओं को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने वाला देश का पहला राज्य **आन्ध्र प्रदेश** है।
- RBI ने एक हजार रुपए का नोट 22 वर्षों के अन्तराल के बाद 9 अक्टूबर, 2000 को जारी किया था।
- केन्द्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अपनी कुल उधारियों का 5% सूक्ष्म साख के रूप में उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- **साख नियंत्रण के परिमाणातमक उपायों में** बैंक दर की नीति, खुले बाजार की क्रियाएं (Open Market Operations) तथा परिवर्तनशील आरक्षण अनुपात सांविधिक तरलता अनुपात (Statutory Liquidity Ratio–SLR) तथा नकद आरक्षण अनुपात (Cash Reserve Ratio) महत्वपूर्ण है, जबकि मार्जिन आवश्यकताओं में परिवर्तन, साख का राशनिंग, उपभोक्ता साख का नियमन, नैतिक दबाव व प्रत्यक्ष कार्यवाही आदि साख नियंत्रण के गुणात्मक उपाय हैं।

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद {जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475

- **बैंक दर** वह दर है जिस पर केन्द्रीय बैंक, बैंकों के प्रथम श्रेणी के बिलों की पुनर्कटौती (Rediscount) करता है। भारत में 30 अप्रैल, 2003 से बैंक दर 6.00 प्रतिशत हैं
- खुले बाजार की क्रियाओं के अन्तर्गत देश का केन्द्रीय बैंक मान्यता प्राप्त सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय–विक्रय खुले बाजार में करता है।
- नरसिंहम समिति ने अपनी सिफारिशों में सांविधिक तरलता अनुपात का उस समय के 38.5 प्रश्तिात से धीरे–धीरे घटाकर अगले पाँच वर्षों में 25 प्रतिशत तक लाने की संस्तुति की थी।
- देश के वित्तीय ढाँचे में सुधार के लिए सिफारिशें देने हेतु भारत सरकार द्वारा नरसिंहम समिति का गठन 14 अगस्त, 1991 को किया था। इस समिति ने अपनी सिफारिशें 20 नवम्बर, 1991 को प्रस्तुत कर दी थी।
- नरसिंहम समिति की सिफारिशों में देश में बैंकों का ढाँचा चार स्तरीय करने, निजी क्षेत्र में नए बैंक खोलने की अनुमति देने, बैंकों को शाखा विस्तार में स्वतन्त्रता देने, भविष्य में और बैंकों का राष्ट्रीयकरण न करने, रियायती ब्याज दरों की व्यवस्था समाप्त करने आदि की सिफारिशें शामिल थीं।

बैंकिंग से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य

पूर्णरूप से पहला भारतीय बैंक	**पंजाब नेशनल बैंक**
भारत का केन्द्रीय बैंक	**रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया**
रिजर्व बैंक के गवर्नर	**डॉ. डी. सुब्बाराव**
देश के 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण	**19 जुलाई, 1969**
छः अन्य बैंकों का राष्ट्रीयकरण	**अप्रैल 1980**
वर्तमान में राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या	**19**
भारतीय मुद्रा बाजार में शीर्ष स्थान	**रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया**
भारतीय यूनिट ट्रस्ट (UTI) का स्थापना वर्ष	**1964**
UTI का विभाजन वर्ष (UTI-I एवं UTI-II)	**2003**
नाबार्ड की स्थापना	**12 जुलाई, 1982**
SEBI की स्थापना	**अप्रैल, 1988**
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी किसान क्रेडिट कार्डों की संख्या (नवम्बर 2009 तक)	**8.78 करोड़**
सर्वाधिक सकल गैर–निष्पादनीय परिसम्पत्ति (Gross NPAs) वाला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक (मार्च 2007)	**स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (9998 करोड़ रुपए)**
सर्वाधिक शुद्ध लाभ अर्जित करने वाला राष्ट्रीयकृत बैंक (2008–09)	**PNB (2767 करोड़ रुपए)**
सर्वाधिक शुद्ध लाभ अर्जित करने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक (2008–09)	**SBI (8483 करोड़ रु.)**
PPF तथा GPF पर वार्षिक ब्याज	**9.5% (16 सितम्बर, 2010 से)**
EPF पर वार्षिक ब्याज	**9.5%**

पूँजी बाजार

पूंजी बाजार वित्तीय प्रणाली का महत्वपूर्ण अंग है। यह दीर्घकालीन कोष का बाजार है। इसमें अंश पत्रों (शेयर) तथा ऋण के माध्यम से पूंजी का लेन–देन किया जाता है। इसके दो भाग है।

1. **प्राथमिक बाजार** (Primary Market) : यह नए निर्गमनों का बाजार है इस बाजार में सभी प्रतिभुतियाँ पहली बार बिकने को आती हैं। उदाहरण– घरेलू कम्पनियों द्वारा निर्गमित (शेयर) अंश पत्र
2. सरकारी वित्तीय कम्पनियों द्वारा निर्गमित अंश पत्र
3. विदेशी वाणिज्यिक उधार
4. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश : जब कोई विदेशी कम्पनी देश के अन्दर उत्पादन हेतु भौतिक सम्पदाओं (भूमि, कारखाने, पूंजीगत वस्तुएँ) में निवेश करे तो इसे FDI कहते हैं। इससे अधिक मात्रा में विदेशी मुद्रा तथा उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी की प्राप्ति हो जाती है।

भारत में सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले देश

(1) मॉरिशस – 44.24%
(2) U.S.A. – 9.37%
(3) U.K. – 7.98%
(4) नीदरलैण्ड – 5.8% (इसे निचले जमीन का देश)

सबसे अधिक विदेशी निवेश प्राप्त करने वाले राज्य

(1) महाराष्ट्र – 22.78%
(2) दिल्ली – 13.07%
(3) तमिलनाडु – 11.03%
(4) कर्नाटक – 9.61%

F.D.I. की सीमा :

(1) भवन निर्माण
(2) रिटेल ट्रेडिंग (खुदरा व्यापार, फुटकर व्यापार)
(3) दवा
(4) विज्ञान व तकनीक
(5) होटल तथा पर्यटन तथा कुरियर सेवाओं में 100% तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की छूट है।

विज्ञान व रक्षा के क्षेत्र में 26% FDI छूट है। स्टॉक मार्केट तथा व्यवसायिक बैंकों में 49% की छूट है। F.M. रेडियो में 20% तक की छूट है।

(5) पोर्ट फोलियो निवेश (Port Folio Investment) : जब कोई विदेशी कम्पनी देश के अन्दर प्रत्यक्ष उत्पादन व वितरण का कार्य न करके यहाँ की किसी कम्पनी में शेयर के माध्यम से व्यापार में सम्मिलित हो तो इसे पोर्ट फोलियों निवेश कहते हैं। इसे निवेश सूची भी कहा जाता है।

(6) गैर प्रवासीय भारतीय (NRI) **जमाएँ** :

ADR – American Depositary Received
GDR – Global Depositary Received
IDR – Idian Depositary Received

उपरोक्त तीनों अन्तराष्ट्रीय बाजार से पूंजी उबाही का एक माध्यम है। इसके माध्यम से विभिन्न बाजारों से भारत सरकार पूंजी जुटाती है।

Secondary Market

इस बाजार के अन्तर्गत वही प्रतिभूतियाँ बिकने हेतु आती हैं जो पहले से बिकी हुई होती है। प्रतिभुतियों के विक्रय का माध्यम कानून के अन्तर्गत काम करने वाले रजिस्टर्ड स्टॉक Exchange के माध्यम से होता है। इसके अन्तर्गत राज्य सरकार सार्वजनिक व निजी संस्थाओं और संयुक्त स्टॉक कम्पनियों के पहले से बिके हुए अंशपत्र या प्रतिभूतियाँ बिकने हेतु आती हैं।

भारतीय पूँजी बाजार से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य

- **BSE (बाम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज) :** यह एशिया का सबसे पुराना बाजार है इसकी स्थापना 1875 में की गई थी। इसको 1925 में बाम्बे सिक्योरिटिज कान्टेक्ट एक्ट के तहत मिली थी। इसके कुछ महत्वपूर्ण सूचकांक है।
- **BSE Sensetive Index :** इसे सेन्सेक्स भी कहा जाता है। इसमें 30 प्रमुख कम्पनियों का शेयर शामिल है। इसका आधार वर्ष 1978–79 है।
- **BSE 200 :** इसमें 200 कम्पनियों के शेयरों का मूल्य या सूचकांक प्रदर्शित किया जाता है। इसका आधार वर्ष 1988–89 है।
- **BSE Dollex :** इसमें BSE 200 की कम्पनियों का मूल्य या सूचकांक डॉलर में दिखाया जाता है। इसका आधार वर्ष भी 1988–89 है।
- **BSE Banker :** यह एक BSE का नया सूचकांक है। इसमें 12 बैंकों का मूल्य सूचकांक प्रदर्शित किया जाता है।
- **BSE का National Index :** इसमें 100 कम्पनियों के शेयरों का मूल्य सूचकांक शामिल किया जाता है। इसका आधार वर्ष 1983–84 है।
- 29 अक्तूबर 2007 में 20,000 का आंकड़ा पार करने वाला भारत विश्व का 20वां देश बना। 10 जनवरी 2008 में BSE का सूचकांक 21206 अंक को पार कर गया था।
- **National Stock Exchange (राष्ट्रीय शेयर बाजार) :** 1991 में केरवानी समिति ने इसकी स्थापना की सिफारिश की और 1992 में इसकी स्थापना की गई इसके प्रमुख रूप से दो शेयरों की दरें प्रसिद्ध है।
- **MIBOR (Mumbai Inter Bank Offer Rate) :** यह उधार की दर है।
- **MIBID (M.I.B. BIDE Rate) :** यह प्राप्ति की दर है।

NSE का मुख्यालय भी मुम्बई में है। वर्तमान में भारत में कुल 23 मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज कार्यरत हैं।

भारत में मुद्रा पूर्ति की अवधारणा : मुद्रा पूर्ति का उद्देश्य मुद्रा पूर्ति की वृद्धि = अर्थ व्यवस्था की विकास दर मुद्रा की विलक्षणता उसकी तरलता है, जो मुद्रा को अन्य परिसम्पत्तियों से अलग कर देती है क्योंकि इसे बिना किसी हानि के मानव अपनी वांछित इच्छा में बदल सकता है और जो भी सम्पत्ति मुद्रा के रूप में नजदीक आएगी मुद्रा पूर्ति में सम्मिलित हो जाएगी।

पारम्परिक अवधारणा (Tradinational Concept) : 1977 में RBI के Working Group ने मुद्रा की निम्नलिखित अवधारणाएं दी।

$$M_1 = Cp + DD$$

Cp = Coines and currency that held by public सिक्के और पत्र मुद्रा जो घंटा अपने पास जेब में रखती है।

DD = Demand Deposits

वर्तमान में इसे बदल करके $M_1 = CP + DD + OD$ कर दिया गया है।

$$M_2 = M_1 + P.D.$$

P.D. = Post office Deposite

- **म्यूचुअल फण्ड (Mutual Fund) :** म्यूचुअल फण्ड के अन्तर्गत जन–साधारण के निवेश योग्य धन को ऐच्छिक आधार पर एकत्रित करके विनियोग के बेहतर अवसरों में प्रयोग किया जाता है। इसकी स्थापना प्रायः निवेश सम्बन्धी निर्णय लेने वाली दक्ष वित्तीय संस्थाओं द्वारा की जाती है। भारत में यूनिट ट्रस्ट ऑफ इण्डिया, स्टेट बैंक, कनारा बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया, इण्डियन बैंक तथा जीवन बीमा निगम आदि ने इस प्रकार के म्यूचुअल फण्ड स्थापित किए हैं।
- **प्रतिभूति (Security) :** प्रतिभूति एक व्यापक शब्द है। एक अर्थ में प्रतिभूति शब्द का प्रयोग प्रपत्रों के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों तथा शेयर, डिबेन्चर व अन्य ऋणपत्रों आदि के लिए किया जाता है। बैंकिंग में द्धणों की जमानत के सन्दर्भ में भी 'प्रतिभूति' काफी प्रयुक्त होता है, जहाँ प्रतिभूति से अभिप्राय उस बीमित हित से होता है, जो ऋण के भुगतान न होने की स्थिति में उत्पन्न होता है अर्थात् प्रतिभूति ऋण का बीमा होती है। बैंकों द्वारा ऋणी की व्यक्तिगत अथवा दृश्य प्रतिभूति पर ऋण प्रदान किया जाता है।
- **प्राथमिक प्रतिभूति (Primary Security) :** प्राथमिक प्रतिभूति से अभिप्राय उस प्रतिभूति से होता है, जो ऋण को मुख्यतः सुरक्षित करती है तथा यह प्रतिभूति ऋणी द्वारा प्रदत्त की जाती है।
- **सरकारी प्रतिभूतियाँ (Government Securities) :** सरकारी प्रतिीूतियों में सरकारी प्रतिज्ञा–पत्र (Government promissory notes), राष्ट्रीय बचत प्रमाण–पत्र तथा राष्ट्रीय बचत योजना, वाहक बन्धक पत्र (Bearer bounds) आदि सम्मिलित किए जाते हैं। बैंक इन प्रतिभूतियों की जमानत पर सरलता से ऋण प्रदान कर सकते हैं, क्योंकि इन प्रतिभूतियों का मूल्य स्थिर रहता है तथा ये सुरक्षित समझी जाती है।
- **सावधि जमा (Time Deposits) :** सावधि जमाओं के अन्तर्गत उन समस्त जमा राशियों को सम्मिलित कियाजाता है, जो एक निर्धारित अवधि के लिए बैंक के पास जमा की जाती हैं। यह जमा राशि विनिर्दिष्ट अवधि समाप्त होने पर देय (Repayable) होती है। बैंक ऐसी जमा राशियों पर अपेक्षाकृत ऊँची दर से ब्याज देते हैं। इस प्रकार के जमा बैंकों द्वारा प्रायः सावधि जमा खाते (Fixed Deposit Account) तथा अवर्ती जमा खाते (Recuring Deposit Account) में स्वीकार किए जाते हैं।
- **माँग जमा (Demand Deposits) :** माँग जमाओं के अन्तर्गत उन समस्त जमा राशियों को सम्मिलित किया जाता है, जो जमाकर्ता द्वारा अपनी इच्छानुसार चाहे जब वापस माँगी जा सकती हैं। बैंकों में चालू खाते (Current Account) तथा बचत खाते (Saving Account) में जमा राशियाँ माँग जमा के अन्तर्गत आती हैं।
- **बचत बैंक खाता (Savings Bank Account) :** बचत बैंक खाता उन व्यक्तियों के लिए है, जो अपनी भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी वर्तमान आय का कुछ भाग बचाकर रखना चाहते हैं। इस खाते में जमा राशि पर कुछ ब्याज भी दिया जाता है। प्रत्येक कलेण्डर महीने के दसवें दिन के अन्त से लेकर उस महीने की अन्तिम तारीख तक की अवधि में जो भी न्यूनतम जमा बाकी रहती है, उकसे आधार पर ब्याज दिया जाता है।
- **चालू खाता (Current Account) :** यह एक प्रकार का माँग जमा (Demand Deposit) खाता है जिसमें से किसी भी कार्य दिवस को अनेक बार कितनी भी राशि का लेन–देन किया जा सकता है। इन खातों में जमा राशियों पर कोई ब्याज नहीं दिया जाता, बल्कि बैंक लेन–देनों (Transactions) की संख्या के आधार पर कुछ सेवा शुल्क (Service charge) खाताधारी से वसूल करते हैं।
- **स्मार्ट कार्ड (Smart Card) :** डाक विभाग द्वारा चुनिंदा शहरों में प्रारम्भ की गई प्रीमियम बचत बैंक सेवा के अन्तर्गत प्रत्येक खातेदार को एक 'स्मार्ट कार्ड' जारी किया जाएगा, जिससे वर्तमान कागज की पासबुक व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। 'स्मार्ट कार्ड' के माध्यम से खातेदार किसी एक निश्चित डाकघर के स्थान पर विभिन्न डाकघरों में अपने खाते में धन जमा करा सकेंगे तथा निकाल सकेंगे।
- **अनिवासी (वाह्य) रुपया खाता [Non-Resident (External) Rupee Accounts] :** इस प्रकार के खाते प्रमुख व्यापारिक बैंकों में अनिवासी भारतीयों के नाम में खोले जा सकते हैं। यह खाते भारतीय रुपयों में खोले जाते हैं। खातों का मूलधन तथा उस पर अर्जित ब्याज को बिना किसी कठिनाई के जमाकर्ता को उसके देश वापस कर दिया जाता है, परन्तु रुपयों को विदेशी मुद्रा में उस दर से परिवर्तित किया जाता है, जोकि धन भेजने की तारीख को लागू होती है। इन खातों पर दिया गया ब्याज कर मुक्त होता है। ऐसे खाते अनिवासी भारतीयों (NRIs) तथा भारतीय मूल के विदेशियों द्वारा खोले जा सकते हैं। अन्य विदेशी लोगों को ऐसे खाते खोलने की अनुमति नहीं है।
- **विनिमय साध्य विपत्र (Negotiable Instrument) :** विनिमय–साध्य विपत्र एक लिखित प्रपत्र होता है, जो विधि अथवा व्यापारिक प्रथा के अन्तर्गत अन्तरित किया जा सकता है। जो व्यक्ति ऐसा प्रपत्र सद्भाव से तथा मूल्य के बदले (in good faith and for value) प्रापत करता है, उस व्यक्ति को ऐसे प्रपत्र पर समुचित स्वामित्व रखने का विशेषाधिकार प्राप्त होता है चाहे उसके अन्तरणकर्ता का उस विपत्र पर कोई स्वामित्व नहीं था अथवा दोषपूर्ण स्वामित्व था। वचन–पत्र (Promissory note), विनिमय–पत्र (Bill of exchange) तथा चेक (Cheque) की गणना विनिमय साध्य विपत्रों के अन्तर्गत की जाती है। इन विपत्रों का नियमन 'विनिमय साध्य विपत्र अधिनियम' (Negotiable Instruments Act) के द्वारा होता है।

- **'ऑन–फार्म वाटर मैनेजमेंट' (On-Farm Water Management) स्कीम** : केन्द्रीय वित्त सहायता द्वारा एक नई स्कीम 'On-Farm Water Management' मार्च 2002 में पूर्वी–भारत में फसल उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई। इस स्कीम का मुख्य उद्देश्य **'ग्राउण्ड एण्ड सरफेस वाटर'** के अत्यधिक दुरुपयोग को रोककर एवं उसके कुशल उपयोग से खाद्यान्नों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना रखा गया था, जिसमें, बाद में आर्थिक मदद 20% लाभार्थी द्वारा, 30% भारत सरकार (GOI) द्वारा एवं 50% 'NABARD' द्वारा 'Bank Loan' के रूप में रखी गई, लेकिन वर्ष 2006–07 से यह स्कीम बन्द कर दी गई है।
- **मुक्त बन्दरगाह** : मुक्त बन्दरगाह एक ऐसा पत्तन नगर है या उसका कोई भाग है जो वस्तुओं को लादने और उतारने (निर्यात एवं आयात) के लिए सीमा शुल्क या इसी प्रकार के अन्य नियंत्रणों से मुक्त होता है। मुक्त बन्दरगाह पर आयातित या निर्यातित अधिकांश वसतुएं सीमा शुल्क से मुक्त होती हैं, परन्तु कुछ विशिष्ट वस्तुओं पर सीमा शुल्क देना भी पड़ता है। इसे मुक्त क्षेत्र भी कहते हैं। हांगकांग, सिंगापुर, कोपेनहेगन (आंशिक रूप से) मुक्त पत्तन है।
- **कर, उपकर तथा अधिभार (Tax, Cess and Sur-charge) :** कर, उपकर तथा अधिभार कर की श्रेणी में आते हैं, किन्तु उपकर तथा अधिभार कर से भिन्न हैं किसी उद्देश्य विशेष की पूर्ति के लिए कर नहीं लगाया जाता, जबकि उपकर तथा अधिभार दोनों ही किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए राजस्व की उगाही के लिए लगाए जाते हैं। उपकर कर के साथ कर आधार पर ही किसी विशेष प्रयोजन के लिए लगाया गया कर है, जबकि अधिभार कर के ऊपर कर है, जिसकी गणना कर दायित्व पर की जाती है। सामान्यतया अधिभार प्रत्यक्ष कर पर लगाया जाता है, जबकि उपकर प्रत्यक्ष तथा परोक्ष कर दोनों पर लगाया जाता है। इस प्रकार सिद्धान्ततः उपकर कर आधार पर लगाया जाता है, जबकि कर भार कर दायित्व पर लगाया जाता है।

  पुनः अधिभार तथा उपकर की प्राप्ति को राज्यों के वितरण योग्य पूल (Divisible Pool) में नहीं डाला जाता। इसके राजस्व को उन उद्देश्यों पर लगाया जाता है, जिनके लिए इन्हें लगाया जाता है।
- **नकद आरक्षण अनुपात (Cash Reserve Ratio–CRR) :** रिजर्व बैंक अधिनियम की धारा 42(1) के अन्तर्गत अनुसूचित बैंकों को यह अनिवार्य है कि वे अपनी जमाराशि के कम–से–कम 3% के बराबर रकम रिजर्व बैंक के पास नकद रूप में जमा रखें रिजर्व बैंक को यह अधिकार है कि वह इस अनुपात को 3% से बढ़ाकर 15% तक कर सकता है। इस अनुपात में वृद्धि करने का परिणाम यह होता है कि बैंकों के पास नकद कोष में कमी हो जाती है जिसके कारण ऋणों और अग्रिमों की मात्रा भी कम हो जाती है। 24 अप्रैल, 2010 से भारत में यह दर 6.0 प्रतिशत है।
- **मर्चेन्ट बैंकिंग (Merchant Banking) :** वाणिज्यिक बैंकिंग के अन्तर्गत औद्योगिक तथा व्यापारिक संस्थानों को विशिष्ट प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इसमें परियोजना सम्बन्धी परामर्श (Project Counselling), व्यवहार्यता रिपोर्ट (Feasibility report) तैयार करना, प्रस्तावों पर सरकार की सहमति प्राप्त करना, नए निर्गमों (New issues) के प्रबन्धक के रूप में कार्य करना, कार्यशील पूँजी (Working capital) की व्यवस्था करना आदि बातें उल्लेखनीय हैं।
- **देशी बैंक व्यवस्था (Indigenous Banking) :** भारत में देशी बैंक व्यवस्था के अन्तर्गत सर्राफ, सेठ, साहूकार, महाजन, शेट्टी आदि को सम्मिलित किया जाता है, जो रुपया उधार देते हैं तथा हुण्डियों अथवा आन्तरिक विनिमय–पत्रों द्वारा वित्त प्रबन्ध करते हैं। देशी बैंकर अपने मित्रों तथा सम्बन्धियों से जमा भी स्वीकार करते हैं। ये रिजर्व बैंक के प्रत्यक्ष नियंत्रण में नहीं होते।
- **वैश्विक गाँव (Global Village) :** सूचना तकनीक के क्षेत्र में हुई अभूत–पूर्व क्रांति, चाहे वह उपग्रह के माध्यम से हुई हो या माइक्रोवेव से या कि कम्प्यूटर प्रणाली से, हमारे लिए एक नवीन दुनिया प्रस्तुत करती हैं। सूचना के मामले में दुनिया का आकार दिन–प्रतिदिन छोटा होता जा रहा है अर्थात् हम एक–दूसरे के अत्यधिक निकट आते जा रहे हैं। मार्शल मकलुहान इसी स्थिति को ही 'ग्लोबल विलेज' या 'विश्वस्तरीय गाँव' कहते हैं।
- **यूरो–स्टार (Euro-Star) :** इंगलैण्ड और फ्रांस को रेलमार्ग से जोड़ने के लिए समुद्र के नीचे बनाई गई सुरंग से होकर चलने वाली रेलयात्री गाड़ी को 'यूरो स्टार' का नाम दिया गया है।
- **लाफर वक्र (Laffer Curve) :** आर्ट लाफर द्वारा प्रतिपादित तथा अमरीकी जर्नलिस्ट जूड वैन्निस्की द्वारा बहुप्रचारित लाफर वक्र उस स्थिति की व्याख्या करता है जब यह मानकर चला जाता है कि यदि करारोपण की दरों को कम कर दिया जाए तो सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व में वृद्धि होगी, लेकन यह वृद्धि एक सीमा तक ही होगी। करों की दरों में इस सीमा से अधिक कमी कर दिए जाने पर करागत राजस्व में कमी आएगी। पूर्व में इसी अवधारणा को अमरीकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन तथा ब्रिटिश प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर अपना चुके हैं, लेकिन उन्हें सफलता प्राप्त नहीं हुई थी।
- **हरी पंचायत** : ग्रामीण रोजगार उपार्जन योजनाओं के अन्तर्गत उपलब्ध निधियों की सहायता से वनीकरण कार्य शुरू करने हेतु ग्राम पंचायतों को प्रेरित करने के प्रयोजन से पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा एक पुरस्कार प्रारम्भ किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत् प्रत्येक जिले में ग्राम सभा के वनीकरण के बारे में किए गए प्रयासों का 4 वर्षों के पश्चात् मूल्यांकन किया जाएगा और जो ग्राम सभा इस सम्बन्ध में सबसे अच्छा प्रदर्शन करेगी उन्हें जिले की सबसे 'हरी पंचायत' होने के लिए एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475
{जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}

- **स्वयं सहायता समूह (Self Help Group–SHG) :** भारत में स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY) का एक महत्वपूर्ण घटक (Group Approach) है। इसका सम्बन्ध गरीबों को संगठित करके 'स्वयं सहायता समूह' (SHG) का निर्माण करना है। एक स्वयं सहायता समूह में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों से सम्बन्धित 10 से 20 व्यक्ति हो सकते हैं तथा एक व्यक्ति एक से अधिक समूह का सदस्य नहीं होना चाहिए। पहाड़ी क्षेत्रों तथा रेगिस्तानी क्षेत्रों में तथा विकलांग व्यक्तियों के मामलों में यह संख्या 5 से 20 तक हो सकती है। 'स्वयं सहायता समूह' में महिलाओं के लिए वरीयता प्रदान की गई है। यह योजना एक ऋण एवं सब्सिडी योजना है, जिसमें ऋण एक प्रमुख तत्व है। भिन्न–भिन्न परिस्थितियों में सब्सिडी की सीमा परियोजनाओं लागत की अलग7अलग निश्चित की गयी है। स्वयं सहायता समूहों के लिए सब्सिडी परियोजना लागत का 50%, किन्तु अधिकतम 1.25 लाख रुपए निर्धारित की गई है। सिंचाई परियोजनाओं के लिए सब्सिडी की कोई वित्तीय सीमा नहीं रखी गई है। सब्सिडी कार्येत्तर है।
- **आउटकम बजट (Outcome Budget) :** आउटकम बजट के अन्तर्गत एक वित्तीय वर्ष के लिए किसी मंत्रालय अथवा विभाग को आबंटित किए गए बजट में अनुश्रवण तथा मूल्यांकन किए जा सकने वाले भौतिक लक्ष्यों का निर्धारण इस उद्देश्य से किया जाता है कि बजट के क्रियान्वयन की गुणवत्ता को परखा जाना सम्भव हो सके।

  भारत में केन्द्रीय सरकार ने इस नई पद्धति को वर्ष 2005–06 के बजट में प्रस्तावित किया था। इनमें पहली बार वित्त मंत्री द्वारा 25 अगस्त, 2005 को संसद में प्रस्तुत किया था। वर्ष 2005–06 के बजट में इसे केवल आयोजनागत बजट के लिए ही प्रस्तुत किया गया था, लेकिन भविष्य में इसे आयोजना भिन्न बजट में लागू करने का सरकार का इरादा है। इस प्रकार आउटकम बजट सामान्य बजट की तुलना में एक कठिन प्रक्रिया है, जिसमें वित्तीय प्रावधानों को परिणामों के सन्दर्भ में देखा जाना होता है।
- **सूचना का अधिकार अधिनियम :** किसी व्यक्ति को, जोकि सूचना पाने का इच्छुक है, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 है। इसकी प्रस्तावना में लोकतांत्रिक आदर्शों को सर्वोपरि मानते हुए माना गया है कि संवेदनशील सूचना की गोपनीयता बनाने की जानकारी को छोड़कर शेष जानकारी से नागरिकों को अवगत कराना होगा। ये सरकारी, अर्द्ध–सरकारी स्वायत्त संस्थाएं, नगर पंचायत, नगरपालिकाएं, ग्राम पंचायत इत्यादि सभी को लागू होगा।
- **स्वच्छन्द उद्योग (Footloose Industries) :** स्वच्छन्द उद्योग ऐसे उद्योग को कहा जाता है जिसे कहीं भी स्थापित किया जा सकता है अर्थातृ जिसके लिए परिवहन लागतों का कोई महत्व नहीं होता। ऐसे उद्योग कच्चे माल के स्रोत के निकट स्थापित नहीं किए जाते जैसा कि लौह एवं इस्पात उद्योग के साथ होता है। स्वच्छन्द उद्योग प्रायः विश्वविद्यालयों, अनुसंधान केन्द्रों के निकट स्थापित किए जाते हैं। ये गैर–प्रदूषणकारी उद्योग हैं।
- **ग्राम ज्ञान केन्द्र :** केन्द्र सरकार ने वर्ष 2005–06 के बजट में 100 करोड़ की लागत से ग्राम ज्ञान केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की थी। सरकार का यह कदम गाँवों और शहरों के बीच सूचना प्राप्त करने के लिए ब्रिज का कार्य करेगा। इन सूचना केन्दों पर ग्रामीणों तथा किसानों को कृषि सम्बन्धित नई जानकारी, बाजार भाव, कृषि उपज के विपणन की जानकारी, बाजार की माँग, शिक्षा, सूचना एवं संचार आदि मूलभूत जरूरतों को पूरा करेगा। हालांकि गाँवों को सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ पहुँचाने का कार्य पहले ही कुछ निजी कम्पनियों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं राज्य सरकारों द्वारा शुरू किया जा चुका है।
- **किसान काल सेन्टर :** आज के दौर में किसान काल सेन्टर बदलते ग्रामीण भारत की नई तस्वीर पेश करते हैं। इन केन्दों से ग्रामीणों और किसानों को कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन, मधुमक्खी पालन, रेशमकीट पालन एवं अन्य कृषि से सम्बन्धित व्यवसायों की आधुनिकतम जानकारी प्रदान करने के साथ ही उनका इन क्षेत्रों में आने वाली कठिनाइयों एवं समस्याओं के उचित समाधान भी सुझाए जाते है। ये किसान काल सेन्टर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित देश के आठ प्रान्तों में ग्रामीणों को बखूबी सलाह, सहायता और मार्गदर्शन कर रहे हैं। इन केन्द्रों पर उपलब्ध टोल फ्री नम्बर 1551 पर देश के किसी भी कोने से फोन पर आवश्यक जानकारी मुफ्त में प्राप्त की जा सकती है।
- **सार्वजनिक उपक्रम समिति :** सार्वजनिक उपक्रम समिति (Committee on Public Under-takings) संसद की एक मिति है जिसमें राज्य सभा से 7 तथा लोक सभा से 15 सदस्य अर्थात् कुल 22 सदस्य सम्मिलित होते हैं। इसका कार्य सार्वजनिक उपक्रमों के प्रतिवेदनों और हिसाब–किबात पर विचार करना तथा महानियंत्रक एवं लेखा परीक्षक के प्रतिवेदनों की जाँच करना है।
- **एसटीटी (सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स) :** शेयर बाजार में प्रतिभूतियों (Securities) के खरीदने या बेचने पर सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स लगता है। इसे हटाए जाने की आशा थी, लेकिन 2009–10 के बजट में इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

****

प्रमुख नियुक्तियाँ

- **शान्ता सिन्हा** : अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR)
- **वान की–मून (दक्षिण कोरिया)** : महासचिव (UNO).
- **हर्मन वान रॉम्पुई (बेल्जियम के प्रधानमंत्री)** : अध्यक्ष, यूरोपीय संघ (EU).
- **अहमद सलीम** : महासचिव, दक्षेस (SAARC)
- **एस. वाई कुरैशी** : मुख्य चुनाव आयुक्त (30 जुलाई, 2010 से)
- **डॉ. डी. सुब्बाराव** : गवर्नर (RBI)
- **पास्कल लामी (फ्रांस)** : महानिदेशक, WTO
- **अतुल कुमार राय** : सीईओ एवं एमडी, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI)
- **भूपेन्द्र कुमार राठी** : अध्यक्ष, एकाधिकार एवं प्रतिबन्धात्मक व्यापार व्यवहार आयोग (MRTPC)
- **डॉ. अमृता पटेल** : अध्यक्षा, नेशनल डेयरी डेवलपमेन्ट बोर्ड (NDDB)
- **क्रिस्टीन लगार्ड** : प्रबन्ध निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (IMF), जून 2011
- **मारग्रेट चान** : महानिदेशक, WHO
- **प्रकाश बख्शी** : चेयरमैन, सहप्रबन्ध निदेशक, NABARD (जून 2011 से अक्टूबर 2013 तक)
- **राजीव कुमार** : महासचिव, फिक्की (FCCI) (मई, 2011)
- **आर. वी. वर्मा** : अध्यक्ष, सहप्रबन्ध निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) (सितम्बर, 2010)
- **सोमपाल** : अध्यक्ष, राष्ट्रीय किसान आयोग
- **रतन टाटा** : अध्यक्ष, निवेश आयोग
- **यू. के. सिन्हा** : अध्यक्ष, सेबी (SEBI) (17 फरवरी, 2011 से)
- **आर. एम. माला** : अध्यक्ष सहप्रबन्ध निदेशक, IDBI
- **डॉ. सी. रंगराजन** : अध्यक्ष, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् (EAC) (12 अगस्त, 2009 से)
- **हारुहिको कुरोडा** (Haruhiko Kuroda) : अध्यक्ष, एशियाई विकास बैंक।
- **मारियो–ड्राघी** (इटली के Mario Draghi) : अध्यक्ष, यूरोपियन सेन्ट्रल बैंक (ECB) (1 नवम्बर, 2011 से 31 अक्टूबर, 2019 तक)
- **जुआन सोमाविया** : महानिदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन
- **प्रो. वेद प्रकाश** : अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC).
- **ममता शर्मा** : अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग (2 अगस्त, 2011 से)
- **आर. वी. कनोरिया** : अध्यक्ष, भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग परिसंघ (FICCI) अप्रैल, 2012
- **जिम योंग किम** : अध्यक्ष, विश्व बैंक
- **आर. के. उपाध्याय** : चेयरमैन सहप्रबन्ध निदेशक बीएसएनएल
- **राजेन्द्र एस. पवार** : अध्यक्ष, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एण्ड सर्विसेज कम्पनीज (NASSCOM) (2011–12 के लिए)
- **प्रतीप चौधरी** : अध्यक्ष, SBI (अप्रैल, 2011)
- **जे. एस. सरमा** : अध्यक्ष, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)
- **सिराज हुसैन** : अध्यक्ष, सहप्रबन्ध निदेशक, भारतीय खाद्य निगम (FCI)
- **नंदन निलेकणि** : अध्यक्ष, विशिष्ट पहचान संख्या प्राधिकरण (Unique Identification Authority of India)
- **मधु कन्नन** : प्रबन्ध निदेशक, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE)
- **सैम पित्रोदा** : अध्यक्ष, राष्ट्रीय ज्ञान आयोग (National Knowledge Commission)
- **आर के सिन्हा** : निदेशक, भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर (BARC)
- **एस, अय्यर** : महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् (ICAR)

TEENSTYLE

ECONOMICS

- भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए बनाई गई पंचवर्षीय योजनाओं को अंतिम रूप से कौन अनुमोदित करता है ? **–राष्ट्रीय विकास परिषद**
- भारत में एक रुपये के करेन्सी नोटों पर किसके हस्ताक्षर रहते हैं ? **–सचिव, वित्त मंत्रालय**
- भारत में सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग (रा. रा. संख्या–7) किन दो स्थानों को जोड़ता है ? **–वाराणसी और कन्याकुमारी**
- योजना आयोग का पहला अध्यक्ष कौन था ? **–पंडित जवाहरलाल नेहरू**
- किसी देश की श्रमिक शक्ति क्या होती है ? **–रोजगार के लिए उपलब्ध जनसंख्या का भाग**
- भारत में सबसे बड़ी बचत किस क्षेत्रक में होती है ? **–घरेलू क्षेत्रक**
- हवाला बाजार किससे सम्बन्धित है ? **–गैर–कानूनी विदेशी मुद्रा विनिमय**
- 'अर्थशास्त्र का पिता' किसे कहा जाता है ? **–एडम स्मिथ**
- भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ने किस वर्ष काम करना शुरू किया था ? **–1975 ई. में**
- किस भारतीय बैंक की विदेशों में सबसे अधिक संख्या में शाखाएँ हैं ? **–भारतीय स्टेट बैंक**
- भारत सरकार को राजस्व की सबसे अधिक राशि किसके जरिए प्राप्त होती है ? **–उत्पाद शुल्क**
- मुद्रा संचलन की गति किसकी सूचन है ? **–राष्ट्रीय आय से मुद्रा की मांग का अनुपात**
- भारत के प्रथम 'ट्रेड पॉइन्ट' का उद्घाटन किस शहर में किया गया ? **–नई दिल्ली**
- पचास पैसे का सिक्का कैसा मुद्रा है ? **–सीमित वैध मुद्रा**
- लॉर्ड कीन्स के अनुसार, ब्याज की दर किसकी पूर्ति और माँग द्वारा निर्धारित होती है ? **–धन/मुद्रा**
- एक एकाधिकारी अपने लाभ को अधिकतम कब करता है ? **–जब सीमान्त लागत = सीमान्त राजस्व**
- 'कोयला' क्या माना जाता है ? **–उपभोक्ता माल**
- अतिरिक्त निवेश व्यय तब तक होगा जब तक पूँजी की सीमान्त उत्पादिता– **–ब्याज की दर से अधिक हो**
- पूर्ण बाजार का यह अर्थ होता है कि– **–कई विक्रेता हैं और कई खरीददार हैं**
- 'दुर्लभ मुद्रा' क्या होती है ? **–जिसका बाहरी (विदेशी) मूल्य बढ़ रहा हो**
- वित्त आयोग की नियुक्ति कौन करता है ? **–भारत के राष्ट्रपति**
- किस मुद्रा का रुपए की दृष्टि से सबसे अधिक मूल्य है ? **–पौंड**
- उत्पाद शुल्क किस पर लगाया जाता है ? **–उत्पादन**
- मुक्त व्यापार (Free trade) का अभिप्राय है– **–अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, जिसमें माल तथा सेवाओं का अनियंत्रित आदान–प्रदान होता है**
- बैंक दर (Bank Rate) की वृद्धि से **–क्रेडिट महंगा हो जायेगा**
- सममूल्य से संबंधित होता है– **–वह दर जिस पर शेयर जारी किया जाता है**
- गौण बाजार (Secondary market) का संबंध किससे है ? **–प्रतिभूतियों की पुनः बिक्री तथा खरीद**
- बैंक दर से क्या अभिप्राय है ? **–वह दर जिस पर सेन्ट्रल बैंक वाणिज्यिक बैंकों को उधार देते हैं**
- अर्थशास्त्र में निवेश से क्या अभिप्राय है ? **–स्टॉक और डिबेंचर**
- एकमार्क किसके लिए दिया जाता है ? **–कृषि पदार्थ**
- योजना आयोग के अध्यक्ष कौन होते हैं ? **–प्रधानमंत्री**
- देश के अगम्य क्षेत्रों में स्थानीय आवश्यकताओं की अधिकतर आपूर्ति कौन करता है ? **–ग्रामीण कुटीर उद्योग**
- निवल राष्ट्रीय उत्पाद मालूम करने के लिए हम सकल राष्ट्रीय उत्पाद में से क्या घटाते हैं ? **–ह्रास**
- किसी वस्तु के लिए मांग वक्र ऊपर जाएगा, जब– **–उपभोक्ता की आय बढ़ेगी**
- एक फर्म सुतुलन–स्तर बिन्दु पर तब होती है, जब उसकी– **–सीमांत लागत = सीमांत राजस्व (आय) हो**
- मुद्रा का मुख्य कार्य किस रूप में कार्य करना है ? **–विनिमय का माध्यम**
- मुद्रा का मुख्य कार्य किस रूप में कार्य करना है ? **–विनिमय का माध्यम**
- मुद्रा के अवमूल्यन से किसका उल्लेख होता है ? **–मुद्रा के बाहरी मूल्य में कमी**
- किसी वस्तु की मांग किस पर निर्भर करती है ? **–खरीदने की शक्ति**
- भारतीय रिजर्व बैंक के करेन्सी नोट के पीछे कुछ परिसम्पत्तियाँ होती हैं, ये परिसंपत्तियाँ किसकी निर्धारित मात्रा/राशि से कम नहीं होनी चाहिए ? **–सोना और विदेशी प्रतिभूतियाँ**
- भारत सरकार के सार्वजनिक ऋण प्रचालनों को कौन संचालित करता है ? **–भारतीय रिजर्व बैंक**
- चीन की करेन्सी (मुद्रा) क्या कहलाती है ? **–यूऑन**
- 'ओपन स्काई पॉलिसी' से क्या आशय है ? **–निजी और सार्वजनिक विमान सेवा, दोनों का कार्यान्वयन**
- 'फेरा' का क्या अर्थ है ? **–विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम**
- 'एन इंक्वायरी इनर्ट द नेचर एंड कॉजिज ऑफ वैल्थ ऑफ नेशन्स' के लेखक कौन हैं ? **–एडम स्मिथ**
- ऋण नियंत्रण कार्यवाही किसके द्वारा संचालित की जाती है ? **–वाणिज्य बैंक**
- रिजर्व बैंक की स्थापना कब हुई थी ? **–1 जनवरी, 1935 को**
- 'चुंगी कर' से क्या अभिप्राय है ? **–नगर निगम क्षेत्र में माल के प्रवेश पर लगाया गया कर**
- 'मुक्त आकाश नीति' से क्या अभिप्राय है ? **–वायु परिवहन में निजी एजेंसियों को शामिल करना**

- आई. सी. आई. सी. आई. (ICICI) कैसी संस्था है ? **–वित्तीय संस्था**
- मुद्रा–स्फीति एवं मूल्य वृद्धि के काल में मुद्रा की पूर्ति– **–बढ़ जाती है**
- किसके निर्यात द्वारा सर्वाधिक विदेशी मुद्रा अर्जित की जाती है ? **–रत्न एवं आभूषण**
- एशियन विकास बैंक का मुख्यालय कहाँ है ? **–मनीला में**
- 'एम. एम. एक्स.' (MMX) टैक्नोलॉजी किसके द्वारा प्रारंभ हुई ? **–इनटेल**
- किस व्यक्ति ने 'सम्पत्ति के श्रम–सिद्धान्त' के पक्ष में समर्थन किया था ? **–जे. एस. मिल**
- दोहरी कीमत निर्धारण का क्या अर्थ है ? **–प्रशासन द्वारा निर्धारित कीमत और खुले बाजार की कीमत**
- आयात (Imports) का अधिकतम भाग कहाँ से आता है ? **– ओ. पी. ई. सी. (OPEC)**
- अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय निधि (Moneatry Fund) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ? **–वाशिंगटन डी. सी.**
- जब किसी वस्तु X की स्थानापन्न की कीमत उतरती है, तब X की माँग– **–उतरती है**
- एक 45° का पूर्ति चक्र क्या प्रदर्शित करता है ? **–इकाई लोचदार पूर्ति**
- भारत में कृषि क्षेत्र में नियुक्त श्रमिक संख्या कुल श्रमिक संख्या का कितना प्रतिशत है ? **–लगभग 64%**
- एक कृषक के द्वारा ट्रैक्टर का क्रय क्या है ? **–नियत निवेश**
- उत्पादन की दृष्टि से भारत की प्रमुख खाद्य फसल क्या है ? **–चावल**
- वस्तु–विनिमय वह पद्धति है, जिसमें– **–एक वस्तु का दूसरी वस्तु के साथ विनिमय होता है**
- जब पूर्ण उपयोगिता एक बिन्दु में अधिकतम है तब उपांत उपयोगिता कैसी होगी ? **–शून्य**
- जब कुल राजस्व के समान ही कुल लागत होती है, तब उस स्थिति को क्या कहते हैं ? **–संतुलन–स्तर बिन्दु**
- पण्य की कीमत और उसकी माँग का क्या संबंध है ? **–प्रतिलोम संबंध**
- कीमत के बढ़ने के कारण राष्ट्रीय आय के बढ़ने को क्या कहते हैं ? **–राष्ट्रीय आय मुद्रा की बढ़त**
- सरकार को जो पानी का शुल्क किसान अदा करता है, वह किसे सूचित करता है ? **–मध्यवर्ती उपभोग**
- लेखा के शब्दों में 'अंतिम माल' का क्या तात्पर्य है ? **–आरंभिक माल + निवल निवेश – पूँजीगत हानि**
- 'कोटा' क्या है ? **–आयात की मात्रा की सीमा**
- भारतीय रिजर्व बैंक के मुक्त बाजार प्रचालन का क्या तात्पर्य है ? **–प्रतिभूति का व्यापार**
- कृषि का व्यापारीकरण किसे सूचित करता है ? **–विक्रय के लिए सस्य का उत्पादन**
- माँग वक्र कीमत और माँग की मात्रा में कैसा सम्बन्ध प्रदर्शित करता है ? **–व्युत्क्रमानुपाती और प्रतिलोम**
- भारत की राष्ट्रीय आय का सबसे बड़ा अंश कहाँ से आता है ? **–प्राथमिक क्षेत्र से**
- ज्यों–ज्यों उत्पादन में वृद्धि होती है, औसत नियम लागत पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **–कम होती है**
- संघ सरकार के कर राजस्व में सबसे बड़ा स्रोत कौन–सा है ? **–सीमा शुल्क**
- यदि पेप्सी की कीमत कोक तथा 7–अप की कीमत की तुलना में घट जाए तो कोक तथा 7–अप की माँग पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? **–घट जाएगा**
- नियत लागत को और किस नाम से जाना जाता है ? **–मूल लागत**
- भारत किस देश को सबसे अधिक निर्यात करता है ? **–संयुक्त राज्य अमेरिका**
- दीर्घावधी वाली साम्यावस्था में कोई प्रतियोगी फर्म क्या अर्जित करती है ? **–अधि–सामान्य लाभ**
- उत्पादन प्रकार्य के साथ किसका संबंध है ? **–आगत व निर्गत का**
- क्लासिकी प्रणाली के अनुसार, बचत किसका प्रकार्य है ? **–कीमत स्तर का**
- वह स्थिति, जिसमें माल को तभी उपलब्ध कराया (बेचा) जाता है जबकि कीमतों में वृद्धि हो चुकी हो, तो उसे क्या कहते हैं ? **–काला बाजारी**
- ''आर्थिक अपक्षय'' सिद्धान्त के प्रवर्तक कौन थे ? **–दादाभाई नौरोजी**
- क्या प्रारंभ करने के बाद अन्न की वितरण प्रणाली दो स्तरों पर होने लगी है ? **–लक्ष्यानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली**
- भारत में चालू उपभोग के स्तर में वृद्धि के कारण एक कौन–सा भावी परिणाम होने वाला है ? **–भविष्य में अधिक पूंजी–संचय**
- किस पदार्थ का मूल्य घट जाने पर भी उसके माँग में वृद्धि नहीं होगी ? **–नमक**
- मिश्रित अर्थ–व्यवस्था किस आर्थिक प्रणाली का सन्दर्भ सूचक है ? **–जिसमें सरकारी क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र दोनों साथ–साथ काम करते हैं**
- प्रतिवर्ष 'उपभोक्ता दिवस' कब मनाया जाता है ? **–15 मार्च**
- 'काराधान के अभिनियमों' (Canons of Taxation) का प्रवर्तक कौन था ? **–एडम स्मिथ**
- राज्य सहकारी बैंकों को वित्ता प्रदान करने का कार्य कौन करता है ? **–भारतीय रिजर्व बैंक**
- भारतीय अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक में सर्वोच्च उत्पादकता है ? **–कृषि**
- राष्ट्रीय आय लेखा द्वारा किसके सम्पूर्ण आय और व्यय का अध्ययन होता है ? **–अर्थव्यवस्था**
- राज्य सरकार के राजस्व का स्रोत क्या है ? **–कृषि आयकर**
- सरकारी बजटों में जीरो बेस बजट पहले कहाँ प्रस्तुत किया गया ? **–यू. एस. ए. में**
- किस पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक आत्म–निर्भरता था ? **–चतुर्थ योजना**
- राष्ट्रीय आय के आकलन की तैयारी किसका दायित्व है ? **–केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन**
- योजना आयोग का अध्यक्ष कौन होता है ? **–प्रधानमंत्री**
- दीर्घकाल में भी भूमि पर किराया क्यों लिया जाता है ? **–इसकी पूर्ति दीर्घकाल में बेलोच होती है**

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475
{जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}

- किसी अति विकसित देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का सापेक्ष योगदान होता है ? **–अपेक्षाकृत निम्न**
- एक निश्चित सीमा के बाद वित्तीय घाटा निश्चित रूप से किसकी ओर अग्रसर होगा ? **–स्फीति**
- अर्थशास्त्र का जनक किसे कहा जाता है? **–एडम स्मिथ**
- अर्थशास्त्र में ''बाजार'' से क्या अभिप्राय है ? **–प्रतियोगिता की उपस्थिति**
- भारत में किस प्रकार की वाणिज्यीय बैंकिंग व्यवस्था है ? **–मिश्रित बैंकिंग**
- भारत में पूँजी बाजार में श्रेष्ठ बाजार का सन्दर्भ क्या है ? **–विद्यमान प्रतिभूतियों का व्यापार करने वाला बाजार**
- किसके द्वारा भारत सरकार को सर्वाधिक राजस्व प्राप्त होता है ? **–उत्पादन शुल्क**
- भारत में द्धण नियंत्रण का प्रचालन किसके द्वारा किया जाता है ? **–भारतीय रिजर्व बैंक**
- श्रम–विभाजन की सीमा क्या है ? **–कार्य–स्थान**
- नाबार्ड (NABARD) किसका नाम है ? **–कृषि सहायक विशिष्ट बैंक का**
- किस राज्य में भारत के कुल रेशमी कपड़े का 50% उत्पादन होता है ? **–कर्नाटक**
- भारत में बैंकों का पहली बार राष्ट्रीयकरण कब हुआ था ? **–1969 ई. में**
- गाँधीवादी अर्थव्यवस्था किस सिद्धान्त पर आधारित थी ? **–न्यासधारिता**
- विश्व बैंक का मुख्यालय कहाँ है ? **–वाशिंगटन डी. सी. में**
- एशिया एवं प्रशान्त के लिए आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (ESCAP) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ? **–बैंकाक में**
- किसी समुदाय के स्वास्थ्य का सबसे अधिक संवेदनशील संकेतक क्या है ? **–शिशु–मृत्यु दर**
- वर्ष 1998 में अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. अमर्त्य सेन किस आर्थिक विकास के मार्गों के पक्ष में थे ? **–कल्याण अर्थशास्त्र**
- पारिभाषिक शब्द 'उपयोगिता' से क्या अभिप्राय है ? **–किसी पण्य द्वारा प्रदत्त संतुष्टि**
- नम्य विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत विनिमय दर किसके द्वारा निर्धारित होती है ? **–विदेशी विनिमय बाजार में माँग और पूर्ति की शक्तियाँ**
- किसी उत्पाद के लिए बाजार के आकार का संदर्भ किससे होता है ? **–उत्पादक जिस भौगोलिक क्षेत्र के लिए व्यवस्था करते हैं**
- आर्थिक समस्या मुख्यतः क्यों उत्पन्न होती है ? **–संसाधनों की दुर्लभता से**
- वह ब्याज दर जिस पर वाणिज्यिक बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से धन उधार लेते हैं, उसे क्या कहते हैं ? **–बैंक दर**
- यदि किसी पण्य की माँग में परिवर्तन की दर उस पण्य की कीमत की तुलना में अधिक तीव्र हो, तो वह माँग कैसी होगी ? **–लोचदार**
- भारत में सबसे बडत्रा नियोक्ता कौन है ? **–भारतीय रेल**
- अन्त्योदय कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य क्या है ? **–ग्रामवासी निर्धनों का उत्थान**
- भारत की वित्तीय राजधानी कहाँ है ? **–मुम्बई**
- भारतीय रिजर्व बैंक किस प्रणाली के अनुसार नोट जारी करता है ? **–न्यूनतम आरक्षण प्रणाली**
- भारत ने पंचवर्षीय योजनाएँ कहाँ से ग्रहण की ? **–भूतपूर्व सोवियत सामाजवादी गणतंत्र संघ से**
- भारत में केन्द्र राज्य वित्तीय संबंधों में गाडगिल फार्मूला कहाँ प्रयोग में आता है ? **–राज्यों के बीच केन्द्रीय योजना सहायता राशि बाँटने के लिए**
- मिश्रित अर्थव्यवस्था की धारणा से क्या अभिप्राय है ? **–निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्रों का एक साथ अस्तित्व**
- सरकारी बंधपत्रों की बिक्री आय, कौन–से आय–व्ययक (बजट) शीर्षक के अंतर्गत आती है ? **–पूँजीगत प्राप्तियाँ**
- भारत के राज्यों का प्रमुख राजस्व–स्रोत क्या है ? **–भू–राजस्व**
- समस्त माँग किसका योगफल है ? **–उपभोग एवं उत्पादन का**
- माँग अधिक लोचदार कब कही जाती है ? **–जब कीमत की मामूली परिवर्तन से माँग में विशाल परिवर्तन हो जाता है**
- जनसंख्या के घनत्व का सूचक क्या है ? **–जनसंख्या–भूमि अनुपात**
- किसी आर्थिक प्रणाली में उत्कृष्ट अवस्था से क्या अभिप्राय है ? **–स्थिर विकास का प्रारम्भ**
- कीमत स्तर में वृद्धि के प्रभाव से वास्तविक मजदूरी पर क्या प्रभाव पड़ता है ? **–घट जाती है**
- किस पंचवर्षीय योजना में भारत के विकास का प्राथमिक दायित्व सरकारी क्षेत्र को स्थानान्तरित कर दिया गया था? **–प्रथम योजना**
- भारत के किस उद्योग में अधिकतम कर्मचारियों को रोजगार मिला हुआ है ? **–कपड़ा उद्योग**
- स्फीति का एक अनिवार्य लक्षण क्या है ? **–कीमत में वृद्धि**
- समाकलित ग्रामीण विकास कार्यक्रम है – **–एक साक्षरता कार्यक्रम**
- प्रथम पंचवर्षीय योजना में सर्वोच्च प्राथमिकता किसे दी गई थी ? **–कृषि को**
- जीवन–स्तर निर्धारण के लिए क्या महत्वपूर्ण है ? **–वास्तविक मजदूरी**
- समाजवादी चिंतक किस क्षेत्र में समानता के अधिकार को बढ़ाने की वकालत करते हैं ? **–आर्थिक क्षेत्र**
- यथामूल्य कर किसके अनुसार लगाया जाता है ? **–उत्पादकों द्वारा प्रदत्त मूल्य के अनुसार**
- विधि के अनुसार लोगों तथा सरकार द्वारा स्वीकार की गई मुद्रा को क्या कहते हैं ? **–वैध मुद्रा**
- उत्पादन लागत पर राष्ट्रीय आय किसके बराबर होती है ? **–निवल राष्ट्रीय उत्पाद – अप्रत्यक्ष कर + सहायता**
- उच्च सांविधिक नकदी अनुपात– **–उधार को प्रतिबन्धित (सीमित) करता है**
- उस स्थिति को क्या कहते हैं, जिसमें बहुत सी फर्में एक जैसे माल का उत्पादन करती हैं ? **–पूर्ण प्रतियोगिता**
- बेहिसाब धन का उपयोग किसी उत्पादन कार्य में करने के लिए सरकार ने कौन–सी योजना शुरू की है ? **–विशेष बेयरर बॉण्ड्स**
- कोचीन रिफाइनरी' किस क्षेत्रक के अन्तर्गत आती है ? **–संयुक्त क्षेत्रक**

- यू. टी. आई. कैसी संस्था है ?
–औद्योगिक वित्तीय संस्था
- सरकार की कर तथा व्यय सम्बन्धी नीति को क्या कहा जाता है ? **–राजकोषीय नीति**
- उस धनराशि को क्या कहा जाता है, जो किसी देश में ब्याज की अनुकूल दरें प्राप्त करने के उद्देश्य से उसमें प्रवाहित हो जाती हैं ? **–उत्प्रवाही धन (हॉट मनी)**
- भारत का वह कौन–सा बन्दरगाह है जिसे 'मुक्त व्यापार क्षेत्र' कहा जाता है ? **–कांडला**
- ''प्रत्येक को उसकी क्षमता के अनुसार, के स्थान पर प्रत्येक को उसकी आवश्यकताओं के अनुसार''– यह सिद्धान्त किसका है ? **–साम्यवाद का**
- 'टी आर आई पी एस' (TRIPS) का पूर्ण रूप क्या है ?
–ट्रेड रिलेटेड इन्टलैक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स
- सकल लाभ का क्या अर्थ है ?
–कुल व्यय पर कुल प्राप्तियाँ
- कौन–सा उद्योग सभी औद्योगिक गतिविधियों की आधार भूमि तथा 'मातृ उद्योग' माना जाता है ?
–लोहा तथा इस्पात उद्योग
- राष्ट्रीय आय लेखाकरण में निवल राष्ट्रीय उत्पादन का क्या अभिप्राय है ? **–सकल राष्ट्रीय उत्पाद–मूल्यह्रास**
- विश्व व्यापार संगठन का मुख्य उद्देश्य क्या है ?
–व्यापार प्रतिबन्धों को शनैः शनैः घटाते हुए अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के परिणाम में वृद्धि करना
- किसके अनतर्गत पूरे बाजार में एक समान कीमत प्रचलित होती है ? **–पूर्ण प्रतिस्पर्धा**
- ऐल्कोहॉली द्रवों, स्वापक औषधियों तथा अफीम पर लगाए गए शुल्क किस विभाग के अधीन आते हैं ?
–राज्य उत्पादन शुल्क
- भुगतान शेष समस्याओं को दूर करने के लिए अल्पावधिक ऋण किसके द्वारा दिए जाते हैं ? **–आई. एम. एफ.**
- कौन–सी सार्वजनिक यूरोपीय मुद्रा जारी हुई है ? **–यूरो**
- व्यावसायिक लेन–देनों से प्राप्त सफल बिक्री राजस्व पर लगाए जाने वाले कर को क्या कहा जाता है ? **–बिक्रीकर**
- तरलता अधिमान का क्या अर्थ है ?
–नकदी के रूप में परिसम्पत्तियाँ रखना
- सतत् भुगतान–शेष घाटे के कारण गिरते हुए विनिमय दर वाली मुद्रा को क्या कहा जाता है ? **–सुलभ मुद्रा**
- अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम सम्बन्धित है–
–आई. बी. आर. डी. से
- एक वर्ष में उत्पादित निर्गत का कुल निवल मूल्य क्या होता है ? **–बाजार कीमतों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद**
- भारत में विदेश व्यापार में मदों की सारणीबद्ध सूची से क्या तात्पर्य है ?
–केवल राजकीय स्वामित्व वाले उपक्रमों द्वारा आयात की जाने वाले मदें
- एकाधिकारी प्रतियोगिता का सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्षण क्या है ? **–उत्पाद विभेदन**
- भिलाई, दुर्गापुर और राउरकेला में लोहे और इस्पात के उद्योग किस पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान स्थापित किए गए थे ? **–दूसरी पंचवर्षीय योजना**
- उस सटोरिया को क्यसा कहते हैं जो इस दृष्टि से सौदों की खरीद करता है कि वह उन्हें कीमत बढ़ने पर निकट भविष्य में बेच देगा ? **–तेजड़िया (बुल)**
- उपयोगितावाद का मुख्य पक्ष समर्थक कौन है ?
–जेरेमी बैंथम
- 'नकदी रिजर्व अनुपात' जितना कम होगा, बैंकों द्वारा उधार देने की गुंजाइश उतनी ही– **–बड़ी होगी**
- भारत में राज्यों के लिए राजस्व का सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्रोत क्या है ? **–बिक्री कर**
- भारत की प्रथम पंचवर्षीय योजना में किसकी प्राथमिकता दी गई थी ? **–कृषि को**
- अर्थोपाय ऋण से क्या तात्पर्य है ?
–भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से सरकार का अस्थायी कर्ज
- साम्यवाद मुख्यतः किसका महत्व देता है ?
–आर्थिक समता को
- ''व्यापार विकास प्राधिकरण'' संस्था सम्बन्धित है–
–निर्यात संवर्धन से
- अर्थव्यवस्था में उत्पादित अन्तिम माल एवं सेवाओं के धन का मापक है– **–सकल राष्ट्रीय उत्पाद**
- सिद्धान्ततः दो देशों के बीच व्यापार किस लिए किया जाता है ? **–लागतों में तुलनात्मक अन्तरों के कारण**
- श्रम–विभाजन मुख्यतः किसका परिणाम है ?
–विशेषज्ञता का
- विभिन्न औद्योगिक फर्में मुख्यतः किसके अधीन सजातीय माल का उत्पादन करती हैं ? **–पूर्ण प्रतियोगिता**
- बहुराष्ट्रीय निगम को और क्या कहा जाता है ?
–राष्ट्रपार निगम
- उपभोक्ता किसी वस्तु की जितनी कीमत देने को तेयार है, उस कीमत तथा उसके द्वारा वस्तुतः दी गई कीमत के बीच के अन्तर को क्या कहा जाता है ?
–उपभोक्ता अधिशेष
- कम्पनी (निगम) कर किस पर लगाया जाता है ?
–कम्पनियों की निवल आय पर
- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund) का मुख्यालय कहाँ है ? **–वाशिंगटन डी. सी.**
- वाणिज्यिक बैंक क्रेडिट सृजित करते हैं–
–अपनी जमा के आधार पर
- किसी नियत अवधि के लिए कुल राष्ट्रीय उत्पादन का मुद्रा मूल्य क्या कहलाता है ? **–सकल राष्ट्रीय उत्पाद**
- बैंक द्रव्य से तात्पर्य है– **–करेंसी नोट**
- विकास के क्षेत्र में अग्रणी उद्योगों यथा–इलेक्ट्रॉनिक्स तथा जैव प्रौद्योगिकी को क्या कहा जाता है ?
–सनराइज उद्योग
- किसी विकासशील देशम ें वे स्वनियोजित लोग जो लघु श्रम–प्रधान कार्य में लगे हुए हैं। वे किस क्षेत्रक (सेक्टर) से सम्बन्धित हैं ?
–अनौपचारिक क्षेत्रक
- आई. बी. आर. डी. (International Bank for Reconstruction and Development) को और क्या कहा जाता है ? **–विश्व बैंक**
- 'ऑपरेशन फ्लड' का तात्पर्य किस उत्पादन से है ?
–दूध के उत्पादन में वृद्धि करने से
- उस सटोरिए को क्या कहा जाता है, जो इस उद्देश्य से स्टॉक को बेच देता है कि कीमत गिरने पर वह उसको पुनः खरीद लेगा ? **–मंदड़िया (बिअर)**
- समांतर अर्थव्यवस्था का उदय किसके कारण होता है ?
–कर–अनुपालन के कारण

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475
{जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.}

- जोखिम–अंकन का क्या तात्पर्य है ?
–जोखिम का बीमा कराने का कार्य
- लक्षद्वीप के लोग मूलतः कौन भाषा बोलते हैं ?
–मलयालम
- ककिस नदी के सम्बन्ध में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात का विवाद चल रहा है ? **–नर्मदा**
- एशिया और अमरीका के तटों को छूने वाला महासागर कौन है ? **–प्रशांत महासागर**
- भारत में वह फसल–मौसम कौन–सा है जो मई–जून में शुरू होता है और जिसमें धान और ज्वार, बाजरा आदि मुख्य फसलें उगाई जाती हैं ? **–खरीफ**
- 'एग्मार्क' क्या है ?
–यह श्रेणीकृत कृषिपण्यों के लिए जारी की गई एक 'विपणन सील' होता है
- 'भिलाई इस्पात संयंत्र' की स्थापना किस योजना के दौरान की गई थी ? **–द्वितीय पंचवर्षीय योजना**
- औसत आय सीमांत आय के बराबर किसमें होती है ?
–पूर्ण प्रतियोगिता में
- उस अवस्था में उत्पादन की मात्रा का निर्धारण कर लेना समझदारी का काम है, जब उद्योग चल रहा हो–
–ऋणात्मक (निगेटिव) प्रतिफल की अवस्था में
- अर्थव्यवस्था को सभी अनावश्यक नियंत्रणों एवं विनियमों से मुक्त करने का क्या तात्पर्य है ? **–उदारीकरण**
- मुद्रा–स्फीति को कैसे रोका जा सकता है ?
–मुद्रापूर्ति घटाकर
- गिरती विनिमय दर को और क्या कहा जाता है ?
–नम्य विनिमय दर
- न्यूयार्क शेयर बाजार में सूचीबद्ध की जाने वाली भारत की सबसे पहली सरकारी कम्पनी कौन है ?
–विदेश संचार निगम लिमिटेड
- आय और उपभोग के बीच संबंध को क्या कहते हैं ?
–उपभोग फलन
- संघ सरकार के राजस्व (आय) का सबसे बड़ा स्रोत क्या है ? **–केन्द्रीय उत्पाद–शुल्क**
- 'कर वाह्यता' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
–कर–भार कौन सहन करता है ?
- कुल नियत लागत वक्र कैसा होता है ? **–समस्तरीय**
- प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि को लोगों के आर्थिक कल्याण में वृद्धि का संकेत उस स्थिति में नहीं माना जाता है , जब–
–ऐसी वृद्धि जो कृषि उत्पादन में वृद्धि के परिणामस्वरूप हुई हो
- यदि X माल की कीमत कम हो जाती है और Y की माँग भी कम हो जाती है, तो **– X और Y प्रतिस्थानी हैं**
- नकदी रिजर्व अनुपात (CRR) का निर्धारण आमतौर पर किसके द्वारा किया जाता है ? **–सेंट्रल बैंकों द्वारा**
- निगम कर संघ द्वारा लगाया जाता है और उसका विनियोजन किसके द्वारा किया जाता है ?
–राज्यों तथा संघ दोनों द्वारा
- राज्य सरकार को सबसे अधिक राजस्व दिलवाने वाला कर कौन–सा है ? **–बिक्री कर**
- कीमत विभेद कब लाभदायक होता है ?
–जब दो बाजारों में माँग की लोच भिन्न–भिन्न हो
- 'माँग नियम' के अनुसार–
–जब कीमत गिरती है तब माँग बढ़ जाती है
- जब आयात और निर्यात द्वारा किसी देश में आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करने दिया जाता है, तो उस अर्थव्यवस्था को क्या कहते हैं ? **–खुली अर्थव्यवस्था**
- भौतिक आगत तथा भौतिक निर्गत के बीच सम्बन्ध को क्या कहते हैं ? **–उत्पादन फलन**
- सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग का स्वामित्व एवं प्रबन्ध किसके द्वारा किया जाता है ? **–सरकार**
- संतुलन कीमत का क्या अभिप्राय है ?
–माँगी गई मात्रा आपूर्तित मात्रा के बराबर है
- सम्पत्ति कर कैसा कर है ? **–प्रत्यक्ष कर**
- अर्थव्यवस्था के विकास के लिए केन्द्रीकृत नियोजन सर्वप्रथम किस देश में अपनाया गया था ?
–सोवियत संघ में
- मुद्रा का मुख्य कार्य क्या है ? **–मूल्य का मापन**
- 'कीमत सूचकांक' का मुख्य प्रयोजन किसमें हुए परिवर्तनों के मापने से है ? **–मुद्रा की क्रय शक्ति**
- केंद्र और राज्य के बीच कुछ कर संसाधनों के वित्तीय वितरण का निपटारा किसके द्वारा किया जाता है ?
–वित्त आयोग
- कौन–सा राज्य बैंकिंग क्रिया–कलापों को विनियमित करने में भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकार क्षेत्र से बाहर है ?
–जम्मू और कश्मीर
- आर्थिक विकास के वित्तीयन के लिए सार्वजनिक क्षेत्रक को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना किसका सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत है ? **–कर नीति का**
- उत्पादन किस पर निर्भर करता है ?
–उत्पादन कारकों की मात्रा और गुणवत्ता तथा प्रौद्योगिकी की अवस्था के सम्मिश्रण पर
- उक्त वस्तु की माँग जिसके लिए उपभोक्ता अभ्यस्त होता है, सामान्यतः कैसी होती है ? **–अलोचदार**
- यदि कोई देश उपभोक्ता–वस्तुओं को छोड़कर और कोई उत्पादन नहीं करता है, तो–
–वह शीघ्र ही गरीब बन जाएगा यदि उसका विदेश व्यापार नहीं होगा
- केन्द्र सरकार के व्यय का सबसे बड़ा मद क्या है ?
–ब्याज का भुगतान
- पेन्शन, बेरोजगारी राहत आदि के रूप में जनसाधारण द्वारा प्राप्त किए गए हित–लाभ को क्या कहते हैं ?
–अंतरण अदायगी
- भारत में बिजली की चिरकालिक कमी रही है, क्योंकि–
–बिजली की माँग बढ़ती रही है, जबकि उसका उत्पादन और वितरण नहीं बढ़ा है
- परिसम्पत्तियों को नकदी में रखने की इच्छा क्या कहलाता है ? **–तरलता अधिमान**
- माँग का नियम किसके बीच कार्यात्मक संबंध को व्यक्त करता है ? **–कीमत तथा माँगी गई मात्रा**
- उत्पादक माल को और क्या कहा जाता है ?
–पूँजीगत माल
- प्रतिस्पर्धी माल के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करने की नीति को क्या कहा जाता है ? **–टैरिफ नीति**
- मान लीजिए कि माल A और B पूरक हैं, तो A की कीमत में वृद्धि होने का क्या प्रभाव पड़ेगा ?
– B की माँग बढ़ जाएगी

- आय कर कैसा कर है ?

–प्रत्यक्ष कर

- वास्तविक सकल घरेलू उत्पादक को मापा जाता है–

–स्थिर दामों पर

- उधार ली गई निधि के प्रयोग के लिए दिए गए ब्याज को क्या कहते हैं ? **–ब्याज की मुद्रा दर (मनी रेट)**
- कुल फसल प्रतिशत के रूप में भारत में खाद्यान्न का उत्पादन है, लगभग– **– 70%**
- भारत में कुल विद्युत् शक्ति में जल–विद्युत् शक्ति का योगदान कितना है ? **–लगभग एक–तिहाई**
- उत्पादन फसल वर्णन करता है–

–आर्थिक सम्बन्ध का

- लघु उद्योगों के लिए उच्चतम वित्त निकाय कौन–सा है ?

–SIDBI (सिडबी)

- वह दर जिस पर केन्द्रीय बैंक वाणिज्य बैंकों के बिलों तथा प्रतिभूतियों का पुनर्भाजन (पुनर्बट्टा) करता है, क्या कहलाता है ? **–बैंक दर**
- निजी आधारित संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के निर्माण में रुचि क्यों नहीं लेते ?

–इसका प्रतिफल प्राप्त होने में बहुत समय लगता है

- विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई थी ?

–1955 ई. में

- भारत में गेहूँ का सबसे अधिक उत्पादन करने वाला राज्य कौन है ? **–उत्तर प्रदेश**
- दुग्ध उत्पादन में संसार में भारत का कौन–सा स्थान है ?

–पहला

- भारत में केन्द्रीय बैंक का कर्त्तव्य कौन–सा बैंक निभाता है? **–भारतीय रिजर्व बैंक**
- भारत में राष्ट्रीय आय का आकलन पहली बार किसने किया था ? **–दादाभाई नौरोजी ने**
- माँग पैदा करने के लिए जरूरत है– **–आय की**
- किसने कहा था ''अर्थशास्त्र धन का विज्ञान है'' ?

–एडम स्मिथ

- महालनोबिस मॉडल का सम्बन्ध किस पंचवर्षीय योजना के साथ जोड़ा गया है ?

–दूसरी पंचवर्षीय योजना

- भारतीय जनसंख्या के इतिहास में किस काल–अवधि को आगे की ओर एक बड़ी छलाँग कहा जाता है ?

– 1921–1931 ई.

- भारत सरकार का सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला एकमात्र स्रोत है–

–सीमा कर

- डॉ. अल्फ्रेड नोबेल द्वारा निर्धारित अक्षय निधि में से किस क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार नहीं दिया जाता है ?

–अर्थशास्त्र

- सरसों के बीज का सबसे अधिक उत्पादन करने वाला राज्य कौन है ? **–राजस्थान**
- विश्व बैंक का मुख्यालय कहाँ है ?

–वाशिंगटन डी. सी. में

- पहली राष्ट्रीय आय समिति का गठन कब किया गया था?

–वर्ष 1949 में

- जब किसी वस्तु की माँग वक्र एक्स–अक्ष के समानांतर हो, तब उस वस्तु की माँग–लोच होती है– **–शून्य**
- माँ का एक सामान्य नियम है– ''माँगी गई मात्रा बढ़ती है''–

–कीमत घटने के साथ

- भारतीय योजना आयोग का गठन कब हुआ था ?

–वर्ष 1950 में

- वस्तु के मूल्य में अधिक परिवर्तन होने पर उसकी माँग में परिवर्तन नहीं होता। इसे कौन–सी माँग कहा जाएगा ?

–पूर्णतः बेलोचदार

- चीजों की माँग में कमी या पूर्ति में वृद्धि होने पर क्या होता है ?

–चीजों की कीमतें कम हो जाती हैं

- भारत में कागजी नोट मुद्रा को जारी करने का पूर्ण अधिकार किसके पास है ?

–भारतीय रिजर्व बैंक

- 'आपरेशन फ्लड' किस कार्य से सम्बन्धित है ?

–दुग्ध उत्पादन

- प्रति वर्ष 'उपभोक्ता दिवस' कब मनाया जाता है ?

–15 मार्च

- भारतीय रिजर्व बैंक के मुक्त बाजार प्रचालन का क्या तात्पर्य है ?

–प्रतिभूतियों का व्यापार

- जवाहर रोजगार योजना किसके द्वारा क्रियान्वित की जाती है ? **–केन्द्रीय सरकार द्वारा**
- भारतीय रिजर्व बैंक करेंसी नोट जारी करता है –

–नियत न्यूनतम आरक्षण प्रणाली के अंतर्गत

- भारत में FERA का स्थान ले लिया है–

–FEMA ने

- किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा के मूल्य और कीमत स्तर के बीच कैसा सम्बन्ध होता है ?

–प्रतिलोम (इनवर्स)

- मूल्य ह्रास किसके बराबर होता है ?

–सकल राष्ट्रीय उत्पाद निवल राष्ट्रीय उत्पाद

- किसी अर्थव्यवस्था में क्षेत्रों को सार्वजनिक और निजी में किस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है ?

–उद्यमों का स्वामित्व

- स्टैगफ्लेशन स्थिति है–

–गतिरोध और मुद्रास्फीति की

- ड्रेन का सिद्धान्त (The theory of Drain) किसने प्रतिपादित किया था ?

–दादाभाई नौरोजी

- 'उपभोक्ता प्रभुत्व' का क्या अर्थ है ?

–उपभोक्ता अपनी आय को अपनी इच्छानुसार व्यय करने के लिए स्वतंत्र है

- आर्थिक विकास का सर्वोत्तम सूचकांक उपलब्ध कराया जाता है–

–वर्षा–प्रति वर्ष, प्रति व्यक्ति वास्तविक आय में वृद्धि द्वारा

- किस प्रकार के उत्पादों के लिए CACP न्यूनतम समर्थन कीमत की सिफारिश करता है ?

–कृषि उत्पाद

- प्रभावी माँग निर्भर करती है–

–पूर्ति कीमत पर

KEYSTONE

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कटरा, बांसमण्डी के सामने, इलाहाबाद
फोन नं. : 0532.3266722, 9956971111, 9235581475

सावधान

One Day की रिक्तियों को ध्यान में रखते हुए आज कई संस्थान खुल गए हैं जहाँ अनुभवहीन शिक्षक छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं।

ऐसे संस्थान सिर्फ One Day के रिक्तियों की घोषणा का इन्तजार करते हैं। यहाँ न कोई Research Work होता है न ही Material Development।

ये सिर्फ गाँव के भोले–भाले छात्रों को बरगला कर कमाई कर रहे हैं। जागरूक बने एवं हमेशा अनुभवी, प्रतिष्ठित संस्थान को चुनें, जहाँ गुणवत्ता, ईमानदारी एवं सफलता की पूजा की जाती है और जहाँ ज्ञान नहीं सेलेक्शन दिया जाता है।

THE INSTITUTE

जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.

2010-11 में **UPP, CPO, B.Ed., SSC, BANK, RAILWAY** में
सर्वाधिक Selection देने के बाद अब...

सिपाही
UP & CPO

SSC
Pre & Mains
(New Syllabus)

BANK
Clerk
(New Pattern)

OUR FACULTY

Team Maths : **S.P. Singh, K.M. Mishra, B.K. Dubey, & Vipin Sir**

Team Reasoning : **R.R. Gupta & K.N. Sir**

Team G.S.
- Hindi : **Dr. K.B. Pandey**
- Sci. & Tech. : **Ajay Singh**
- History : **V.P. Singh**
- Geography : **M.M. Khan**
- Polity : **Ashok Pandey**
- Economics : **Subhash Paul**

Team Tech. : **Pawan Shukla**

Team English
- Grammar : **R.S. Singh**
- Word Power : **C. Shekhar**

B.Ed. / T.E.T.
प्रवेश परीक्षा हेतु

सभी कोर्सों के लिए अलग-अलग एवं विशेष बैच प्रारम्भ

रेलवे टेक्निकल

प्रिंटेड नोट्स एवं प्रैक्टिस पेपर के साथ सम्पूर्ण तैयारी

Individual Maths, Reasoning & English Also Available ; CSAT – Maths + Reasoning

THE INSTITUTE
जहाँ सेलेक्शन एक जिद है.

समीर प्लाजा, मनमोहन पार्क, कट्रा, बांसमण्डी के सामने, इला0 Mob. :0532-3266722, 9956971111, 9235581475
website : www.theinstituteedu.com email : info@theinstituteedu.com

पूरी फीस, पूरी पढ़ाई, पूरा सेलेक्शन ; अधूरी फीस, अधूरी पढ़ाई, अधूरा सेलेक्शन